राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 टेस्ट सीरीज से 48 घंटे पहले कीवी गेंदबाज...

राष्ट्रपति अल्वी ने खारिज किया नेशनल... 12

वर्ष : 11 | अंक : 286 | पटना, बुधवार, 28 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 23°C
न्यूनतम तापमान 20°C

बाजार

सोना 64,105

चांदी 75,700

सेंसेक्स 73,095

निफ्टी 22,198

संक्षिप्त खबरें

बलिया सड़क हादसे में छह मौत, दस घायल

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में मंगलवार को जीप और पिकअप वाहन की भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के मासूम पुर गांव से एक लड़की का तिलक चढ़ाकर दो मार्शल जीप में सवार लोग आज भोर दोकटी क्षेत्र के भगवानपुर गांव वापस लौट रहे थे कि तभी बैरिया थाना क्षेत्र के हल्दी बैरिया बॉर्डर पर स्थित सुघर छपरा मोड पर सामने से आ रही टमाटर लदी पिकअप ने दोनों जीपों में टक्कर मार दी। इस हादसे में अमित कुमार गुप्ता, रणजीत शर्मा, यश गुप्ता, राज गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता और एक अज्ञात उम्र लगभग वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बब्बन प्रसाद गौड़, हजारी गुप्ता, रमाशंकर गुप्ता, सोनू गुप्ता, सतेन्द्र गुप्त, पंकज गुप्ता, छितेश्वर गुप्ता, अमित और परशु राम घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से चार घायलों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। शेष घायलों का इलाज बलिया जिले के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।

देश में एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का बदलाव आया: अनुराग

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित विकसित भारत@2047 सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर टेकेड (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।

सीएम नीतीश ने 903.57 करोड़ की लागत से पीएमसीएच के पुनर्विकास का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से लैस होगा पीएमसीएच

- 5540 करोड़ की लागत से 5462 बेड का बन रहा अस्पताल
- राज्य की 214 परियोजनाओं का किया लोकार्पण, 17 का किया शिलान्यास

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को 903.57 करोड़ की लागत की पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पुनर्विकास परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत नवनिर्मित भवनों सहित बिहार की 214 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मंगलवार के कार्यक्रम में पीएमसीएच के पुनर्विकास परियोजना के अलावे मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर 408.68 करोड़ रुपये की लागत से राज्य की 211 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 16 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

सीएम ने नवनिर्मित भवन के विभिन्न भागों का किया निरीक्षण : मुख्यमंत्री ने पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल पुनर्विकास परियोजना फेज-1 के अंतर्गत केंद्रीय उपयोगिता खंड में अवस्थित बाह्य रोगी विभाग का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और इसके पश्चात नवनिर्मित भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल पुनर्विकास परियोजना फेज 1 के अंतर्गत 550 शैय्या के छात्रावास भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और नवनिर्मित छात्रावास भवन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पीएमसीएच के बहुमंजिली वाहन पार्किंग भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री अपने वाहन से ही नवनिर्मित बहुमंजिली पार्किंग भवन के सबसे ऊपरी तल्ले पर गए और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान के इमरजेंसी वार्ड में गए और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पीएमसीएच परिसर में 132/33 केवी ग्रीन जीआईएस ग्रिड उपकेंद्र का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पुनर्विकास परियोजना के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य मार्च 2024 में प्रारंभ किया जा रहा है। तृतीय चरण का निर्माण कार्य भी जल्द ही शुरू किया जाएगा ताकि पुनर्विकास परियोजना को तेजी से पूरा किया जा सके। पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल राज्य का महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान है। इसके गौरवशाली इतिहास को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर इसे 5462 बेड का अस्पताल बनाया जा रहा है जिसकी कुल लागत लगभग 5540 करोड़ रुपये है। अस्पताल भवन की छत पर एयर एंबुलेंस हेतु हेलीपैड का प्रावधान किया गया है। इसे देश के सबसे बड़े अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पुनर्विकसित परियोजना के तहत पीएमसीएच को आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार मौजूद थे।

कांग्रेस के सिद्धार्थ सौरव, मुरारी गौतम व राजद के संगीता देवी सत्ता पक्ष में जा बैठी

महागठबंधन को बड़ा झटका, तीन विधायकों ने बदला पाला

कांग्रेस के दो और राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

प्रात : किरण

पटना। बिहार में महागठबंधन को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। महागठबंधन के तीन विधायकों ने अपना पाला बदल लिया है। मंगलवार को कांग्रेस के विक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरव, चेनारी विधायक मुरारी गौतम के साथ ही राजद की मोहनिया विधायक संगीता देवी सत्ता पक्ष में आकर बैठ गई। उनके इस निर्णय के बाद ट्रेजरी बेंच पर मौजूद विधानसभा के तमाम सदस्यों ने मेज थपथपा कर उनका स्वागत किया। इस घटनाक्रम में कांग्रेस को दोहरा झटका लगा है। वहीं, जन विश्वास यात्रा पर निकले पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की पार्टी राजद व महागठबंधन की मजबूती के दावे की कलई खुल गई है।

पहले पार्टी के तीन विधायकों ने राजद का साथ छोड़ा। अब एक और विधायक ने पार्टी छोड़ दी। इधर, कांग्रेस जो शुरू से दावा कर रही थी कि उसके सभी विधायक पूरी तरह एकजुट हैं, उसे भी बड़ा झटका लगा है। बिहार में उसके दो विधायकों ने पार्टी का साथ छोड़ दिया है। सिद्धार्थ सौरव पिछले काफी दिनों से पार्टी से नाराज चल रहे थे, उनकी नाराजगी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह को लेकर रही है। इससे पहले नीतीश कुमार के शक्ति परीक्षण के दौरान राजद विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव राजद को छोड़ सत्ता पक्ष के साथ चले गए थे। मंगलवार को बिहार विधानसभा में सदन की दूसरी पाली में विधायी गतिविधियां जारी थीं। इसी बीच कांग्रेस के विक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरव, चेनारी विधायक मुरारी गौतम के साथ ही राजद की मोहनिया विधायक संगीता देवी सत्ता पक्ष में आकर बैठ गई। सत्ता पक्ष के सभी सदस्यों ने मेज थपथपा कर उनका स्वागत किया।

जा सकती है सदस्यता: बिहार विधानसभा में 12 फरवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बहुमत परीक्षण के दिन राष्ट्रीय जनता दल के तीन विधायकों ने राष्ट्रीय जनता आंतरिक गठबंधन की ओर बैठकर विपक्ष को कमजोर किया था। उन तीन विधायकों की सदस्यता को लेकर अब तक संशय बना हुआ है। लेकिन अब तीन और विधायकों का महागठबंधन को झटका लगा है। कांग्रेस से मुरारी गौतम और सिद्धार्थ ने भाजपा का दामन थामा है। राजद से संगीता कुमारी ने यह रास्ता अपनाया है। दल-बदल कानून के तहत इनपर कार्रवाई तय है और तीनों की सदस्यता जाना भी पक्का है। अगर बहुमत परीक्षण से अबतक के विधायकों पर इस कानून के तहत कार्रवाई की गई तो राजद के विधायकों की संख्या 79 से घटकर 75 रह जाएगी और कांग्रेस 19 की जगह 17 पर आ जाएगी। राजद ने अब तक इनकी सदस्यता को रद्द करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है, क्योंकि ऐसा करते ही उसके विधायकों की संख्या घट जाएगी और सदन में वह सबसे बड़ी पार्टी नहीं रह जाएगी। लेकिन अब यह पक्का हो गया है कि बिहार विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी हो जाएगी। 79 की जगह उसके विधायकों की संख्या घटकर 75 होना अब पक्का ही है। वहीं, सत्ता पक्ष के कई सदस्यों का दावा है कि राजद और कांग्रेस के कई विधायक भाजपा और जदयू के संपर्क में है जो पाला बदल सकते हैं।

राजद विधायक किरण देवी के घर ईडी का छापा

प्रात : किरण

आरा/एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल विधायक किरण देवी से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने दावा किया कि अवैध रेत खनन मामले में किरण देवी और उनके पति एवं पूर्व विधायक अरुण यादव की कथित संलिप्तता से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में यह तलाशी ली गई। राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़े कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला में अरुण यादव भी केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। राजद नेता किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उनके पति अरुण कुमार यादव ने भी इसी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व (2015 से 2020 तक) किया था। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार सुबह जब ईडी अधिकारी किरण देवी के आवास पर पहुंचे तो विधायक वहां मौजूद नहीं थीं। ईडी की टीम ने भोजपुर के अगीआंव में भी विधायक से जुड़े एक परिसर में तलाशी ली। केंद्रीय जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने पिछले साल भी कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले और अवैध रेत खनन मामले में भोजपुर में अरुण यादव के परिसरों पर छापेमारी की थी। किरण देवी के पति अरुण कुमार यादव भी संदेश से विधायक रह चुके हैं। ईडी की आज की कार्रवाई से पहले जनवरी में किरण के घर पर सीबीआई दबिश दे चुकी है। बालू कारोबारी अरुण यादव को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का करीबी माना जाता है। साल 2023 में भी सीबीआई ने छापा मारा था।

नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि: उच्चतम न्यायालय

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी भी नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है और इससे संबंधित मामले में शीघ्रता से निर्णय नहीं लेने से व्यक्ति संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा। शीर्ष अदालत ने जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण से संबंधित अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताते हुए हाल ही में कहा है कि उसके सामने बम्बई उच्च न्यायालय के कई ऐसे मामले आये हैं, जिनमें जमानत या अग्रिम जमानत याचिकाओं पर शीघ्रता से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर फैसला नहीं कर रहे हैं, बल्कि विभिन्न आधारों पर मामले को टालने का एक बहाना ढूंढते हैं। पीठ ने कहा, इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि आपराधिक मामलों में क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों को जमानत, अग्रिम जमानत से संबंधित मामले पर यथाशीघ्र निर्णय लेने के हमारे अनुरोध से अवगत कराएं। पीठ ने कहा, ह्वयह कहने की आवश्यकता नहीं है कि अनुच्छेद 21 भारतीय संविधान की आत्मा है, क्योंकि एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। उसने कहा, किसी नागरिक की स्वतंत्रता से संबंधित मामले पर शीघ्रता से निर्णय न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को टालना पक्षकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उसके बहुमूल्य अधिकार से वंचित कर देगा।

समीक्षा | **पीएम ने तीन महत्वपूर्ण अंतरिक्ष बुनियादी आधारभूत परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

भारत लगातार वैश्विक क्रम में अपना कर रहा विस्तार : मोदी

- पीएम ने की मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान मिशन की समीक्षा

प्रात : किरण

तिरुवनंतपुरम/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान मिशन की प्रगति की मंगलवार को समीक्षा की और चार नामित अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की। श्री मोदी ने यहां विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा किया और करीब 1800 करोड़ रुपये की लागत से परिपूर्ण तीन महत्वपूर्ण अंतरिक्ष बुनियादी आधारभूत परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने चार नामित अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किये। इनमें ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, प्रत्येक राष्ट्र की विकास यात्रा के अपने विशेष क्षण होते हैं जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को परिभाषित करते हैं।आज भारत के लिए यह ऐसा अवसर है जब वर्तमान पीढ़ी भूमि और वायु में राष्ट्र की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर गर्व कर सकती है। भारत लगातार वैश्विक क्रम में अपना विस्तार कर रहा है और इसकी झलक देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज शिव-शक्ति प्वाइंट पूरी दुनिया को भारतीय कौशल से परिचित करा रहा है। उन्होंने चार नामित गगनयान अंतरिक्ष यात्री के परिचय को ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा , ये सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार शक्तियां हैं। चालीस साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है , हालांकि अब समय, उलटी गिनती और साथ ही रॉकेट हमारा है। उन्होंने नामित अंतरिक्ष यात्रियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नाम भारत की सफलता के साथ जुड़े हुए हैं और वे आज के देश के विश्वास, साहस, वीरता और अनुशासन का प्रतीक हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के प्रति उनके समर्पण और भावना की सराहना की और कहा कि वे भारत की अमृत पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं जो कभी हार नहीं मानती और सभी प्रतिकूलताओं को चुनौती देने की ताकत दिखाती है। गगनयान मिशन के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने प्रशिक्षण मॉड्यूल के हिस्से के रूप में योग की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, देश की शुभकामनाएं और आशीर्वाद आपके साथ हैं।

संक्षिप्त खबरें

फरार चल रहे दोनों आरोपी गिरफ्तार

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो पुराने मामले में फरार चल रहे दोनों आरोपी ने मंगलवार को कुर्की जप्ती टीम को देखकर सरेंडर कर दिया। थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया जमसौत निवासी बिट्टूकुमार अपहरण के एक मामले में आरोपित था।वहीं हाबसपुर निवासी मुकेश कुमार पास्को एक्ट में आरोपी था। दोनों पिछले साल से फरार चल रहे थे। दोनों के खिलाफ कुर्की जप्ती के लिए कारवाई करने के लिए पुलिस बल भेजा गया था। जिसको देखते हुए दोनों ने सरेंडर कर दिया।

महिला बोगी व रेल लाइन पार करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया

दानापुर। रेल स्टेशन से आरपीएफ के द्वारा अनाधिकृत रूप से महिला बोगी पर सफर करने वाले एवं रेलवे लाइन पार करने वालो के विरूद्ध मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। रेलवे सुरक्षा बल के थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में दानापुर स्टेशन पर चलाये गये अभियान में उप निरीक्षक विमल कुमार एवम अन्य पुलिस कर्मी शामिल होकर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी। जिसमें 48 लोगो को गिरफ्तार किया गया। दानापुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को रेलवे एक्ट का विशेष अभियान चलाकर ट्रेनो की महिला बोगी में यात्रा करने वाले व्यक्तियो एवं अनाधिकृत रूप से रेलवे लाइन पार करने वाले 48 लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पेंटिंग के लिए सम्मानित किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल से वीर गाथा प्रोजेक्ट 3.0 में चयनित 100 छात्र छात्राओ में दो छात्र-छात्रा ने स्थान बनाया। स्कूल के ग्यारहवीं के छात्र सुशांत एवं कक्षा सातवीं की छात्रा रिया की उसके उल्लेखनीय व अनूठी पेटिंग के लिए सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट वीर गाथा का तीसरा संस्करण शिक्षा मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के समन्वय से आयोजित किया गया था। वीर गाथा प्रोजेक्ट 3.0 में चयनित सुपर 100 छात्रों में आर्मी पब्लिक स्कूल, दानापुर कैंट ग्यारहवीं के छात्र सुशांत एवं कक्षा सातवीं की छात्रा रिया ने स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोनों प्रतिभावान छात्रों को उनकी पेंटिंग के लिए क्रमशः 10,000/- प्रत्येक पुरस्कार स्वरुप प्रदान किया। इसके लिए विद्धालय परिवार ने दोनो को शुभकामना दी। वही बिहार नौसेना इकाई जूनियर के कैडेट आर्मी पब्लिक स्कूल की शिवानी कुमारी को वार्षिक एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में उत्कृष्ट व अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए पटना एन.सी.सी. समूह द्वारा सर्वश्रेष्ठ कैडेट के खिताब से सम्मानित किया गया।

बंद घर से लाखों की हुई चोरी

फतुहा। सोनारु गांव से ही एक बंद घर से ताला तोड़कर चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। इस सन्दर्भ में घर मालकिन रिंकी देवी ने थाने में मंगलवार को शिकायत दर्ज करायी है। चोरी की घटना कब हुई, यह स्पष्ट नही हो सका है। घर मालकिन रिंकी देवी के मुताबिक वह सपरिवार कुछ दिनों से घर बंद कर बाहर गए हुए थे। सोमवार को पड़ोसी से जानकारी मिली कि घर का ताला टूटा हुआ है। घर वापस आकर देखी तो घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। बक्सा टूटा हुआ था। उसके मुताबिक चोरों ने बर्तन, टीवी व कुछ जेवरात चोरी कर लिए हैं जो लाख रुपए के आसपास की होगी।

फरार आरोपी गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाना पुलिस ने मंगलवार को शाम फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी जेठुली से की है। गिरफ्तार आरोपी जेठुली का ही परमानंद राय है। इसके विरुद्ध वर्ष 2021 में श्मशानघाट के विवाद में गोलीबारी करने का आरोप है। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। नदी थाना एसएचओ राजु कुमार ने बताया कि इनके विरुद्ध पहले से भी कई मामले दर्ज है जिसकी छानबीन की जा रही है।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

फतुहा। शहर में देवीचक स्थित आचार्य सुदर्शन स्कूल में मंगलवार को भाजपा बाढ़ संगठन जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से संयोजक डा. वरूण शर्मा की अध्यक्षता में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों स्कूली छात्र -छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर चिकित्सीय परामर्श और मुफ्त दवा का वितरण किया गया। जांच शिविर में भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, डा. शौरभ कृष्णा, डा. पूजा, स्कूल के डायरेक्टर डा. कृष्ण मोहन सिंह, प्राचार्य रवि शंकर सिंह राठौड़ सहित कई मौजूद रहे।

50 लाख रंगदारी के लिए टेंटसिटी के पास फायरिंग कर फैलाया दहशत

पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार, घटना में 7 खोखा व इस्तेमाल मोबाइल जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अपराधियों का मनोबल एक बार फिर शहरी क्षेत्र में बढ़ गया है। खासकर रंगदारी की मांग से लेकर गोली चला कर दहशत पैदा करने के मामले सामने आने लगे हैं। अभी खाजेकलां थाना क्षेत्र के कंघैया टोला में रंगदारी मांगने और गोलीबारी करने का मामला सुलझा भी नहीं है कि बाइपास थाना क्षेत्र के टेंटसिटी के पास निमार्णाधीन विवाह भवन के पास अपराधियों ने रविवार की रात दहशत पैदा करने के लिए ताबड़तोड़ गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। दरअसल मालसलामी थाना क्षेत्र के रहने वाले कुमार कौशल मरची रोड में विवाह भवन का निर्माण करा रहे हैं। उक्त भूखंड पर काम जारी रहने के कारण वहां मुंशी और मजदूर भी रहते थे। इसी दौरान अपराधियों की बुरी नजर उक्त बन रहे विवाह भवन की ओर गई। रंगदारी की राशि 50 लाख मिलने और डर एवं खौफ पैदा करने के लिए अपराधियों के द्वारा निमार्णाधीन भवन के पास रविवार की देर रात ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग की गई। जैसे ही घटना की सूचना बाइपास थाना की पुलिस को मिली, आनन-फानन पुलिस वहां पहुंची। साथ ही सहयोग के लिए मेहंदीगंज, चौक थाना आदि की पुलिस भी पहुंची। यहां एएसपी शरथ आरएस भी पहुंचे। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस के वरीय अधिकारियों की को दी गई। इसके बाद सिटी एसपी भारत सोनी के निर्देश पर विशेष टीम का गठन एएसपी के नेतृत्व में किया गया। इसमें बाइपास थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा, चौक थाना के थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा, मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष राजीव कुमार, एसएसपी कार्यालय के तकनीकी शाखा में रहे पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार और कांड के अनुसंधानकर्ता एसआई संजय कुमार के अलावा सिपाही प्रवीण कुमार और बबलू कुमार को शामिल किया गया। सिटी एसपी ने सोमवार को अपराह्न प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि रंगदारी के लिए की गई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने सात खोखा बरामद किया है। घटना को ले गठित टीम के लोगों ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें मालसलामी थाना क्षेत्र के नंदगोला का रहने वाला विकास उर्फ राजा पिता प्रदीप प्रसाद, चौक थाना क्षेत्र के धवलपुरा का रहने वाला नीतीश कुमार पिता भोला प्रसाद, हेमंत दास पिता सूरज दास और चौक थाना क्षेत्र के कौआकोह का रहने वाला दीपक पासवान उर्फ अल्लाह पिता पप्पू पासवान शामिल है। सिटी एसपी भारत सोनी ने कहा कि अपराधियों ने रंगदारी की मांग करने के लिए जेल में बंद सागर यादव की जमीन के मालिक से बात कराई और 50 लाख रुपए की मांग कराई गई। इस संबंध में पुलिस अधिकारी का कहना है कि जेल में बंद अभियुक्त को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के लिए तैयारी की जा रही है। इसके लिए जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पकड़े गए लोग जेल में बंद सागर यादव गिरोह से जुड़े हुए हैं। इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी की जा रही है। हालांकि गोलीबारी की घटना को अंजाम दिए जाने के बाद पुलिस ने आर्म्स या गोली की जब्ती नहीं कर पाई है।

राज्यपाल ने जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात

पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में आयोजित अल्पाहार कार्यक्रम के दौरान पटना, तिरहुत एवं पूर्णिया प्रमंडल के मंत्रियों,सांसदों,विधान पार्षदों व विधायकों से मुलाकात की। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव तथा उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी एवं विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।

धन्यवाद सम्मेलन में सिटी से भाग लेने जाएंगे लोग

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। चंद्रवंशी धन्यवाद सम्मेलन रविंद्र भवन में चंद्रवंशी चेतना मंच के द्वारा एक मार्च को किया जाना है। इसकी सफलता के लिए नगर निगम वार्ड 59 के पार्षद नीलम देवी के आवास पर बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता लड्डू चंद्रवंशी और संचालन नित्यानंद सिंह चंद्रवंशी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, महाराजा सिंह सोनू चंद्रवंशी, राजू करण, राजकुमार चंद्रवंशी, हरेंद्रनाथ चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, विनय कुमार बिट्टू आदि बैठक में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भीम सिंह को राज्यसभा सांसद के रूप में भेजा गया है। चंद्रवंशी समाज के द्वारा इसके लिए भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। सम्मेलन के लिए पटना सिटी से पूर्वाह्न 10 बजे सैकड़ो लोग रविंद्र भवन फोर और टू व्हीलर से पहुंचने पर चर्चा की गई।

नशा मुक्ति का पदाधिकारी बता दो व्यापारियों से 1.85 लाख ठगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अपने को नशा मुक्ति का पदाधिकारी बता कर दो व्यापारियों से एक लाख 85 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। घटना चौक थाना क्षेत्र के मोर्चा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के आसपास की है। इस संबंध में पीड़ित व्यापारियों के द्वारा चौक थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। इस संबंध में भोजपुर जिला के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मंगुरा के रहने वाले विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि वह अपने साथी दीघा टोला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले संतोष कुमार उर्फ रंजन कुमार के साथ सामान खरीदने के उद्देश्य से सोमवार को पटना सिटी आए थे। पूर्वाह्न करीब 9.35 बजे चौक थाना क्षेत्र के मोर्चा रोड के पंजाब नेशनल बैंक के पास पहुंचे ही थे। इस दौरान पहले से वहां पर तीन-चार लोग खड़ा था। जब हम सब उस रास्ते से गुजर रहे थे, तो वे लोग अपने को नशा मुक्ति का पदाधिकारी बताया। इसके बाद हम दोनों का बैग एवं थैला चेक करने लगा। इसके बाद बैग और थैला वापस कर दिया। हम दोनों कुछ दूरी पर आगे बढ़े। इसके बाद अपना- अपना बैग और थैला जांच करने लगे। इस दौरान बैग में रखा एक लाख नगद और हमारे मित्र संतोष कुमार उर्फ रंजन कुमार के झोला में रहा 85 हजार नहीं था। वह सब बैग और थैला से कब रुपया निकल लिया, हम दोनों को पता नहीं चल पाया। आपस में बात करने के बाद हम दोनों उसी स्थान पर पहुंचे, जहां वह सब अपने को नशा मुक्ति पदाधिकारी बता कर रोका था और जांच किया था।

इस बार दानापुर सुढ़ी संघ की होली मिलन समारोह अजीत बिहार लाल के नेतृत्व में होगा संपन्न

अगले बैठक में निर्धारित होगा समारोह की तारीख : विजय कुमार भोटी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। दानापुर सुढ़ी संघ की एक बैठक हुई इस बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विजय कुमार भोटी ने की इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन को विस्तार देने की चर्चा हुई एवं इस साल होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का प्रस्ताव पास हुआ इस होली मिलन समारोह के प्रभारी के रूप में संघ के पदाधिकारी अजीत बिहार लाल के नेतृत्व में संपन्न होगा इस बैठक में प्रभारी ने कहा कि सभी समाज का सहयोग मिलेगा इस बार होली समारोह का रूप ही अलग होगा इस बैठक में मुख्य रूप से पदाधिकारी पवन कुमार मंटू जी राजकुमार जी राजीव बिहार नीरज जी शंभू नाथ गुप्ता सुजीत कुमार सुनील कुमार राकेश बिहारी, अजीत बिहारी लाल, विजय जी नंदू जी रवि जी पंचम रणबीर एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

नियमित टीकाकरण आच्छादन एवं गुणवत्ता को कर रहा सुनिश्चित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। नियमित टीकाकरण शिशुओं को लगभग 12 तरह के जीवन घातक रोगों से सुरक्षित करता है। विश्व भर में प्रति वर्ष 35 से 50 लाख शिशुओं में डिप्थीरिया, इन्फ्लुएंजा, मीजिल्स, टेटनस जैसे रोगों से टीकाकरण सुरक्षा प्रदान करता है। वैश्विक स्तर पर लोक स्वास्थ्य की बुनियाद को मजबूत करने में नियमित टीकाकरण की अहम भूमिका मानी जाती है। इस दिशा में राज्य नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत आच्छादन बढ़ाने के साथ इसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास भी किया जा रहा है। श्री संजय कुमार सिंह, सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने बताया कि नियमित टीकाकरण केंद्रों की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए राज्य भर में 260 आदर्श टीकाकरण केंद्र एवं कार्नर स्थापित किए गए हैं। सभी आदर्श केन्द्रों को निजी अस्पतालों की तर्ज पर विकसित किया गया है। इन केन्द्रों को आधुनिक सुविधाओं के साथ चाइल्ड फ्रेंडली भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण सत्रों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए राज्य स्तर पर स्थापित टेली-मॉनिटरिंग सेल अहम भूमिका निभा रहा है, बिहार की शिशु मृत्यु दर 2 अंक घटकर 27 हो गई है, जिसमें नियमित टीकाकरण का बेहतर आच्छादन भी एक बड़ा योगदान है।

यूविन पोर्टल एवं टेली-मॉनिटरिंग सेल प्रभावी: राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एन. के. सिन्हा ने बताया कि नियमित प्रतिरक्षण के आच्छादन एवं इसकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रभावी पर्यवेक्षण बहुत जरुरी है। इसे ध्यान में रखते हुए यूविन पोर्टल काफी कारगर साबित हो रहा है। पोर्टल के माध्यम से कवरेज एवं टीकाकरण सत्रों की रियल टाइम जानकारी मिल रही है। साथ ही इसकी सहायता से टीकाकरण के बाद शिशुओं में होने वाली किसी प्रकार की एडवर्स इफेक्ट की मॉनिटरिंग एवं इसका शीघ्र समाधान करने में भी सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष से राज्य स्तर पर टेली- मॉनिटरिंग सेल प्रभावी तरीके से कार्य कर रहा है।

डॉ. सिन्हा ने बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर आयोजित टीकाकरण सत्रों के पर्यवेक्षण के लिए टेली-मॉनिटरिंग सेल रैंडम साईट पर कॉल करता है। कॉल के माध्यम से लाभुकों एवं सूक्ष्म कार्ययोजना की अद्यतन स्थिति का पता लगाया जाता है। साथ ही टेली-मॉनिटरिंग सेल वैक्सीन सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने में भी सहायक है। उन्होंने बताया कि राज्य में डिजिटल माइक्रोप्लान एवं डिजिटल एमसीपी (मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन) कार्ड के कारण भी सेशन साईट आयोजन योजना में सहूलियत हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य में टीका संग्रहण की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए कुल 734 कोल्ड चेन नेटवर्क क्रियाशील है।

प्रभावी टेली-मॉनिटरिंग सेल के कारण राज्य में विटामिन ए एवं एमसीपी कार्ड की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। टीकाकरण सत्रों पर पूर्व में विटामिन ए की उपलब्धता में 30% की कमी थी, जिसे दूर कर अब शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गयी है। वहीं एमसीपी कार्ड की पूर्व में 10% की अनुपलब्धता को भी पूरी तरह खत्म कर दिया गया है।

अधीक्षक को धार्मिक सजा के तीसरे दिन सरोपा व पत्र देने पर पंज प्यारों में मतभेद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पिछले साल देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब आई थीं। तब प्रोटोकॉल और विधि-व्यवस्था को लेकर दरबार साहिब से संगतों को बाहर निकाल दिया गया था और केवल अनुमति पत्र धारक को ही तख्तश्री परिसर में प्रवेश करने और रहने की अनुमति दी गई थी। इस दौरान कार्यालय के अधीक्षक दलजीत सिंह के द्वारा संगतों से ऊंची आवाज में बोले जाने के मामले को लेकर लोगों ने श्री अकाल तख्त साहिब में शिकायत दर्ज कराई थी। इसे लेकर वहां से मामले से पटना साहिब के पंज प्यारों के पास पेश होने का आदेश अधीक्षक के अलावा तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव को दिया गया था। हालांकि पत्र आने के दूसरे ही दिन 22 फरवरी को अधीक्षक दलजीत सिंह लिखित माफीनामा के साथ दरबार साहिब में पंज प्यारों के समक्ष पेश हुए। इस दौरान उन्हें तीन दिनों तक जोड़ाघर और लंगर घर में आधा-आधा घंटा सेवा करने, एक-एक घंटा कीर्तन सुनने और अंतिम दिन पांच सौ रुपए का कड़ाह प्रसाद का भोग लगाने का आदेश दिया था। जिस दिन आदेश जारी किया गया, उसी दिन से अधीक्षक ने सुनाई गई धार्मिक सजा का पालन शुरू कर दिया। 24 फरवरी को सेवा पूरी करने के बाद वह पंज प्यारों के समक्ष पेश हुए। इस दौरान अधीक्षक की सुनी गई। पंज प्यारों में भी पांच में से दो लोगों के बीच इस बात पर सहमति नहीं बनी कि इन्हें आज ही दी गई धार्मिक सजा से दोष मुक्त करने का पत्र दिया जाए। दो ग्रंथियों ने कहा कि 22 से 24 तक तीन दिनों की सेवा इन्होंने की है। ऐसे में इन्हें पत्र दूसरे दिन यानी 25 फरवरी को प्रदान किया जाए। मगर तीन अन्य में से एक ग्रंथी ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। दी गई सजा इन्होंने पूरी कर ली है, इसलिए पत्र देने में कोई हर्ज नहीं है। नतीजतन दोष मुक्ति का पत्र और सरोपा अधीक्षक को प्रदान कर दिया गया। इसके बाद उसी दिन अपराह्न में अधीक्षक दलजीत सिंह ड्यूटी ज्वाइन कर लिए। इस दौरान उन्होंने 24 फरवरी की तारीख में दो आदेश पत्र तपस/36/ई जारी किया। यह दोनों पत्र जारी होने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

रिहाइश में ठहरने वाली संगत की सुविधा व सुरक्षा को निदेश जारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के कार्यालय से दो आदेश 24 फरवरी को जारी किया गया है। इसमें यहां के रिहाइश यानी कमरों में रहने वाली संगत की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेवादारों को ईमानदारीपूर्वक ड्यूटी करने की नसीहत दी गई है। वहीं दूसरे पत्र में रिसेप्शन काउंटर पर जसविंदर सिंह टुन्नू की ड्यूटी लगाने के बाबत पत्र जारी किया गया है। पहले पत्र में कहा गया है कि रिहाइश से जुड़े सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया जाता है कि आप सभी 25 फरवरी से सराय में रहने वाली संगत की सुविधा और सुरक्षा के ख्याल से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करेंगे। इस दौरान संगत के अलावा अन्य किसी भी बाहरी व्यक्ति का रिहाइश परिसर या कमरे में प्रवेश पाए जाने पर दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आप लोगों को यह भी निर्देश दिया जाता है कि रिहाइश के रजिस्टर में प्रति कमरे में रहने वाले संगत का पूरा विवरण रहना चाहिए, जिसमें उनका पहचान पत्र संख्या और मोबाइल नंबर लिखना जरूरी है। साथ ही प्रतिदिन मध्याह्न 12 बजे से पहले चेक आउट लिस्ट तैयार कर उसके अनुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। अगली ड्यूटी पर आने वाले स्टाफ को वह सूची सुपुर्द करने के बाद ही जाएंगे। दूसरे पत्र में कहा गया है कि रिसेप्शन काउंटर पर इस दौरान संगत को कमरा उपलब्ध कराने के दौरान उनका पहचान पत्र की छाया प्रति और पूरा विवरण, रसीद एवं रजिस्टर में दर्ज करेंगे। प्रतिदिन अपराह्न दो बजे तक सभी सराय का चेक आउट लिस्ट अप टू डेट कर कमरे में रहने वाली संगत से संपर्क कर तथा सभी सराय के ड्यूटी वाले कर्मचारियों से संपर्क कर तैयार करना होगा। पहचान पत्र की छाया प्रति में रसीद संख्या, मोबाइल नंबर आदि लिखना जरूरी है।

लोक पंच के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोक पंच की स्थापना दिवस पर संस्कृति कार्यकर्म का आयोजन किया गया ,जिसमे विभिन्न प्रकार के गीतों की प्रस्तुति की गई एवं केक कटिंग किया गया। लोक पंच के गायक अभिषेक राज ने मनमोहक गानों से सब को अभिभूत कर दिया , उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत गणपति वंदना से की, लोक गीत में - जुग जुग जिया हो लालना भावना के भाग जगल हो, रहे अपनी धुन में मगन मोरे सैया, बाबा हरी हर नाथ, आदि गानों से समा बांध दिया, लोक पंच की युवा गायिका प्रिया कुमारी ने अपने गीतों से लोगों को प्रभावित किया। रजनीश पांडे ने कार्यक्रम का संचालन मजेदार ढंग से किया। लोक पंच के कलाकारों ने बहुत सारी प्रस्तुति दी। लोक पंच के वरिष्ठ सदस्य फिल्म निर्देशक विजेंद्र महाजन ने लोक पंच को शुभकामना दी। इस अवसर पर लोक पंच के अध्यक्ष रामकुमार सिंह, उपाध्यक्ष कुमार रोहित, संस्थापक सदस्य संजय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष निरू कुमारी, रजनीश पांडे, डॉ विवेक ओझा, कृष्ण देव, अभिषेक राज, रोहित कुमार, प्रिया कुमारी, सोनल कुमारी, कुमारी आरती, देवयंक महिवाल आदि मौजूद थे।

कोल्हू प्लस का आउटलेट खुला

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। गुजरी बाजार स्थित जीनत मार्केट में कोल्हू प्लस ब्रांड सरसों तेल का आउटलेट काउंटर मंगलवार को खोला गया। इसका उद्घाटन मेयर सीता साहू ने फीता काटकिया। मौके पर उन्होंने कहा की पेट से संबंधित अधिकांश बीमारियां खराब तेल या रिफाइन के उपयोग से होती है। ऐसे में यदि शुद्ध सरसों का तेल मिल जाए, तो एक ओर जहां जायका स्वादिष्ट होगा, वहीं सेहत भी तंदुरुस्त रहेगा। निदेशक मो सिकंदर आलम ने बताया कि यह उनका अपना आउटलेट है। वैशाली के हाजीपुर में कंपनी का प्लांट है। फिलहाल अभी बिहार में वितरण शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि तेल एक किलो के पाउच समेत पांच, 10 व 15 लीटर के जार में उपलब्ध है। मौके पर डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद नीलम कुमारी, मो नौशाद अहमद, राजू मेहता, फैजुर रहमान, बलराम चौधरी, शरीफ रंगरेज, लड्डू चंद्रवंशी, मेराज जेया, इरशाद दानिश आदि मौजूद थे।

शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस मनाई गई

पटना पालीगंज में चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पालीगंज के चंढौस हाई स्कूल के परिसर में स्थापित चबूतरा पर शहादत समारोह का आयोजन किया। इस समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ राजकिशोर प्रसाद सिंह ने की शुरूआत में चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी उसके बाद मौके पर उपस्थित छात्रों ने क्रांतिकारी देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की। शहादत समारोह को संबोधित करते हुए एस यू सी आई (कम्युनिस्ट) के पटना जोन प्रभारी सूर्यकर जितेंद्र ने कहा कि जिस सपने को लेकर चंद्रशेखर आजाद अपनी शहादत दी थी, आजादी के 76 साल बाद भी अधूरा है। वे समाज में गरीबों, मजदूरों, किसानों की पीड़ा को महसूस किया था। अंग्रेजों के अत्याचार को देखा था। इसीलिए उन्होंने क्रांतिकारी रास्ते को चुना। देश की स्वतंत्रता संग्राम दो हिस्सों में विभक्त था, समझौतावादी और गैर समझौतावादी। शहीद चंद्रशेखर आजाद गैर समझौतावादी धारा के सशक्त प्रतिनिधि थे। वे समाजवाद में विश्वास ही नहीं बल्कि अपने देश में समाजवाद कायम करना चाहते थे। वे समझ पाए थे कि जब तक देश में मजदूरों का राज यानी समाजवाद कायम नहीं होगा, तब तक मजदूर, किसानों, गरीबों और आम जनता को समस्याओं से मुक्ति नहीं मिलेगी। आज लोगों को शिक्षा नहीं मिल रही है। इलाज का अभाव है। बेरोजगारी अपने चरम पर है, महंगाई चरम पर है। समारोह को सेवानिवृत शिक्षक कृष्ण देव प्रसाद सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विश्वनाथ प्रसाद, नागेश्वर मिस्त्री, सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

प्रदेश की सामाजिक समरसता खत्म करने की हो रही साजिश : प्रभाकर

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने मंगलवार को तेजस्वी यादव की जनविश्वास यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी जन विश्वास यात्रा जन विनाश यात्रा साबित हो रही है। जहां से यह यात्रा गुजरती है, वहां धार्मिक उन्माद की स्थिति बन रही है। असल में इस यात्रा का मकसद ही समाज का आपसी सद्भाव और समरसता को खत्म करना है। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार में आपसी सद्भाव का माहौल बिगाड़ने में विपक्षी गठबंधन का शातिराना दिमाग काम कर रहा है। एनडीए सरकार के गठन में कुछ खेला तो हो नहीं पाया, अब राजद के शीर्ष नेता लोकसभा चुनाव के पहले कुछ ऐसा खेला करा देना चाहते हैं, जिससे आमजनों के आपसी रिश्ते में कटुता आ जाए और उसका राजनीतिक लाभ 'ठगबंधन' को मिल जाए। वैसे इस तरह की शातिराना हरकत करने वाले नेताओं को यह जानना व समझना जरूरी है कि बिहार में एनडीए की सरकार है।

यह डबल इंजन की सरकार है। उन सबों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। श्री मिश्र ने कहा कि जब से राजद के शीर्ष नेता जन विश्वास यात्रा पर निकले हैं, तब से राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में साम्प्रदायिक सद्भाव को तोड़ने की साजिश शुरू हो गई है। बेगूसराय में भगवा ध्वज में आग लगाने, सुपौल में बजरंगबली की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ व गोपालगंज में धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने की घटना इसी साजिश का हिस्सा है। बिहार को लूटने वाले ठगों की इस हरकत को सूबे की जनता देख और समझ रही है। महागठबंधन की तुष्टीकरण की नीति कभी सफल नहीं होगी। लोकसभा चुनाव में राज्य की जनता ठगबंधन का सुपड़ा साफ कर जबाब देगी।

महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा बरौनी जं. का किया गया निरीक्षण

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा बरौनी जं. का निरीक्षण किया गया । उन्होंने बरौनी जं. के प्लेटफॉर्म पर साफ-सफाई का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ड्यूटी पर उपस्थित रेलकर्मियों से संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के संबंध में पूछताछ की तथा आवश्यक निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद तथा मुख्यालय के उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे ।

जनविश्वास महारैली को लेकर किया नुक्कड़ सभा

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। पटना में आयोजित होने वाले जनविश्वास महारैली को लेकर मंगलवार को शहर के दरियापुर कबीर मठ के पास राजद कार्यकताओं द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राजद कार्यकताओं ने लोगों से 3 मार्च को पटना में हो रही जन विश्वास महारैली मे आने का निमंत्रण दिया और कहा कि 17 साल बनाम 17 महीने में रोजगार देकर तेजस्वी यादव ने जो लकीर खींची है। इस काम से बिहार के सर्व समाज सभी जाति के युवा तेजस्वी यादव को 2025 में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। मौके पर मनोज यदुवंशी प्रदेश सचिव राजद पंचायती राज, नगर अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह, महंत परमानंद दास, धर्मवीर यादव, मोहन ठाकुर, डॉ उमेश यादव, मो. राजू सहित दर्जनों कार्यकताओं ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार : सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का बढ़ा भरोसा

राज्य सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें करा रही उपलब्ध

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 में सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए मुफ्त दवा उपलब्ध करायी जा रही है। इलाज की बेहतर व्यवस्था कराई गई है जिससे सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का भरोसा बढ़ा है। आईजीआईएमएस पटना, एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर एएनएमसीएच, गया और दरभंगा मेडिकल कॉलेज जैसे अस्पतालों का विस्तार कर विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है ताकि लोगों को मजबूरी में इलाज के लिए अपने शहर से बाहर नहीं जाना पड़े। बिहार के कई जिलों में एएनएम और जीएनएम कॉलेज खोले गये हैं। राज्य सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को 903.57 करोड़ की लागत की पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पुनर्विकास परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत नवनिर्मित भवनों सहित बिहार की 214 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मंगलवार के कार्यक्रम में पीएमसीएच के पुनर्विकास परियोजना के अलावे मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर 408.68 करोड़ रुपये की लागत से राज्य की 211 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 16 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 903.57 करोड़ की लागत से पीएमसीएच के पुनर्विकास का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर सीएम ने नवनिर्मित भवनों व अन्य कार्यो का लिया जायजा। साथ में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, विधायक नितिन नवीन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि, स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार, पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ आईएस ठाकुर, इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान के निदेशक सुनील कुमार सहित अन्य चिकित्सकगण एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुंबई में आयोजित एम्यूजमेंट एक्सपो में भाग ले रहा है बिहार पर्यटन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना/मुंबई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ एम्यूजमेंट पार्क एंड इंडस्ट्रीज के 22 वें एम्यूजमेंट एक्सपो में भाग लेने के लिए बिहार पर्यटन की टीम इन दिनों मुंबई में है। बिहार में वैशाली और मुंगेर के भीमबांध में एम्यूजमेंट पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। इस हेतु अध्ययन और विश्वभर से आए विशेषज्ञों से फीडबैक के लिए अभिजीत कुमार, महाप्रबंधक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के नेतृत्व में बिहार पर्यटन की टीम मुंबई में आयोजित हो रहे एक्सपो में भाग ले रही है। एक्सपो में बिहार में दो एम्यूजमेंट पार्क निर्माण हेतु बड़े व्यवसायियों को निवेश हेतु प्रोत्साहित और आकर्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही बिहार की नयी पर्यटन नीति के इन्सेंटिव्स की भी जानकारी पर्यटन उद्योग से जुड़े निवेशकों को दी जा रही है। बिहार पहली बार इस तरह के किसी आयोजन में भाग ले रहा है। 27 से 29 फरवरी 2024 तक बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, मुंबई में आयोजित हो रही यह प्रदर्शनी भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा समर्थित है। यह प्रदर्शनी भारत में यात्रा और मनोरंजन के लिए इस बढ़ते उद्योग मनोरंजन पार्क, थीम पार्क, वॉटर पार्क आदि के बारे जानकारी साझा करने हेतु नवप्रवर्तकों और हितधारकों को एक ही छत के नीचे लाता है। एक्सपो अत्याधुनिक उत्पादों, सेवाओं और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। एक्सपो में भारत के विभिन्न राज्यों से 165 से अधिक प्रदर्शक और ऑस्ट्रेलिया, बुल्गारिया, कनाडा, चीन, दुबई (यूएई), जर्मनी, हांगकांग, इटली, लिकटेंस्टीन, फिलीपींस, रूस, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका से 35 विदेशी कंपनियां शामिल हो रही हैं।

जनविश्वास यात्रा का कहीं कोई असर नहीं : उमेश

- जदयू प्रदेश अध्यक्ष बोलें- क्षमा यात्रा निकाले राजद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने लालू एंड फैमिली को देशभर में भ्रष्टाचार का प्रतीक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन और सत्ता का दुरुपयोग कर अपने तिजोरी को भरने की परंपरा लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में आरंभ हुई थी और लालू परिवार ही देश का एकमात्र ऐसा राजनीतिक परिवार है जिनके सभी सदस्यों पर भ्रष्टाचार के एक नहीं बल्कि अनेक संगीन आरोप हैं। गरीबों की गाढ़ी कमाई को लूटकर लालू परिवार ने भ्रष्टाचार का नया मानक स्थापित किया है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने तंज कसते हुए कहा कि

जनविश्वास यात्रा पर निकले तेजस्वी प्रसाद यादव को अपने परिवार के पाप कर्मों का प्रायश्चित के लिए प्रदेशभर में क्षमा यात्रा निकालने की जरूरत है। लालू सरकार के शासन में हुए दर्जनों भ्रष्टाचार ने बिहार के आर्थिक कमर को तोड़ने का काम किया। इसके लिए लालू परिवार को बेगैर शर्त बिहार की समस्त जनता से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में राजनीतिक लाभ लेने के मकसद से राजद द्वारा निकाली गई जनविश्वास यात्रा का कहीं कोई असर नहीं है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बौखलाया हुआ विपक्ष एनडीए गठबंधन से मुकबला करने की स्थिति में नहीं है। जनता के सामने सिर्फ दो विकल्प है, एक तरफ भ्रष्टाचारियों और वंशवादियों का कुनबा है। वहीं दूसरी तरफ सामाजिक न्याय के साथ विकास की निस्वार्थ विचारधारा है। विपक्ष के लिए अपना परिवार सर्वोपरि है और हमारे लिए बिहार की 13 करोड़ जनता ही पूरा परिवार है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता होशियार और समझदार है, राजनीतिक फ्रॉड करने वालों को भलीभांति पहचानती है। अपने स्वार्थ की राजनीति करने वालों पर जनता पुनः विश्वास नहीं करेगी।

राजद शासन काल की उपलब्धियां गिनाएं तेजस्वी : राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि केवल नीतीश कुमार की कृपा से दो बार उप-मुख्यमंत्री बनने वाले तेजस्वी यादव आज भी अपनी राजनीतिक गाड़ी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम से ही खींच रहे हैं। उनमें न तो लालू-राबड़ी राज की उपलब्धियों को गिनाने की हिम्मत है और न ही नीतीश सरकार के कामों से उनकी तुलना करने की। यह दिखाता है कि उनके पास अपना कुछ बताने को है ही नहीं। उनका पूरा राजनीतिक वजूद नीतीश सरकार की उपलब्धियों का झूठा श्रेय लेने तक सिमट गया है। उन्होंने कहा कि राजद नेता में यदि हिम्मत हो उन्हें बताना चाहिए कि जहां नीतीश सरकार में महिलाओं को शिक्षा विभाग में में 50 प्रतिशत और सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण मिला। वहीं लालू-राबड़ी राज में उन्हें क्या मिलता था? नीतीश सरकार ने महिलाओं को पंचायती चुनावों में भी 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया. तेजस्वी जी को बताना चाहिए राजद के राज में कितनी महिलाओं को आरक्षण मिला? उन्होंने पूछा कि नीतीश सरकार के कामों से आम बिहारवासियों के जीवनस्तर में सुधार हुआ है, वहीं राज्य की प्रति व्यक्ति आय भी लगातार बढती हुई है। इसी तरह नीतीश राज में बिहार की गरीबी उन्मूलन की दिशा में भी अभूतपूर्व काम हुआ है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि राजद राज में जहां सड़कों का अलकतरा तक चोरी हो जाता था वहीं आज बिहार के कोने-कोने में सड़कों का जाल बिछ चुका है।

जन विश्वास रैली को लेकर जोरदार तैयारी : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि महागठबंधन के आह्वान पर भाजपा हटाओ देश बचाओ नारे के साथ तीन मार्च 2024 को पटना के गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास रैली की तैयारी में पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पटना, बेगूसराय, मधुबनी सहित सभी जिला परिषद की बैठकें आयोजित कर कार्य योजना तैयार कर ली गई है। गांव गांव बैठकों का दौर शुरू हो गई है।रैली को लेकर आमलोगों में काफी उत्साह है। पार्टी के सभी नेता जिलों में कैंप किये हुए हैं। राजद नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव की सभा और रोड शो में भाकपा कार्यकताओं की अत्यधिक भागीदारी हो रही है। जनता केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली जन विरोधी सरकार से उब चुकी है और आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाने का मन बना लिया है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से जन विरोधी भाजपा को हटाने में बिहार तथा देश में महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने के लिए मुकम्मल कानून बनाया जाने, महंगाई रोकने, रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को कम करने तथा लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए महागठबंधन के द्वारा जन विश्वास महारैली पटना के गांधी मैदान में 03 मार्च को आयोजित की गई है। इस रैली को सफल बनाने में भाकपा की महती भूमिका है। भाकपा राज्य सचिव ने बिहार की आम अवाम से तीन मार्च आयोजित महागठबंधन की रैली में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

तमिलनाडु में रालोमो की इकाई गठित

- टी एस दासप्रकाश बने अध्यक्ष

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने पार्टी का विस्तार करते हुए तमिलनाडु में इकाई का गठन किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक के मुताबिक टी एस दासप्रकाश को पार्टी की तमिलनाडू इकाई का अध्यक्ष और पीएम विजयचंद्रण को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। टीएस दासप्रकाश ने पटना में मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा से मुलाकात की। श्री कुशवाहा ने उम्मीद जताई कि तमिलनाडु में दासप्रकाश के नेतृत्व में पार्टी मजबूती से काम करेगी और पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाएगी। मल्लिक ने बताया की दासप्रकाश जदयू से जुड़े थे और श्रमिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष थे। दासप्रकाश के अध्यक्ष बनने पर प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा, नितिन भारती, ई हेमन्त कुमार, अख्तर नेहाल, पप्पू वर्मा, ई रोशन राजा, अरविन्द वर्मा, मीडिया प्रभारी भोला शर्मा, अनिल यादव, कार्यालय सचिव अशोक कुशवाहा, साद हुसैन, विनोद कुमार पप्पू ने बधाई दी।

सफीकुर रहमान के निधन पर राजद ने जताया शोक

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, सांसद डॉक्टर मीसा भारती, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, श्याम रजक, नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद संजय यादव , प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू,प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने सांसद सफीकुर रहमान बर्क के वफात(निधन) पर गहरे रंजो-गम का इजहार करते हुए कहा कि इनके वफात से समाजवादी आंदोलन को गहरा धक्का पहुंचा है। ये 94 वर्ष की उम्र में भी लोकतंत्र और समाजवाद तथा धर्मनिरपेक्षता के लिए सदन तथा सदन के बाहर संघर्ष और आंदोलन करते रहे,इनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।

जन विश्वास रैली में 20 हजार किसान लेंगे भाग : राज्य सचिव

पटना। अखिल भारतीय किसान सभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कहा कि अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में महागठबंधन द्वारा आहूत जन विश्वास रैली में बिहार के तीस जिलों से 20 हजार से अधिक किसान भाग लेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है सभी तीस जिलों के जिला कमिटी अपनी अपनी बैठकें कर इसकी पूरी योजना बना ली है। प्रचार प्रसार व किसान गोलबंदी के लिए एक लाख पर्चा जिलों में किसानो के बीच वितरित किया जा चुका है। उमेश सिंह ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार ने एक माह के भीतर रिकार्ड चार लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिया तो किसान मजदूर द्रोही भाजपा के पेट में दर्द होना शुरू हो गया और अपने ई डी और सीबीआई का भय दिखा कर सरकार को तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि आज किसान अपने विरुद्ध भाजपा द्वारा लिए गए नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। फसल के वाजिब दाम मांग रहे है। भाजपा सरकार किसानों पर लगातार दमन चला रही है। उन्होंने कहा कि अब तक किसान आंदोलन में 750 से अधिक किसान शहीद हो चुके है। हम किसान भाजपा से अपने इस शहादत का बदला आगामी चुनाव में लेंगे । आज वे हमे दिल्ली में पहुंचने नही दे रहे है हम चुनाव में उन्हें गांव में घुसने नही देंगे। यह किसानों का वादा है। किसान जो वादा करते है उसे बखूबी निभाते हैं।

एमएसएमई ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- बौद्धिक सम्पदा अधिकार के ऊपर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

एमएसएमई पटना ने प्रखंड विकास कार्यालय, लक्ष्मीपुर आकांक्षी प्रखंड, जमुई के सभागार मे एक दिवसीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार के ऊपर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख सीएसएस राव, आईईडीएस के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मे आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य, उद्यमियों व भावी उद्यमियों के बीच राज्य में एमएसएमई के नवप्रवर्तन, डिजाइन (प्रारूप), प्रक्रिया और व्यावसायिक रणनीतियों को सुरक्षित रखने के लिए बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के बारे में सजगता बढ़ाना, देश के विभिन्न औद्योगिक क्लस्टर में लागू करना एवं आईपीआर योजना में उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं विभिन्न प्रक्रियाओ के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था। बौद्धिक सम्पदा अधिकार के विभिन्न टूल्स जैसे ट्रेड मार्क, कॉपी-राइट, डिजाइन रजिस्ट्रेशन, पेटेंट इत्यादि का इस्तेमाल करके एमएसएमई क्षेत्र के उध्यमिओ को प्रोध्योगिकी उन्नयन और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी साथ ही अपने प्रॉडक्ट की रचनात्मकता को भी सुरक्षित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट एम झा, आईईडीएस, सहायक निदेशक ग्रेड -क, एमएसएमई -डीएफओ, पटना ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ अर्जुन मंडल, कृषि विशेषज्ञ एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, जमुई , डॉ प्रभात रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, लक्ष्मीपुर ब्लॉक ,जमुई, मितेश कुमार शांडिल्य, महाप्रबंधक प्रभारी ,जिला उद्योग केंद्र ,जमुई, मनीष कुमार , आईपीआर अटोरनी व विशेषज्ञ,पटना , संजय कुमार, प्रबंधक, कौशल प्रशिक्षण केंद्र, जमुई एवं अन्य अतिथिगण इत्यादि मौजूद रहे।

जल जीवन हरियाली अभियान पर सरकार का विशेष जोर : मंत्री

- अभियान के तहत 11 अवयवों पर किया जा रहा कार्य
- प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना लक्ष्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जल जीवन हरियाली अभियान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना है। राज्य सरकार का जल जीवन अभियान पर विशेष जोर है। 2019 से राज्य में जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत कुल 11 अवयवों पर कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन अनेक स्तरों पर विभिन्न विभागो के द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है, इसके लिए संचार के नवीन एवं परंपरागत तकनीकों को अपना कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-मानस में जागरूकता लेने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को सदन में ग्रमीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने विभागीय बजट पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब देते हुए इस अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु जल-जीवन-हरियाली मिषन के माध्यम से अन्तर्विभागीय समन्वय एवं अनुश्रवण का कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण एवं पारिस्थितकीय संतुलन को समर्पित यह अभियान जन-भागीदारी के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। इस अभियान के तहत सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं तालाबों, पोखरों, आहरों व पईनों को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने के बाद जीर्णोद्धार कराने की योजना है। सार्वजनिक कुँओं को चिन्हित कर उनका जीर्णोद्धार व छोटी-छोटी नदियों, नालों एवं पहाड़ी क्षेत्रों के जल संग्रहण क्षेत्रों में चेक डैम एवं जल संचयन की अन्य संरचनाओं का निर्माण कराया जाना है। इसके अलावा इस अभियान के तहत नए जल स्त्रोतों का सृजन एवं अधिशेष नदी जल क्षेत्रों से जल की कमी वाले क्षेत्रों में जल ले जाना। भवनों में छत वर्षा जल संचयन की संरचनाओं का निर्माण । पौधशाला सृजन एवं सघन वृक्षारोपण। वैकल्पिक फसलों, टपकन सिंचाई, जैविक खेती एवं अन्य नई तकनीकों का उपयोग। सौर ऊर्जा उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत । जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान चलाने की योजना है। राज्य के 15 विभागों द्वारा क्रियान्वित इस महत्वाकांक्षी अभियान के संचालन हेतु ग्रामीण विकास विभाग नोडल विभाग के रूप में चिन्हित है। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जल-जीवन-हरियाली मिशन के स्तर से सभी क्रियान्वयन विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए इसकी प्रगति का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है। अवयव-11- जल-जीवन-हरियाली जागरुकता अभियानः जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत संरचनाओं एवं क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति के सतत अनुश्रवण, विभिन्न विभागों एंव क्रियान्वयन एजेंसियों के मध्य समन्वय एवं कार्यान्वयन में जन भागीदारी सुनिष्चित करने के लिए जल-जीवन-हरियाली वेब पोर्टल एवं मोबाइल एप्प विकसित किया गया है। इस पोर्टल पर जिला स्तर से अवयवों की प्रविष्टि की जाती है साथ ही संबंधित विभागों के माध्यम से जिलों द्वारा की गई प्रविष्टि का सत्यापन किया जाता है। प्रगति के आधार पर जिलों की रैंकिग की जाती है।

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 182 वर्ष 2023–24
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **07.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।
कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
कार्य का विवरणी :–

Sl No.	Name of Work/Specifiation	Qnt.	Unit	Quoted Rate (in Number and Word)
01-	Supply of Furniture and Other Work at Room No.- 164 of Planning Department Ground Floor Old Sachiwalaya, Patna for the year 2023-24.			
02-	S/F/F of Curtain and Other Furnishing at Chamber Special Secretary (Room No.- 164) and Principle Secretary Chamber at Planning Department Ground Floor Old Saciwalaya, Patna for the year 2023-24.			
03-	S/F/F of Furniture (Medium back chair) for Different Section Planning Department Old Sachiwalaya, Patna for the year 2023-24.			
	i) S/F/F of Medium Back Chair for Workstation of approved design and pattern etc. all complete jobs. as per Specification and direction of E/I.	31	Nos.	
04-	S/F/F of Cup board/Wardrobe and Other Work at Different Chamber Planning Department at Ground Floor Old Sachiwalaya, Patna for the year 2023-24.			
05-	S/F/F of Furniture and Other Work at Chamber Planning Department at First Floor Old Sachiwalaya, Patna for the year 2023-24.			
06-	S/F/F of Workstation for Different Section Planning Department at Ground Floor Old Sachiwalaya, Patna for the year 2023-24.			
07-	S/F/F of T.V. and Other Furnishing at Chamber Principle Secretary Planning Department at Ground Floor Old Secretariat, Patna for the year 2023-24.			

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 018182 (BCD) 2023-24 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमंडल उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–6 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2024 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (केवल (ओ–ग्रास) के माध्यम से) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Repairing/replacement by new one (if necessary), cleaning & painting or entire bamboo curtains in the corridor of first floor of main building of Hon'ble High Court, Patna	532450.00	10700.00	1250.00	02 माह
2	Repairing/replacement by new one (if necessary), cleaning & painting or entire bamboo curtains in the corridor of ground floor of main building of Hon'ble High Court, Patna	737829.00	14800.00	1250.00	02 माह
3	Provision & repairing of fencing at place for safety reason by using the old durashine sheet & brick work of C.O. Residence in the campus of Patna High Court, Patna	431483.00	8700.00	750.00	02 माह
4	Repairing and painting of C.O. Residence in the campus of Patna High Court, Patna	478346.00	9600.00	750.00	02 माह
5	Repair, painting of corridor (G.F) of purchase cell, marble hall west & south side of main building of Hon'ble High Court, Patna	645741.00	13000.00	1250.00	02 माह
6	Repairing and painting of boundary wall of gate no. 3A to back side of C.O. Residence in the campus of Hon'ble High Court, Patna	108333.00	2200.00	500.00	02 माह
7	Repair, painting & polishing of marble hall (both side) of main building of Hon'ble High Court, Patna	367585.00	7500.00	750.00	02 माह
8	Marble polishing of corridor of C.O. office to marble hall (North & south side, west side) of main building of Hon'ble High Court, Patna	413637.00	8400.00	750.00	02 माह
9	Polishing work of door & window of corridor of purchase cell (marble hall south & west side) of main building of Hon'ble High Court, Patna	223359.00	4500.00	500.00	02 माह
10	Repairing & covering of the floor of 4 nos. lift by vinyl flooring & covering of sewerage pipe in the lift room of main building of Hon'ble High Court, Patna	231520.00	4700.00	500.00	02 माह
11	Repairing and painting of stair case verandah & toilet (Northern side) of main building of Hon'ble High Court, Patna	284066.00	5800.00	750.00	02 माह
12	Provision of Alumunium Partitiion work in Loft Area (North Side) at S.B. Patna .	1319312.00	26500.00	2500.00	02 माह
13	Repairing and painting of ladies and gents toilet & library along with the verandah & toilet in 1st floor (Northern side) in the main building of Hon'ble High Court, Patna	556073.00	11300.00	1250.00	02 माह
14	Cleaning of entire area & replacement of paver block of parking near C.O. residence of Hon'ble High Court, Patna	835307.00	16900.00	1250.00	02 माह
15	Repairing & polishing work of wood flooring of back side of court no. 18 in the main building (F.F) of Hon'ble High Court, Patna	136450.00	2900.00	500.00	02 माह
16	Repairing and painting of verandah of court no. 26 to 29 along with wadhwa chamber of 1st floor (Northern side) of main building of Hon'ble High Court, Patna	525831.00	10700.00	1250.00	02 माह
17	Repairing & Painting of Portico, golambar (garden) & room no. 7 of Chief Guest house no. 155 at Chajjubagh, Patna	164521.00	3400.00	500.00	02 माह
18	Repairing & Painting of Court no. 16 & 17 in the main building (F.F) of Hon'ble High Court, Patna	212344.00	4400.00	500.00	02 माह
19	Repairing & Painting of marble polishing work of corridor of first floor of court no. 3 to court no. 21, 19 & 20 of main building of Hon'ble High Court, Patna	537290.00	10900.00	1250.00	02 माह
20	Polishing work of Door and window total court no. 17 in the main building of Hon'ble High Court, Patna	704224.00	14200.00	1250.00	02 माह
21	Repairing & Painting of of corridor of main building to writ pre department in the main building of Hon'ble High Court, Patna	77083.00	1600.00	500.00	02 माह
22	Renovation of stair case (marble) of officer's Flat of Hon'ble Chief Justice resdidence no. 154 at Chajjubagh, Patna	211370.00	4400.00	500.00	02 माह
23	Renovation of floor (vitrified tiles) of officer's Flat of Hon'ble Chief Justice resdidence no. 154 at Chajjubagh, Patna	852723.00	17200.00	1250.00	02 माह
24	Repairing of chequer tiles, paver block, drain & boundary wall of officer's Flat of Hon'ble Chief Justice resdidence no. 154 at Chajjubagh, Patna	564877.00	11400.00	1250.00	02 माह
25	Renovation of file rack and room near filing room in 1st Administrative building in the campus of High Court, Patna	826400.00	16600.00	1250.00	02 माह

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 018109 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संक्षिप्त खबरें

देशी शराब बरामद ,3 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के भूसरा मलहटोली अमर सिंह स्थान के समीप खुलेआम देशी चुलाई शराब की भट्ठियां चलाई जा रही थी। वहीं गुप्त सूचना पर पहुंची पुलिस ने सैंकड़ों लीटर अर्द्ध निर्मित देसी चुलाई शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके साथ ही करीब 11 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हुए देसी चुलाई शराब कारोबारी भूसरा मलहटोली के कलेवर सहनी, रामबली सहनी, रामचंद्र सहनी बताया गया है। एएलटीएफ पदाधिकारी श्रीकांत चौरसिया ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की भूसरा मलहटोली में चोरी छिपे देसी चुलाई शराब की भट्ठियां चलाई जा रही है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को देख सभी इधर उधर भागने लगे। जिसमें तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ अलग अलग जगहों पर चलाई जा रही शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया है। बताया की अर्द्ध निर्मित देसी चुलाई शराब की घोल ड्रम में भरकर पानी से भरे मन में जलकुंभियों से छुपाकर रखा गया था।बताया की तीनों धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पांच वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र दो विभिन्न जगहों से विभिन्न मामलों के पांच वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने बताया कि चकमेहसी थाना क्षेत्र के नवाबगंज गांव के रामानंद खा के पुत्र विनीत कुमार, महेश्वर खा के पुत्र चंद्रभूषण शर्मा एवं रामानंद शर्मा सहित मुजफ्फरपुर जिले के हत्था ओपी के शंकरपुर गांव से अजय पंडित के पुत्र अंशु कुमार एवं श्याम बाबू राय के पुत्र रितेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए समस्तीपुर कोर्ट भेजा जा रहा है।

जिम विंग योजना के राशि गमन का लगया आरोप, दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के मुस्तफापुर चौक स्थित विद्यालय परिसर में लगने वाले जिम विंग योजना के राशि गमन का आरोप लगाते हुए पंकज कुमार ने बीडीओ को एक आवेदन दिया है। बताया कि आठ लाख अड़तालीस हजार रुपए की लागत से जिम वास्ते समान आया। जिसका कीमत एक लाख प्रतीत हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव, जेईई मिलकर राशि गमन किया है। हमलोग मुखिया से इस संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन, 18 प्रतिशत जीएसटी, 2 प्रतिशत टीएस लगता है तो समान कैसा होगा। योजना का टेंडर हो चुका है। यही समान लगेगा। जहां जाना है जाओ। देख लेने की बात कही है।

एटीएम कार्ड बदलकर किया निकासी, पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। एटीएम कार्ड बदलकर पैसा निकासी को लेकर सिंघियाघाट वार्ड 05 निवासी राम लखन महतो के पुत्र प्रेमचंद ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें बताया कि 26 फरवरी को ब्लाक के सामने लगे एटीएम से पैसा निकासी के लिए गया। एक अज्ञात लड़का आया और बोला कैस नही है। चलो हम देखते है। जिसके बाद मैं गया और कार्ड लगाकर पिन डाला लेकिन पैसा नही निकला। जिसके बाद में दूसरे एटीएम भी गया लेकिन पैसा निकासी नही हुई। मैं एटीएम कार्ड को गहराई से नही देखा। जिसके बाद मेरे अकाउंट से चार बार में 11523 रूपया कट गया। मात्र 500 रूपया बचा। 28 फरवरी को जब बैंक जाकर पता किया तो पता चला कि मेरा एटीएम बदलकर पैसा निकासी कर लिया। मुझे किसी सोनिया तिवारी का एटीएम थमा कर एटीएम बदल लिया।

डायन बताकर पूरे परिवार के साथ किया मारपीट

विभूतिपुर, समस्तीपुर। डायन बताकर पूरे परिवार के साथ मारपीट कर जख्मी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता के पुत्र ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें पड़ोस के 7 लोगों को नामजद और 3-4 अज्ञात को आरोपित किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि 25 फरवरी को सभी पिस्तौल, लाठी डंडा से लैस होकर आया और बोला तुम्हारी मां कहां है। तुम्हारी मां डायन है उसने रोहित को मार दिया है। जिसपर उसकी मां कहा कि वह डायन नहीं है और उसने कुछ नहीं किया है। रोहित बिमारी से मरा है। इसी पर उन लोगों ने उसकी मां को सिर पर डंडे से हमला कर जख्मी कर दिया। बीच बचाव करने आयी उसकी पत्नी व पुत्री के साथ भी गाली-गलौज व मारपीट किया। सोने का चेन ले लिया। जख्मी अवस्था में सभी को ईलाज के लिए सीएचसी विभूतिपुर में भर्ती कराया।

अलग-अलग छापेमारी में चार बदमाश गिरफ्तार, एक लोडेड देशी पिस्टल व चार गोली बरामद

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर थाना पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। नगर थाना क्षेत्र के केंद्रीय विद्यालय रोड मगरदही में सोमवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए अपराध की योजना बना रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल व एक गोली बरामद किया है। अपराधियों की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के जायजपट्टी वार्ड नंबर 10 के पप्पू सिंह के पुत्र बादल कुमार एवं बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रुदौली वार्ड नंबर नौ के अभिमन्यु सिंह के पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। मंगलवार को नगर थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ईवीआर 112 की पुलिस व हॉक्स टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिसे जेल भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के ताजपुर रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के के पास से पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से तीन गोली व दो मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के किशनपुर युसुफ के रामकुमार झा के पुत्र रवि राज एवं मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रहिमपुर रुदौली के सहदेव कुमार राय के पुत्र शिवम यादव के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी में पहुंचे पुलिस को देखकर चार बदमाश भागने लगे, जिसमें दो बदमाशों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। वहीं भागने में कामयाब रहे दो बदमाशों की पहचान कर ली गई है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

ऐतिहासिक होगी 3 मार्च की जन विश्वास महारैली : भाकपा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मुजफ्फरपुर जिला परिषद् की बैठक पार्टी के जिला कार्यालय चन्द्रशेखर भवन में जगदीश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि महागठबंधन द्वारा आगामी 03 मार्च को पटना के गांधी मैदान में आहुत जन विश्वास महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बिहार के आम अवाम केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी तथा नीतीश कुमार की अवसरवादिता तथा आम जनता से किए विश्वासघात से आक्रोशित है। देश में महंगाई बेशुमार बढ़ी है, केन्द्र सरकार के दो करोड़ बेरोजगारों को प्रति वर्ष रोजगार देने के वादे युवाओं के मुंह चिढ़ा रहे हैं। किसानों की आय दोगुनी होने के बजाय एमएसपी की गारंटी करने में सरकार मुकर रही है। खेती-किसानी अभूतपूर्व संकट में है। गरीबों के लिए चलाए जा रहे तमाम कल्याणकारी योजनाओं में केन्द्रांश कम किया जा रहा है। महागठबंधन 3 मार्च की महारैली के माध्यम से केन्द्र सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आक्रोश का इजहार करेगी तथा खुशहाल और समृद्ध बिहार बनाने एवं युवाओं को नौकरी की गारंटी के लिए राज्य के किसान-मजदूर तथा नौजवान संकल्पित होंगे। बैठक में जिला में महारैली की तैयारी के लिए पंचायत स्तर पर सघन जन सम्पर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया तथा प्रखंड के सभी चौक-चौराहों, हाट-बाजारों में नुक्कड़ सभा कर केन्द्र सरकार की कॉरपोरेटपक्षी तथा मजदूर-किसान विरोधी नीतियों का पदार्फाश करेगी। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मुजफ्फरपुर गोशाला प्रबंधन द्वारा गौशाला की चल-अचल संपत्ति का बंदरबांट किए जाने पर घोर आपत्ति जताई गई तथा प्रशासन से वर्षों से लंबित गौशाला प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए शीघ्र आमसभा आयोजित करने की मांग की गई। बैठक को जिला सचिव रामकिशोर झा, चन्देश्वर प्रसाद चौधरी, अजित कुमार, मो० युनूस, राम बालक महतो, मो० मोसाफिर, महेश चौधरी, विश्वनाथ राय, सुनील कुमार ठाकुर आदि पार्टी नेताओं ने संबोधित किया।

बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के बंदरा प्रखंड के बड़गांव ग्रामपंचायत भवन के सभागार में उपमुखिया मुन्नी देवी की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का बैठक किया गया। बैठक का आयोजन एक्शन एड एसोसिएशन के सहयोग से संपन्न हुआ। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए एक्शन एड के जिला समन्वयक, अरविन्द कुमार ने विभिन्न स्तरों यथा प्रखंड, पंचायत व वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति की संरचना, कार्य व जबावदेहियों का जिक्र किया। उन्होंने बाल संरक्षण की जरुरतों का जिक्र करते हुए बताया कि महिलाओं व बच्चों में कुपोषण की स्थिति पहले से और गंभीर हुई है तथा जिले में आज भी 33 प्रतिशत बच्चों का बाल विवाह होता है। चर्चा के क्रम में उन्होंने बताया कि किस प्रकार विवाह के नाम पर आज लड़िकयों का व्यापार किया जाता है। दूसरी ओर इन बाल विवाह, बाल श्रम, बाल व्यापार जैसी कुरितियों को रोकने के लिए कारगर कानून बने हुए हैं। विस्तार से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि बाल विवाह को संपन्न कराने व सहयोग करने में जो भी लोग संलिप्त होंगे यथा पंडित, मौलाना,बरतुहार, अगुआ, बाराती,साराती, टेंट हाउस वाले, कैटरर, विडियोग्राफर, आदि तो उन्हें दो वर्षों तक का कारावास तथा एक लाख रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है।

इसके तहत दोषी पाए जाने वाली महिलाओं को सिर्फ जुमार्ना होगा। बाल श्रम को रोकने के कानून का जिक्र करते हुए बताया गया कि 14 वर्ष से नीचे के बच्चों को काम पर लगाने वाले दंडित किये जाते हैं। 6-14 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्राप्त है जिसपर प्रकाश डालते हुए बताया कि 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को विद्यालय में नामांकित होना है।

पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति द्वारा बाल अधिकार असुरक्षा का परिचित्रण (मैपिंग) कराया जाएगा। सभी प्रतिभागियों के बीच इस मैपिंग की चर्चा की गई और सहमति बनी कि विभिन्न तरह के असुरक्षा यथा स्कूल नही जाने वाले बच्चे, शारीरिक रूप से अशक्त बच्चे, बाल विवाह व बाल श्रम में लगे बच्चों,अनाथ, प्रवासी परिवार के बच्चे, नशा सेवन करने वाले बच्चे और नशा सेवन करने वाले परिवारों के बच्चों आदि का मैपिंग करना। उपमुखिया मुन्नी देवी ने बाल विवाह को पूर्णतः रोकने के लिए बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के द्वारा निर्गत पत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि यदि कोई बाल विवाह का मामला संज्ञान में आये तो उसे मुखिया, बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी सह अनुमंडलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी को तुरंत दे जिससे उसको ससमय रोका जा सके। चाईल्ड लाईन को भी 1098 पर खबर दें जो टाल फ्री नंबर है। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का उल्लेख करते हुए एक्शन एड के प्रखंड समन्वयक राजगीर कुमार ने चर्चा किया कि प्रत्येक लड़की को इस योजना के तहत 90 हजार रुपया से अधिक मिलता है। परवरिश योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि वैसे बच्चे जिनके माता पिता की मृत्यु हो गई है और बच्चे का उम्र 18 वर्ष से कम है तो इस योजना के तहत एक हजार रुपया प्रतिमाह मिलना है।

अनिश्चित कालीन धरना एवं अनशन प्रारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले की गायघाट प्रखंड मुख्यालय पर सीपीआई के बैनर तले 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन अनशन एवं धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। सीपीआई के अंचल सचिव विश्वनाथ प्रसाद सिंह ने बताया कि बिना रिश्वत के प्रखंड से लेकर पंचायत तक कोई कार्य नहीं होता है। मुख्यमंत्री आवास योजना का सूची प्रकाशन होते ही बिचौलिए सक्रिय हो गए हैं। लाभुकों को भ्रमित कर पांच हजार से लेकर दस हजार तक रुपए वसूली किया जा रहा है। क्षेत्र के हजारों गरीबों को सरकारी खाद्यान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राशन कार्ड बनवाने के लिए पंद्रह सौ से दो हजार रुपए आवेदक से मांगा जा रहा है। सैंकड़ों गरीब भूमिहीन हैं जिन्हें अबतक जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है। अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार कर केन्द्र बन गया है जहां बिना रुपया का दाखिल खारिज नहीं किया जाता है। सभी राजस्व कर्मचारी अवैद्य वसूली के लिए अटर्नी रखे हुए हैं। इसके साथ ही गांव में चल रहे जीविका समूह में खुलेआम धांधली व अवैद्य रूप से रुपयों की वसूली का खेल चल रहा है। बताया की जबतक गरीबों भूमिहीनों को जमीन, आवास, राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन, वृद्धा, विधवा, दिव्यांगता पेंशन, किसानों को निःशुल्क बिजली उपलब्ध नहीं कराई तबतक इसी तरह का आंदोलन जारी रहेगा। अनशन पर बैठे विश्वनाथ प्रसाद सिंह, वंदना देवी, जलेश्वरी देवी, सुदामा देवी मुनकिया देवी, रूबी देवी, रमिता देवी, मोती बैठा, मो कलाम अंसारी के अलावा दर्जनों महिलाएं शामिल हैं ।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उतर बिहार में हल्की बारिश की सम्भावना

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अगले तीन दिनों के बाद उत्तर बिहार के जिलों में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है।इसके प्रभाव से 2मार्च के बाद अनेक स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा ,डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से 28फरवरि से 3 मार्च तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 24.9 एवं 12.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 47 प्रतिशत, हवा की औसत गति 10.3 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 2.4 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 15.5 एवं दोपहर में 30.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। 28 फरवरी-03 मार्च, 2024 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,उत्तर बिहार के जिलों में पूवार्नुमानित अवधि में आसमान में हल्के से मध्यम बादल आ सकते है। आमतौर पर मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। 2 मार्च के बाद उत्तर बिहार के जिलों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा होने की सम्भावना है।इस अवधि में अधिकतम तापमान 27 से 30 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 14-17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। औसतन 7-8 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। 2-3 मार्च को पूरवा हवा भी चल सकती है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि बढ़ते तापमान को देखते हुए खड़ी फसलों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। गेहूँ की फसल जो फूल तथा दूध भरने की अवस्था में है उसमें सिंचाई करें। अगर सिचाई अतिआवश्यक नहीं है तो वर्षा की सम्भावना को देखते हुए 2 मार्च तक स्थगित कर दें।

वृद्ध की पीट-पीट कर हुए हत्या मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के कशोर गांव में सोमवार को वाद-विवाद में वृद्ध की पीट-पीटकर हुए हत्या मामले में पुलिस ने घटना के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान वारिसनगर थाना क्षेत्र के कशोर निवासी जुगेश्वर सहनी के पुत्र सोनेलाल सहनी, सोनेलाल सहनी के पुत्र मुकेश कुमार सहनी, सोनेलाल सहनी की पत्नी प्रमिला देवी व सोनेलाल सहनी की पुत्री पूजा कुमारी के रूप में हुई है। इस संबंध में मंगलवार को नगर थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना के बाद मृतक के पुत्र अनिल कुमार सहनी के आवेदन पर सात लोगों के विरुद्ध वारिसनगर थाना में मामला दर्ज किया गया था। उसी मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। बता दें कि वारिसनगर थाना क्षेत्र के लखनपट्टी पंचायत के कशोर गांव में सोमवार की सुबह पड़ोसी के साथ हुई वाद विवाद के बाद हुई मारपीट की घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान गांव के ही वार्ड पांच के स्व मंजूर सहनी के पुत्र रामप्रसाद सहनी (55 वर्ष) के रूप में हुई थी। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र ने बताया था कि रविवार को उनके पड़ोसी के यहां एक मछली बेचने वाला आया हुआ था। जिससे उनके पड़ोसी ने मछली खरीदा था और खरीदे गए मछली के रुपए को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद मछली विक्रेता के द्वारा इसकी सूचना वारिसनगर थाना को दे दी गई थी।

जिला कार्यालय में एक दिवसीय बैठक जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक के अध्यक्षता में हुआ बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला राष्ट्रीय जनता दल जिला इकाई के द्वारा मंगलवार को जिला कार्यालय मधुबनी में एक दिवसीय बैठक जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव के अध्यक्षता में किया गया बैठक में 3मार्च 2024 को पटना में आयोजित जन विश्वास महारैली को सफल बनाने पर चर्चा किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिला अध्यक्ष रामाशीष यादव में कहा कि जन विश्वास महारैली का मकसद 17 साल बनाम 17 महीने के कार्यों को जनता के बीच रखना है। बिहार हमेशा संघर्षों की धरती रही है। तेजस्वी यादव परिवर्तन का मशाल लेकर आगे बढ़ रहे हैं और इस परिवर्तन में मधुबनी जिला भी शामिल है। इसलिए महारैली को सफल बनाने के लिए मधुबनी लोकसभा से पांच हजार से अधिक लोगो को लेकर लेकर चलना है। राज्य और केंद्र की सरकार जनता की आवाज को दबाना चाहती है लेकिन जनता इनके मनसा को कभी सफल नहीं होने देगी। मोदी सरकार के द्वारा छात्र युवा किसान मजदूरों के विरुद्ध नीतियां बनाई जा रही है। सभी जन हितैषी योजनाएं धीरे-धीरे समाप्त की जा रही है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई और बेरोजगारी दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा की धार्मिक आधार पर लोगो के बीच नफरत फैलाई जा रही है। देश में जबतक बेरोजगारी दूर नहीं होगी, तबतक देश विकास नहीं करेगा। बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता राजकुमार यादव, राजेंद्र यादव, अरुण कुमार चौधरी, रुदल यादव, जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय, युवा जिला अध्यक्ष इंद्रभूषण यादव, महिला जिला अध्यक्ष रेणु यादव, युवा प्रदेश महासचिव अमरेंद्र कुमार चौरसिया, ओ प्रकाश यादव,उमेश कुमार राम, विशुनदेव सिंह यादव, संजय कुमार चौधरी, जीबछ यादव, अजितनाथ यादव, विजय यादव, गुलजार अहमद, मिश्रीलाल यादव, पप्पू यादव,संजय कुमार यादव,चंद्रकिशोर मंडल, जय जयराम यादव, रविरंजन राजा, पवन यादव, सुमन यादव, बिट्टू यादव, मनोज शर्मा बिशुनदेव भंडारी,शिवशंकर यादव, राजेश खर्गा ,संभू प्रसाद यादव, जक्की अहमद पम्मू, अरुण यादव, भोगेंद्र यादव,गोपाल यादव, सहित अन्य उपस्थित थे।

88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के रोसड़ा सेवाकेन्द्र द्वारा 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव सिंघिया घाट शिव मंदिर के सामने स्थित सभागार में उत्साहपूर्वक मनाया गया। महोत्सव का उद्घाटन समस्तीपुर से पधारे ओम प्रकाश, रोसड़ा से आई बीके कुंदन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश ने कहा कि शिवरात्रि परमात्मा शिव के कलियुग अंत की अज्ञानता की अंधियारी रात्रि में दिव्य अवतरण का यादगार पर्व है। जैसे घोर रात्रि के बाद सवेरा होता है। ठीक वैसे ही दुःख, अशान्ति, अज्ञानता की घनघोर रात्रि के बाद ज्ञान सूर्य परमात्मा शिव के ज्ञान प्रकाश से सुख, शान्ति, प्रेम की सतयुगी दुनिया का आना अवश्यंभावी है। उन्होंने कहा कि परमात्मा का यह दिव्य कार्य गुप्त रीति से चल रहा है। बीके कुंदन बहन ने कहा कि जो आत्माएं स्वयं को परमपिता परमात्मा शिव की संतान समझकर उनसे अपना संबंध जोड़ती हैं- राजयोग की इस विद्या से आत्मा की विकारों रूपी बीमारियां समाप्त होती जाती हैं और उसके श्रेष्ठ दैवी संस्कार जागृत हो जाते हैं। यह दुनिया दैवी राजस्थान और भारत फिर से सोने की चिड़िया बन जाता है। उन्होंने सभी से इस पावन अवसर पर राजयोग की प्राचीनतम महान विद्या को सीखकर अपने जीवन को कलह-क्लेश से मुक्त और खुशी व सद्गुणों से युक्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में शिव ध्वजारोहण किया गया। सभी से शिव ध्वज के नीचे आत्म-उन्नति के संकल्प करवाए गए और प्रसाद वितरण किय गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश, कन्हैया, महेश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सशस्त्र सीमा बल के भापुसे पटना महानिरीक्षक का जयनगर मुख्यालय में आगमन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के जयनगर में भा.पु. से. महानिरीक्षक पंकज कुमार दाराद सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय पटना के द्वारा वार्षिक निरीक्षण के तहत जयनगर बाजार समिति में स्थित एसएसबी 48वीं वाहिनी के मुख्यालय में पहुंचे। कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी 48वीं वाहिनी जयनगर के द्वारा पटना के सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक महोदय को गुलदस्ता भेंट करने के साथ ही गार्ड ऑफ आनर से सम्मानित के साथ उनका स्वागत किया गया।

आगामी लोकसभा सभा चुनाव को देखते हुए सीमा पर विशेष चौकसी बरतने तथा शराब तस्करों पर नकेल कसने के साथ ही सीमा पर गश्त बढ़ाने और हर आने-जाने वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने का दिशा निर्देश भी दिया गया साथ ही उन्होंने कहा कि नेपाल पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम करने का भी जिक्र किया गया।

भा.पु.से. महानिरीक्षक पंकज कुमार दाराद सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय पटना ने 48वीं वाहिनी की कार्यप्रणाली को देखा और समझा और महानिरीक्षक महोदय ने वाहिनी के उत्थान को लेकर और बेहतर बनाने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिए साथ ही उन्होने एसएसबी के जवानों से कहा कि अनुशासन और कार्य कुशलता के साथ ड्यूटी करें तथा बल की गरिमा को बनाए रखें साथ ही साथ सूचना तंत्र को विशेष तौर पर मजबूत करें और स्थानीय क्षेत्र की जनता के साथ विनम्र व्यवहार करने हेतु निर्देशित भी किया गया।

महानिरीक्षक महोदय द्वारा विशेष सैनिक सम्मेलन में जवानों की कुछ परेशानियों को समझा और कल्याणकारी संबंधी गतिविधियों को और बेहतर करने का आश्वासन भी उनकी तरफ दिया गया, महानिरीक्षक महोदय द्वारा अपने दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण के क्रम में रविवार को 48वीं वाहिनी की वाहय सीमा चौकी गंगौर का निरीक्षण भी किया और साथ ही रात्रि विश्राम भी किया और अपने भ्रमण निरीक्षण के दौरान उन्होंने 48वीं वाहिनी के बीओपी का भ्रमण व निरीक्षण भी किया गया। बैठक में कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी 48वीं वाहिनी के डॉक्टर के. जी. काबुई कमांडेंट मेडिकल, भा.पु.से. सुशील कुमार पुलिस अधीक्षक मधुबनी, चन्द्रशेखर द्वितीय कमान अधिकारी, विवेक ओझा उप कमांडेंट, महोद मनीष देवानन्द सहायक कमांडेंट एवं अन्य अधिकारी वहां उपस्थित थे।

नीली रौशनी से जगमग होंगे सरकारी भवन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मिथिला महोत्सव 2024 एवं बिहार दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रमों की सफलतापूर्वक आयोजन हेतु समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित हुई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बिहार का स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में और जिले के सभी विद्यालयों के पोषित क्षेत्रो में प्रभात फेरी निकाली जाय।समाहरणालय सहित सभी प्रमुख सरकारी कार्यालयों पर नीली रोशनी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में चेतना सत्र के दौरान बिहार गौरव गान और बिहार प्रार्थना गीत का गायन अवश्य किया जाए।उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वॉटसन स्कूल के प्रांगण में मनाए जाने वाले बिहार दिवस के मुख्य समारोह हेतु दिन के आयोजन में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाए। उन्होंने इस अवसर पर बिहार के प्रगति को प्रतिबिंबित करने वाले विभिन्न विभागीय स्टॉल लगाए जाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अतिरिक्त संध्या कालीन सत्र में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के निर्देश भी दिए गए हैं। मिथिला महोत्सव के आयोजन को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। मिथिला के प्रचलित शिल्पों, परिधानों, टेराकोटा और खान पान सहित मैथिली साहित्य,संस्कृति एवं इतिहास को प्रतिबिंबित करने वाले स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने मिथिला महोत्सव एवं बिहार दिवस की सफल अयोजन को लेकर दोनों के लिए अलग-अलग समितियों का अविलम्ब गठन करने का निर्देश भी दिया।उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परिमल कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मुख्यालय, जिला खेल पदाधिकारी, मयंक सिंह,सहायक निर्देशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग हेमंत कुमार,जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नशापान करने से मना करने पर कर दी थी वृद्ध महिला दुकानदार का सिर काटकर हत्या

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र के झखड़ा गांव में रविवार की रात महिला का सिर काटकर हुए हत्या मामले में सरायरंजन पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मंगलवार को नगर थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि वृद्ध महिला गांव में एक छोटा सा दुकान चलाती थी। जिसमें वह पान मसाला व गुटखा आदि बेचती थी। जहां बराबर आरोपी युवक झखड़ा गांव के वार्ड 20 मधुरापुर टोला निवासी नरेश कुंवर का पुत्र गणपत कुंवर नशापान कर गुटखा आदि खरीदने जाता था। जिसे वह महिला दुकानदार नशा और गुटखा आदि का सेवन नहीं करने को कहती थी। इससे तंग आकर आरोपी गणपत ने रविवार की रात महिला को उसके घर से थोड़ी दूर ले जाकर एक तेज धारदार पघड़िया हथियार से उसका सिर काटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार, आरोपी का खून से सना कपड़ा एवं मृतका का मोबाइल बरामद किया है।

कांग्रेस सदस्यों का सम्मान समारोह

प्रात: किरण संवाददाता

विभ

संक्षिप्त खबरें

आग लगने से एक घर सहित हजारों की सम्पत्ति जलकर हुई राख

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के काशनगर पंचायत अन्तर्गत सुखासनी गांव में सोमवार की देर रात अज्ञात कारणों से अचानक आग लगने से एक घर सहित हजारों की सम्पत्ति जलकर राख हो गया। जबकि दो मवेशी भी झुलस गया। घटना के बाबत पिडित सुखासनी गांव निवासी शिव तांती कि पत्नी सोनी देवी ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजा राशि कि मांग की है।दिए गए आवेदन के अनुसार बीते सोमवार की देर रात अचानक घर में आग लग गई।जबतक लोगों को पता चला तबतक घर सहित घर में रखें दैनिक उपयोग कि सभी वस्तु अनाज, कपडा, फर्नीचर, बर्तन सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया।ग्रामीणों के द्वारा आग पर किसी तरह काबू पाया गया।नहीं तो एक बडी घटना घट सकती थी। जबकि दो मवेशी भी झुलस गई।घटना के बाद पिडित परिवार के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। और खुले आसमान के नीचे जीने को विवश है। उक्त बाबत सीओ सोनवर्षा राज सौरव कुमार ने बताया कि संबंधित राजस्व कर्मचारी को आग से हुई क्षति का आकलन के लिए निर्देश दिया गया है।

स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 23-27 में परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित छात्रों ने जताया विरोध

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 23-27 में परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित छात्रों ने बीएन मंडल विश्वविद्यालय मुख्यालय में पहुंच कर विरोध जताया। वहीं कुलसचिव डॉ. (प्रो.) मिहिर झा से मिल कर मांग पत्र सौंपा। सनद हो की स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 23-27 के छात्र- छात्रों ने सैकड़ों के संख्या में विश्विद्यालय मुख्यालय पहुंच कर संयुक्त छात्र संगठन के नेतृत्व में जमकर विरोध जताया एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार ने कहा कि बीएन मंडल विश्वविद्यालय के कई कॉलेज सुदूर ग्रामीण एरिया में एवं शहरी क्षेत्र के कॉलेज में नामांकित छात्रों का घर भी सुदूर गांव देहात में है जहां की कम्युनिकेशन का पुख्ता व्यवस्था नहीं है। वहीं छात्र छात्राओं का राजिट्रशन डेट और नामांकन डेट लगातार अपडेट होने के कारण छात्र का परीक्षा प्रपत्र भरना छूट गया। छात्र हित में विश्वविद्यालय प्रशासन अविलंब स्पेशल परीक्षा की तिथि जारी कर छूटे हुए छात्रों की परीक्षा प्रपत्र भरवाए। आयसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने कहा कि वर्तमान विश्वविद्यालय कुलपति के द्वारा विश्वविद्यालय में अराजक स्थिति पैदा कर दी गई है, जिस कारण विश्वविद्यालय की स्थिति अस्त व्यस्त हो गई। रजिस्ट्रेशन और परीक्षा फॉर्म साथ-साथ बनाए जाने के कारण सैकड़ो छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गया जिसका खामियाजा छात्र भुगत रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के आवेदन पर 48 घंटे के अंदर संज्ञान नहीं लेता है तो छात्र हित में संयुक्त छात्र संगठन आर पार की आंदोलन करेगी। एआईएसएफ स्टेट काउंसिल मेंबर मौसम प्रिया ने कहा कि बीएन मंडल विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले ज्यादातर छात्र एवं छात्राओं आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। वहीं ज्यादातर छात्र सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहता है। विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा लगातार परीक्षा तिथि बदलने के कारण छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गया। वहीं ज्यादातर छात्र 4 वर्षीय सीबीसीएस प्रणाली के कारण परीक्षा प्रपत्र भरने में सक्षम नहीं हो पाया। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के द्वारा छात्राओं को समझने की कोई भी कार्य आयोजित नहीं की गई जिसके कारण हजारों छात्र स्नातक प्रथम वर्ष के परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गया। अगर अभिलंब परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि एवं स्पेशल परीक्षा आयोजित करने की तिथि आयोजित नहीं करती हैं तो संयुक्त छात्र संगठन आरपार के आंदोलन करेगी। इस मौके पर आईसा के विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी राजकिशोर राज, मणिकांत, रवि, मंटू, एनएसयूआई के नीतीश यदुवंशी, अंकित कुमार, दिवाकर कुमार, स्नातक प्रथम वर्ष के पूजा कुमारी, निभा कुमारी, पलक कुमारी, रंजना कुमारी, सोनी कुमारी, अंकित आनंद, संतोष कुमार, राहुल कुमार, अविनाश कुमार, अजय कुमार, आसिफ इकबाल, इमरान खान, मुजफ्फर अली, सोनू कुमार, राहुल सिंह, आशीष झा, मुकेश कुमार, कुंदन जायसवाल, विशाल कुशवाहा, गुड़िया पोद्दार, नीतू कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद आज

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा नेहरू युवा केन्द्र मधेपुरा के तत्वाधान में टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा के ऑडिटोरियम में बुधवार (28 फरवरी, 2024) को सुबह 10:30 बजे से जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से विकसित भारत @2047 को केंद्र में रखकर नया भारत, नई पहल और नारी सशक्तिकरण पर चर्चा होगी। केंद्र के सौरभ कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा करेंगे और मुख्य अतिथि सांसद दिनेशचंद्र यादव होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर, प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री एवं दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। उन्होंने बताया कि अतिथियों का स्वागत केंद्र की युवा समन्वयक हुस्न जहाँ करेंगी और कार्यक्रम का संचालन सीनेटर रंजन यादव करेंगे। इस अवसर पर एएनओ ले. गुड्डु कुमार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स द्वारा कुलपति को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

महागठबंधन की बैठक कल आएंगे तेजस्वी यादव

प्रात: किरण, संवाददाता

सिमरि बख्तियारपुर/सहरसा। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सलखुआ प्रखंड स्थित मंगलवार को महागठबंधन के कार्यकताओं की एक बैठक जिला पंचायती राज प्रकोष्ठ जिलाअध्यक्ष रतिलाल यादव के अगुआई में निज आवास सलखुआ में एक बैठक हुई। जिसमें महागठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता सीपीआई अंचल मंत्री उमेश चौधरी ने किया वहीं संचालन कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने किया। सभी दलों के कार्यकताओं ने 29 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के रोड शो को सफल बनाने पर विचार विमर्श करते विस्तार से चर्चा की।

जिला पंचायतीराज प्रकोष्ठ सहरसा के जिलाअध्यक्ष रतिलाल यादव ने कहा कि जनविश्वास यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल हो इसके लिए रोड शो कर विभिन्न जगहों का भ्रमण कर जागरूक किया। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बदलाव हो गया है।

28 फरवरी के कार्यक्रम में बदलाव कर 29 फरवरी को रोड शो सहरसा जिला होते सिमरि बख्तियारपुर में प्रवेश करेगी और सोनबरसा राज होते पटना जाएगी। सीपीआई के सहायक जिलामंत्री अमर कुमार पप्पू ने कहा कि पुरानी बाजार से रानीबाग तक सलखुआ के सभी दलों के लोग नेता प्रतिपक्ष के स्वागत के लिए शामिल रहेंगे। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष मंटुन सादा, सीपीआई दिलीप राम, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गजेंद्र यादव, राजद पंचायती अध्यक्ष मोबारकपुर प्रियवर्त यादव,राजद के कोपरिया पंचायत अध्यक्ष दीपनारायण यादव, तारकेश्वर यादव, हासिम नदाफ, रामकुमार यादव, प्रशांत कुमार, कॉग्रेस युवा अध्यक्ष अब्दुल बासित,अंकित यादव, बेचन यादव, रोहन यादव, अनिल सादा, सीपीआई नेता शंकर कुमार, राजा यादव आदि मौजूद रहे।

ऐतिहासिक होगी तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा : धीरेंद्र

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुराः जन विश्वास यात्रा पर बुधवार को तेजस्वी यादव मधेपुरा पहुंचेगे। उनके आगमन को लेकर पार्टी के कार्यकताओं व नेताओं के द्वारा तैयारी की जा रही है। जन विश्वास यात्रा पर तेजस्वी यादव के मधेपुरा आगमन को लेकर राजद नगर निकाय प्रकोष्ठ की ओर से लगातार जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जन संपर्क अभियान को लेकर राजद नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने बताया तेजस्वी यादव के मधेपुरा आगमन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने बताया कि तेजस्वी के मधेपुरा आगमन को लेकर समाज के सभी समुदायों एवं वर्गों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। नौजवानों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। सभी तेजस्वी में हीं बिहार का भविष्य देख रहे हैं। मधेपुरा में होने वाले रोड शो में बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति होंगे। धीरेंद्र यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव मधेपुरा में रोड शो के दौरान लोगों से तीन मार्च को पटना में महागठबंधन द्वारा आयोजित जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील करेंगे।

बारटेंडिंग एक बेहतर विकल्प के साथ- अपने करियर को संवारें

प्रात: किरण, संवाददाता

इंडिया बारटेंडर गिल्ड सभी स्तरों के इच्छुक मिक्सोलॉजिस्टों के लिए डिजाइन किए गए अपने बिल्कुल नए बारटेंडिंग कोर्स के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित है। चाहे आप एक पेशेवर बारटेंडर बनना चाह रहे हों या सिर्फ अपने होम बारटेंडिंग कौशल में सुधार करना चाहते हों, इस पाठ्यक्रम में सभी के लिए कुछ न कुछ है। 45 दिनों के गहन कार्यक्रम में कॉकटेल बनाने की आधुनिक तकनीकों से लेकर बुनियादी बार ट्रेंडिंग ज्ञान प्रदान करने तक सभी बुनियादी बातें शामिल हैं। छात्र शीर्ष बार और रेस्तरां में काम करने के वर्षों के अनुभव वाले विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से सीखेंगे। पाठ्यक्रम पेय पदार्थों को ठीक से मिलाने के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल और ग्राहकों के साथ जुड़ने और एक असाधारण सेवा अनुभव बनाने के लिए आवश्यक पारस्परिक कौशल दोनों पर केंद्रित है। आईबीजीः इंडिया बारटेंडर गिल्ड के संस्थापक अर्चित सिंघल ने कहा, हमने पाठ्यक्रम को सभी स्तरों के बारटेंडरों के लिए व्यापक और सुलभ बनाने के लिए डिजाइन किया है। छात्र अपने बारटेंडिंग करियर को शुरू करने या आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास, विशेषज्ञता और उद्योग कनेक्शन के साथ स्नातक होंगे। पाठ्यक्रम में एक बिल्कुल नई बारटेंडिंग लैब का उपयोग किया जाएगा जो छात्रों को अपने कौशल को अभ्यास में लाने के लिए आवश्यक हर चीज से सुसज्जित होगी।

स्कूली बच्चों ने समारोह में की शानदार प्रस्तुति, बांधा समा

अमृत भारत योजना के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा : अमृत भारत योजना के तहत सोमवार को मधेपुरा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस दौरान मधेपुरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे के माध्यम से समारोह आयोजित की गई थी। समारोह की अध्यक्षता सांसद दिनेश चंद्र यादव ने की। कार्यक्रम में सृजन दर्पण के कलाकार सहित हाली क्रास स्कूल, तुलसी पब्लिक, माया विद्या निकेतन, ब्राइट एंजेल, किरण पब्लिक स्कूलों के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से समा बांधा। स्कूली बच्चों ने नृत्य, भाषण, चित्रकला व यात्रा वृतांत में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतियोगी को सांसद दिनेश चंद्र यादव के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। वहीं इस दौरान उपस्थित ब्राइट एंजेल स्कूल के निदेशक नीकु नीरज ने बताया कि कार्यक्रम में हमारे स्कूल के 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जिसमें वर्ग छह से आरती प्रथम, दिव्यंति द्वितीय व इशिता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि वर्ग नो से सृष्टि, सप्तम से सीखा, साक्षी, प्रगति, मंतिशा, तनु प्रिया, मोमिता, सृषि सिखा, श्रन्या, द्विय प्रभा, तनु प्रिया सुहानी को पुरस्कृत किया गया। :तुलसी पब्लिक के बच्चों के बांधा समा। वही कार्यक्रम में तुलसी पब्लिक के बच्चों ने मनमोह नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाह वाही बटोरी। बच्चों ने अपने कार्यक्रम से लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। वही इस दौरान उपस्थित तुलसी पब्लिक के निदेशक श्यामल कुमार सुमित्र ने बताया कि हमारे विद्यालय से चित्रकला में वर्ग पांच से प्रिया कुमारी प्रथम, राजश्री आनंद द्वितीय व रिशु प्रिया को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं इसके साथ कविता लेखन में आयुष राज वर्ग अष्टम, चंदा राज द्वितीय व दर्पण को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वही इसके साथ अभिराज, अंकित, अर्पिता को भाषण व कहानी लेखन में प्रशांत, जय श्री, शिवम कुमार तथा रेल यात्रा वृतांत पर शिवम व माही को पुरस्कृत किया गया। सृजन दर्पण के कलाकारों ने किया स्वागत नृत्य की प्रस्तुति : सृजन दर्पन के कलाकारों ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की। इस दौरान कलाकारों ने सांसों की सरगम कह रही है स्वागतम्, स्वागतम्-गीत की प्रस्तुति की।

बीएनएमयू में व्याप्त प्रशासनिक तानासाही एवं अराजकता के खिलाफ बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा बीएनएमयू में व्याप्त प्रशासनिक तानासाही, छात्रों का शोषण एवं अराजकता के खिलाफ ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय परिसर में मधेपुरा एनएसयूआई ने जिलाध्यक्ष निशांत यादव के अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विश्वविद्यालय में आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा किया। बैठक में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की बीएनएमयू की स्थापना कोसी जैसे पिछड़े इलाके के गरीब किसान, मजदूर, वंचित आबादी को उच्च शिक्षा के लिए हुआ है । लेकिन आज विश्वविद्यालय में कुछ संघी और मनुवादी तत्वों द्वारा विश्वविद्यालय में अपनी मनमानी और तानासाही स्थापित कर छात्रों के शोषण करने का मंसूबा पाले हुए है। उन्होंने कहा की जिस प्रकार से बीएनएमयू कुलपति द्वारा छात्रों से मिलने का समय सप्ताह में एक दिन में केवल एक घंटा रखा है। यह सरासर तुगलकी फरमान है। बीएनएमयू कुलपति का व्यवहार तानाशाह जैसा हो गया है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों से छात्रों के बीच दूरी के वजह से विश्वविद्यालय में घूसखोरी और भ्रष्टाचार का माहौल फेल चुका है। जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की विश्वविद्यालय छात्रों का है यह किसी भी अधिकारी का जागीर नहीं है। छात्रों के समस्याओं को सुनने के लिय बीएनएमयू कुलपति के पास समय नहीं होना दुर्भाग्य है। बीएनएमयू महान समाजवादी नेता भूपेंद्र नारायण मंडल के नाम पर बना है। जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार के तानासाही, अफसरशाही का पुरजोर तरीके से विरोध दर्ज किया था। इस महान समाजवादी नेता के नाम पर बने विश्वविद्यालय में छात्रों का शोषण और विवि अधिकारियों का तानासाही चलने नही दिया जाएगा। बीएनएमयू प्रशासन के धमकी, दमन और जेल से छात्र डरने वाले नही है। एनएसयूआई छात्रों के हक, अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिय प्रतिबद्ध है। एनएसयूआई विश्वविद्यालय में व्याप्त अराजकता और तानासाही के संबंध में राजभवन को पत्र लिखा जायेगा एवं चरणबद्ध आंदोलन का आगाज किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जिला सचिव सोनू कुमार, जिला सचिव अजय कुमार, प्रखंड संयोजक निरंजन कुमार, कृष्णा मोहन कुमार, दिलखुश कुमार, ललन कुमार, जयकिसन कुमार, डुलेन कुमार, घैलाढ संयोजक अमरदीप कुमार मिंटू, प्रदीप कुमार, मिथलेश कुमार, सतीश कुमार, गौरव कुमार, राजहंस कुमार, दीनबंधु कुमार, ललन कुमार, बलजीत कुमार, सुमन कुमार समेत दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना
बिहार सरकार
शुद्धि–पत्र

(1) इस कार्यालय के पत्रांक 683 अनु० पटना दिनांक 10.02.2024 द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 106/वर्ष 2023–24, जिसका पी. आर. नं० 017505 (B.C.D.) 2023–24 है, जो दैनिक समाचार–पत्र 'दैनिक जागरण' पटना में दिनांक 16.02.2024 को प्रकाशित है,
(2) इस कार्यालय के पत्रांक 684 अनु० पटना दिनांक 10.02.2024 द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 107/वर्ष 2023–24, जिसका पी. आर. नं० 017406 (B.C.D.) 2023–24 है, जो दैनिक समाचार–पत्र 'दैनिक जागरण' पटना में दिनांक 16.02.2024 को प्रकाशित है एवं
(3) इस कार्यालय के पत्रांक 685 अनु० पटना दिनांक 10.02.2024 द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 108/वर्ष 2023–24, जिसका पी. आर. नं० 017414 (B.C.D.) 2023–24 है, जो दैनिक समाचार–पत्र 'दैनिक जागरण' पटना में दिनांक 16.02.2024 को प्रकाशित है, ईन तीनो निविदाओं में परिमाण विपत्र बिक्री एवं प्राप्ति की तिथि में आंशिक रूप से संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत है :–

पूर्व में प्रकाशित तिथि	संशोधित तिथि
परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय– 28.02.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक	परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय– 12.03.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक
निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– 29.02.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– 13.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 29.02.2024 को अपराह्न 3:30 बजे तक	निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 13.03.2024 को अपराह्न 3:30 बजे तक

अतः अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 106/वर्ष 2023–24, 107/वर्ष 2023–24 एवं 108/वर्ष 2023–24 में पूर्व में अंकित परिमाण विपत्र की बिक्री, निविदा प्राप्ति की तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि के स्थान पर संशोधित तिथि पढ़ा एवं समझा जाय।
शेष सभी कार्य एवं शर्तें यथावत रहेंगे।

(उपेन्द्र कुमार),
कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 018231 (BCD) 2023-24

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1
भवन निर्माण विभाग, पटना
बिहार सरकार
अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–69 वर्ष 2023–24
विज्ञापन संख्या–2407: अंकेक्षक से संबंधित सफल अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना

विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करने हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं, एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–06.03.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0 1 एवं 2, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशनदाताओं द्वारा क्रम संख्या–3 पर वर्णित कार्य का अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता के साथ अथवा स्वयं स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या या वेवसाइट https://state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

S.No.	Name of Work	Time of Completion
1	Replacement of Non-Functional Light Fixtures in the Premises at Raj Bhawan, Patna	07 Days
2	Addition and Alteration to E/W and E.I in Honble Governer Chamber at Raj Bhawan, Patna	07 Days
3	Interconnecting copper Pipe refrigerant pipe and Gas for tower A.C installed in Rajendra mandap and Dismentaling of VRF AC Unit of Honble governor Chamber at Raj Bhawan,Patna	07 Days
4	SITC of Split AC Machine in the Old Guest House in the Campus of 4 KGA Deshratan Marg, Patna (14 No. 1.8/2.0 TR and 4 No. 1.5 TR)	20 Days

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना
PR- 018188 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमंडल उच्च न्यायालय,
भवन निर्माण विभाग, पटना
बिहार सरकार
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–09 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2024 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ग) सहायक अभियंता का कार्याल य, भवन अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (केवल (ओ–ग्रास) के माध्यम से) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	S/R to Flat No. -3, Block No. -1 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, cu rtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
2	S/R to Flat No. -5, Block No. -1 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, allumin ium (w ardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
3	S/R to Flat No. -4, Block No. -1 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, allumin ium (w ardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
4	S/R to Flat No. -6, Block No. -1 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, allumin ium (w ardrobe, ve randah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
5	S/R to Flat No. -2, Block No. -2 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
6	S/R to Flat No. -5, Block No. -2 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
7	S/R to Flat No. -6, Block No. -2 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
8	S/R to Flat No. -4, Block No. -3 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, allumin ium (w ardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
9	S/R to Flat No. -5, Block No. -3 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, allumin ium (w ardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
10	S/R to Flat No. -6, Block No. -3 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
11	S/R to Flat No. -2, Block No. -4 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
12	S/R to Flat No.-1, Block No. -4 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
13	S/R to Flat No. -5, Block No. -4 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
14	S/R to Flat No. -6, Block No. -4 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, allumin ium (w ardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
15	S/R to Flat No. -3, Block No. -5 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, allumin ium (w ardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
16	S/R to Flat No. -4, Block No. -5 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, alluminium (w ardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
17	S/R to Flat No. -5, Block No. -5 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
18	S/R to Flat No. -2, Block No. -6 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
19	S/R to Flat No. -3, Block No. -6 at Ad alatganj, Patna (floor tile s in rooms, allumin ium (w ardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
20	S/R to Flat No. -5, Block No. -6 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
21	S/R to Flat No. -4, Block No. -7 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
22	S/R to Flat No.-1, Block No. -8 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
23	S/R to Flat No. -2, Block No. -8 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
24	S/R to Flat No. -4, Block No. -8 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
25	S/R to Flat No. -5, Block No. -8 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह
26	S/R to Flat No. -3, Block No. -9 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms , alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work)	300000.00	6000.00	750.00	02 माह

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
PR- 018212 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सम्पादकीय

उड़ान- विमानन क्षेत्र में क्रांति की शुरूआत

रोहित माथुर

यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि उड़ान योजना स्वतंत्रता के बाद भारत में विमानन क्षेत्र में लाई गई अब तक की सबसे नवीन और समझदारी से तैयार की गई योजना है। उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है। उड़ान की सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं। दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है। यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने 2018-19 के आसपास प्रयागराज-बैंगलोर और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डे रोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ान की सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणिज्यिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गए हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों में उनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है। उड़ान योजना की इन उड़ानों से प्राप्त प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नए उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। ये तो बस अधूरी कहानी ही है। उड़ान की बड़ी कहानी भारत के कुछ सुदूरवर्ती और ऐसे शहरों से विमानों और हेलीकॉप्टरों का संचालन करने वाले अनेक छोटे उद्योगपतियों के उभरने से है जहां अब तक हवाई सम्पर्क नहीं था। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि उड़ान योजना के सामने आने से पहले भारत जैसे बड़े देश के पास 80 सीट से कम श्रेणी वाला केवल 1 विमान था, जो शिमला मार्ग पर एलायंस एयर द्वारा संचालित एटीआर 42 था। कई कस्बों और शहरों में 9-19 सीटर वाले विमानों के संचालन की संभावना हमेशा मौजूद थी, लेकिन उड़ान योजना के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहन के अभाव में, छोटे ऑपरेटर कभी भी इसमें उतरने की हिम्मत नहीं कर सके। विमानन एक बहुत ही पेचीदा व्यवसाय है और छोटे उद्योगपतियों के लिए निर्धारित उड़ानें संचालित करना आसान नहीं है (यहां तक कि बड़े उद्योगपति भी विफल हो रहे हैं)। ऐसी अनेक समस्याएं हैं जिनका सामना छोटे ऑपरेटरों को करना पड़ रहा है। सबसे पहले जोखिम उठाने की क्षमता बहुत कम है जो विमानन व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। दूसरे, भारत में इकोसिस्टम में पूंजी लगाने की संरचना मौजूद नहीं है और कुछ बड़ी एयरलाइनों के साथ पिछले खराब अनुभवों के कारण कोई भी बैंक विमानन कंपनियों को पूंजी नहीं देना चाहता है। यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय पूंजी लगाने या पट्टे पर देने वाली संस्थाएं भी छोटी एयरलाइनों का सहयोग करने में झिझक रही हैं। इतनी सारी बाधाओं के बावजूद, अगर लगभग आधा दर्जन नए उद्योगपतियों ने छोटे विमानों पर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी उड़ानें शुरू की हैं तो यह केवल उड़ान योजना के कारण संभव हुआ है। उड़ान योजना के प्रोत्साहन के बिना इन सभी छोटे ऑपरेटरों के पास कभी भी निर्धारित उड़ानें शुरू करने का साहस नहीं होता। छोटे ऑपरेटरों में उल्लेखनीय नाम स्टार एयर है जिसने 50 सीटों वाले एम्ब्रेयर 145 विमानों का परिचालन शुरू किया और 4-5 वर्षों के भीतर इस छोटी एयरलाइन ने अपना विस्तार कर 9 विमानों का बेड़ा तैयार कर लिया और अब वे 18 हवाई अड्डों से उड़ान भर रहे हैं जिनमें से अधिकांश में पहले कभी उड़ानें नहीं थीं। उड़ान के परिणामस्वरूप यह विमान भी भारतीय विमानन में एक नया संकलन था। उड़ान के कारण पेश किए गए कुछ अन्य छोटे विमानों में एयर टैक्सी द्वारा 3-सीटर पिस्टन इंजन टेकनाम विमान, इंडियावन का 9-सीटर सेसना कैरावान और एलायंस एयर का 19-सीटर डोर्नियर 228 और फ्लाईबिग एयरलाइंस द्वारा ट्विन ओटर शामिल हैं। भारत में 19 सीटों वाले विमानों का आना एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसमें काफी संभावनाएं हैं। छोटे विमान छोटे रनवे पर चल सकते हैं और उन्हें हवाई अड्डे के महंगे बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती है। जिन हवाई अड्डों पर ये छोटे विमान चल रहे हैं उनमें से कुछ में न्यूनतम बुनियादी ढांचा है जैसे पश्चिम बंगाल में कूच बिहार, अरुणाचल प्रदेश में जीरो, उत्तराखंड में पिथौरागढ़ आदि। देहरादून से पिथौरागढ़ तक सड़क यात्रा में 18 घंटे लगते हैं और उड़ान में केवल 1 घंटा लगता है। कूच बिहार से कोलकाता पहुंचने में सड़क मार्ग से 17-18 घंटे और ट्रेन से इतना ही समय लगता है, लेकिन अब लोग उड़ान फ्लाइट का उपयोग कर सकते हैं और एक घंटे में कोलकाता पहुंच सकते हैं। उड़ान में रियायती हवाई किराए ने इन दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को आसान बना दिया है। उड़ान योजना हेलीकॉप्टरों के लिए भी निर्णायक बदलाव साबित हो रही है। हेरिटेज एविएशन ने शुरूआत से ही उड़ान योजना की संभावना को पहचाना और यह फरवरी 2020 में हेलीकॉप्टरों पर उड़ान फ्लाइट शुरू करने वाली पहली निजी हेलीकॉप्टर कंपनी थी। यह देहरादून से उत्तराखंड के दूर-दराज के सीमावर्ती जिलों चमोली और उत्तरकाशी तक दैनिक कनेक्टिविटी संचालित कर रही है। 80 प्रतिशत से अधिक यात्री स्थानीय लोग हैं, इस तथ्य को दोहराते हुए कि उड़ान की थीम उड़े देश का आम नागरिक और हमारे प्रधानमंत्री की कल्पना कि हवाई चप्पल वाले हवाई जहाज में चलें, केवल नारे नहीं हैं बल्कि उड़ान के कारण वास्तव में साकार हो रहे हैं। उड़ान 5.1 टेंडर के नवीनतम दौर में एयरलाइंस को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम में कई नए मार्ग दिए गए हैं और बहुत जल्द दैनिक उड़ानें मुनस्यारी, पिथौरागढ और चंपावत के दूरस्थ और सुरम्य शहरों को हलद्वानी से जोड़ना शुरू हो जाएंगी। इन छोटे शहरों के लिए हेलीकॉप्टर उड़ानें न केवल आवश्यक हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी बल्कि इन क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। सरकार ने हेलीकॉप्टरों और छोटे विमानों के लिए अनेक नियमों में ढील दी है, जिससे यह उद्योग के लिए और अधिक आकर्षक हो गया है।

हताश युवा क्या करें?

भारत सरकार ने मान लिया है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए रूसी सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है। इस प्रकरण में उठा मुख्य मुद्दा यह है कि आखिर भारतीय नौजवान कहीं भी, कैसा भी काम पाने के लिए इतने व्यग्र क्यों हैं? भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ऐसे कम-से-कम 100 भारतीय नौजवान रूसी सेना में नौकरी कर रहे हैं। उनमें से कम-से-कम तीन को रूस ने मोर्चे पर तैनात किया है। यानी वे रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह संभवतः पहला मौका है, जब भारतीयों के सामूहिक रूप से भाड़े के सैनिक बनने की खबर आई है। सामने आईं जानकारियों के मुताबिक रूस की सेना ने दुबई के जरिए इन भारतीयों को अनुबंधित किया। रूस के गए नौजवानों के परिजनों का दावा है कि इन लोगों की नियुक्ति रूसी सेना की सहायता के लिए की गई थी, लेकिन यूक्रेन सीमा के पास ले जाकर उन्हें बताया गया कि उन्हें लड़ाई भी लडी है। मुद्दा उछलने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इन भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए भारत सरकार रूस की सेना के साथ संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध से अपने आपको दूर रखें। लेकिन यह सलाह बेमतलब है। जब ये नौजवान रूस चले गए, तब वहां के हालात उनके अपने हाथ में नहीं होंगे। इसलिए विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर भारतीय नौजवान विदेशों में कहीं भी, कैसा भी काम पाने के लिए इतने व्यग्र क्यों हैं? आखिर खुद भारत सरकार ने युद्ध-ग्रस्त इजराइल में मेहनत-मजदूरी करने के लिए हजारों युवाओं को भेजने का करार किया है। वहां जाने के लिए जुटी भीड़ में शामिल नौजावनों ने मीडिया से कहा था कि उन्हें इजराइल जाने का जोखिम मालूम है, लेकिन उन्हें लगता है कि यहां भूखों मरने से बेहतर वहां काम करते हुए मरना है। इ असल मुद्दा युवाओं में समा गई यही मायूसी है। उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा में जो नजारा दिखा है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि ऐसी हताशा क्यों पैदा हो रही है। अगर यह स्थिति आज सार्वजनिक विमर्श में सर्व-मुख्य मुद्दा नहीं है, तो रूस गए नौजवानों की तमाम चिंताएं निरर्थक समझी जाएंगी।

क्या लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बन पायेगा?

अंधेरों एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन डींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुईं। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है। सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मयार्दापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे।

ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है।

अंधेरों एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन डींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुईं। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है। सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मयार्दापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गए। इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए हैं, उसमें कांग्रेस का घुटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है?

अरविन्द ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाएं तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। ताजा कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी की सहमति से कांग्रेस को ही नुकसान होना है। केजरीवाल की बजाय ममता बनर्जी ने अलग छाप छोड़ी है। उसने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कह कर कांग्रेस के अधिक सीटों पर दावा करने के कारण स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा कर गठबंधन को धराशायी किया। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि त्रिपुरा, असम और गोवा में भी स्वतंत्र चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं, जिससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में निराशा ही हाथ लगेगी। इंडिया गठबंधन के नये बन रहे सकारात्मक परिदृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक सेहत पर कोई असर न झलकना उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परिचायक है। 2024 के चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य तय करने के मोदी के लक्ष्य के सामने अभी भी कोई बड़ी चुनौती दिख नहीं रही है। इन बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाजपा एवं मोदी अपनी सीटें कहां से बढ़ा सकेंगे, इसके लिये भाजपा दोतरफा रणनीति पर काम कर रही है। पहली है, दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा पहले ही उत्तर-पश्चिम के कई राज्यों में चरम पर पहुंच चुकी है। दूसरी रणनीति है पुराने सहयोगियों को एनडीए में वापस लाने और नए सहयोगियों को जोड़ने की, जिसमें वह अब तक काफी हद तक सफल भी रही है। जदयू एनडीए के साथ फिर से आ गई है, रालोद भी एनडीए में लौट आई है, पंजाब में अकाली दल को वापस लाने के प्रयास जारी हैं और तेदेपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। कुछ और पार्टियां एनडीए में शामिल हो सकती हैं। लेकिन एनडीए के विस्तार भर से भाजपा को 2024 में 370 सीटें नहीं मिलने वालीं। अभी उसे काफी जोड़-तोड़ करने होंगे। गौरतलब है कि अमित शाह ने तमिलनाडु की कमान संभाल ली है और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के. अन्नामलै को काम करने की खुली छूट दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तमिलनाडु का दौरा किया है, जिसे दक्षिण में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। केन्द्रीय मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ सक्रिय किया गया है। भाजपा दक्षिण के राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। राम मंदिर का उत्साह निश्चित रूप से उत्तर भारतीय हिंदी पट्टी के राज्यों में अधिक है, लेकिन दक्षिण भी भाजपा को कुछ चुनावी लाभ दे सकता है। याद रहे कि भाजपा ने पहले ही दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए मतदाता-पहुंच कार्यक्रम शुरू कर दिया है। तेलंगाना और केरल आदि दक्षिण के राज्यों पर भाजपा विशेष बल दे रहा है।

उत्तर प्रदेश में पेपर लीक कांड : आखिर इस लीकेज को कौन रोकेगा?

उत्तर प्रदेश में तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता का उजागर होना इसका ज्वलंत उदाहरण है। हाल की पुलिस भर्ती प्रतियोगिता के प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता ने तो अब तक के पिछले सभी मामलों को पीछे छोड़ दिया है। अब खुद सरकार संदेह के दायरे में है। अब सवाल ये है कि जो सरकार प्रश्न -पत्रों की गोपनीयता को नहीं बचा सकती, वो सरकार कानून और व्यवस्था के साथ ही महिलाओं की इज्जत-आबरू की सुरक्षा आखिर कैसे कर पाएगी? अयोध्या में राम मंदिर बनाना और सरयू के तट पर असंख्य दीपक जलाकर कीर्तिमान बनाना शायद आसान है लेकिन किसी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न -पत्रों की गोपनीयता बचाना उससे भी ज्यादा कठिन काम है। पुलिस और प्रशासन की तमाम मुस्तैदी के बाद भी प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता का हरण करने वाले अपना काम कर गुजरते हैं। आखिर में होता क्या है, केवल परीक्षा निरस्त होती है और कोई भी गिरोह पकड़ में नहीं आता। आ भी जाये तो उसे ऐसी सजा नहीं मिल पाती जो भविष्य के लिए नजीर बन पाए, और प्रश्न पत्रों की गोपनीयता को भंग करने से रोक पाए। हाल की पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्रों की गपनीयता के मामले में भले ही सरकार ने 391 लोगों की धर-पकड़ की है, लेकिन इससे उन लाखों लोगों के साथ न्याय तो नहीं हो सकता जिनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

राकेश अचल

लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

आप सरकार को एक इंजिन से चलाएं या दो इंजिनों से, उनमने इतनी इतनी ताकत नहीं है कि वे भ्ष्टार्चार, बेईमानी को रोक सके। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भी इसका अपवाद नहीं है। उत्तर प्रदेश में तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता का उजागर होना इसका ज्वलंत उदाहरण है। हाल की पुलिस भर्ती प्रतियोगिता के प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता ने तो अब तक के पिछले सभी मामलों को पीछे छोड़ दिया है। अब खुद सरकार संदेह के दायरे में है। अब सवाल ये है कि जो सरकार प्रश्न -पत्रों की गोपनीयता को नहीं बचा सकती, वो सरकार कानून और व्यवस्था के साथ ही महिलाओं की इज्जत-आबरू की सुरक्षा आखिर कैसे कर पाएगी? अयोध्या में राम मंदिर बनाना और सरयू के तट पर असंख्य दीपक जलाकर कीर्तिमान बनाना शायद आसान है लेकिन किसी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न -पत्रों की गोपनीयता बचाना उससे भी ज्यादा कठिन काम है। पुलिस और प्रशासन की तमाम मुस्तैदी के बाद भी प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता का हरण करने वाले अपना काम कर गुजरते हैं। आखिर में होता क्या है, केवल परीक्षा निरस्त होती है और कोई भी गिरोह पकड़ में नहीं आता। आ भी जाये तो उसे ऐसी सजा नहीं मिल पाती जो भविष्य के लिए नजीर बन पाए, और प्रश्न पत्रों की गोपनीयता को भंग करने से रोक पाए। हाल की पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्रों की गपनीयता के मामले में भले ही सरकार ने 391 लोगों की धर-पकड़ की है, लेकिन इससे उन लाखों लोगों के साथ न्याय तो नहीं हो सकता जिनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

आपको याद होगा कि पुलिस में सिपाही के 60 हजार से अधिक पदों के लिए 17 व 18 फरवरी को राज्यय के सभी 75 जिलों में परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों ने प्रदर्शन किया था, जिसके बाद यह पेपर रद्द कर दिया गया। में की बात ये है की प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग करने का ये संगठित अपराध उन राज्यों में ज्यादा होता है जहाँ डबल इंजिन की सरकारें हैं। प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता बनाये रखने कि लिए उन्हें सरकार कि सबसे बदनाम पुलिस थानों में रखा जाता है। लेकिन मजे की बात ये है कि इन बदनाम थानों से आजतक किसी प्रश्नपत्र की गोपनीयता भंग नहीं हुई। प्रशासन कि लोग इसमें शामिल नहीं होते। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग करने वाले दूसरे लोग ही होते हैं। ये केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं होते। ये हर प्रदेश में होते है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार सब जगह पाए जाते है। पिछले साल राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव कि समय खुद प्रधानमंत्री जी ने राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की गोपनीयता कि मामले को चुनावी मुद्दा बनाया था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में इसी मामले को लेकर वे गुड़ खाकर बैठे हैं। उनकी मजबूरी है। उत्तर प्रदेश में उनकी अपनीपार्टी की सरकार जो है। प्रश्न पत्रों की गोपनीयता से प्रश्न पत्र लीक करने वालों कि साथ सरकार को भी फायदा होता है। यानि अपराधी और सरकार एक ही नाव में सवार होते है। प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करने से सरकार को तगड़ी फीस मिलती है और प्रश्न पत्र लीक होने कि बाद परीक्षाएं निरस्त करने से सरकार नौकरी देने कि झंझट से भी बच जाती है। लीक करने वाले अपनी कमाई करने कि बाद चम्पत हो जाए हैं। इस काले कारोबार में शामिल चम्पत रायों को पकड़ना आसान काम है लेकिन कोई जब करे तब। लोग पकडे भी जाते हैं और छोड़ भी दिए जाते है। उन्हें उम्रकैद या फांसी की सजा नहीं होती। जो सजा होती है उससे कोई इस अपराध से तौबा करने कि लिए तैयार नहीं होता। उत्तर प्रदेश से पहले प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और दूसरे तरह की जालसाजी कि लिए मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सुर्खियों में रहती था। बहुचर्चित व्यापम घोटाला इस देश को अबतक याद होगा। लेकिन न कभी कोई मुख्यमंत्री बदला गया, न शिक्षा मंत्री, न कोई पुलिस महानिरीक्षक हटाया गया। इसीलिए ये धंधा आज भी बदस्तूर चल रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में परीक्षाओं में नकल रोकने कि लिए एक सख्त कानून बनाया है जबकि जरूरत प्रतियोगी परीक्षाओं कि साथ ही सभी परीक्षाओं कि प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने वालों कि खिलाफ कड़ी सजा देने कि कानून बनाने की थी। बहरहाल उत्तरप्रदेश की योगी सरकार अपना काम कर रही है। सरकार फिर से रिक्त पदों को विज्ञापित करेगी। फिर से परीक्षाएं आयोजित करेगी। सरकार जिस परीक्षा को निरस्त किया गया है उसके सभी आवेदकों को परीक्षा शुल्क में छूट देने की उदारता शायद ही दिखाए। या निरस्त परीक्षा को बिना नए आवेदन लिए दोबारा आयोजित करे। क्योंकि ऐसा करना घाटे का सौदा है। घाटे का सौदा कोई भी सरकार करना नहीं चाहती। भले ही मुद्दा नौजवानों कि भविष्य से जुड़ा क्यों न हो! प्रश्नपत्र लीक करना ही अकेला अपराध नहीं है। इसके साथ ही मुन्ना भाइयों का भी धंधा जुड़ा होता है। ये मुन्ना भाई है स्कूल की परीक्षाओं से लेकर मेडिकल की परीक्षाओं और हर स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं कि लिए उपलब्ध होते हैं। इनका अपना गिरोह होता है। ये हर स्तर पर जालसाजी करने में सिद्धहस्त माने जाते हैं। आधुनिक तकनीक का सहारा लेते है। लेकिन इनकी मदद अंततोगत्वा सरकारी मशीनरी ही करती है।

इंडिया गठबंधन की एनडीए गठबंधन को कड़ी टक्कर

सनत जैन

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अंतिम चरण में है। राहुल गांधी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिन राज्यों गई वहां कांग्रेस का कोई प्रभाव नहीं था। उन राज्यों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से लोगों को जोड़ने, उनकी समस्याओं को उभारने, आम जनता से जुड़े हुए मामले, जिन में अग्निवीर, किसान, फसलों की एमएसपी, रोजगार, न्यूनतम मजदूरी गारंटी तथा पिछड़ा वर्ग, एसटी- एससी और अल्पसंख्यकों को जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात कहकर जनमानस को जोड़ने, का काम किया है। पिछले 10 वर्षों में अदानी और पूंजी पत्तियों के लाखों करोड़ रुपए के कर्ज माफ करने, मोदी सरकार द्वारा किसानों के कर्ज माफ नहीं करने, अमीर-अमीर हो रहे हैं। गरीब-गरीब हो रहे हैं। स्थाई नौकरी के स्थान पर कांटेक्ट पर नौकरी देने, जैसे मामलों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से लगभग सभी वर्गों को जोड़ने में उन्हें सफलता मिली है। जहां कांग्रेस और राहुल गांधी का कोई प्रभाव नहीं था। उसके बाद भी उन्हें जो जन समर्थन मिला है। उसके कारण इंडिया गठबंधन और भी मजबूत होकर उभर रहा है। इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दल उसी तर्ज पर अपने-अपने राज्यों में जनता के बीच जाकर, भारतीय जनता पार्टी और डबल इंजन की सरकारों के प्रति माहौल बनाने रैली कर रहे हैं। आम जनता की नाराजगी, उनका डर ओर भय खत्म करके, आम जनता को सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है। इसका असर अब इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दलों में देखने को मिल रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए छह मुद्दे तैयार किए हैं। उन मुद्दों को लेकर इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दलों के बीच में आम सहमति बन गई है। हर राज्य में क्षेत्रीय दलों के साथ सीटों के बंटवारों को लेकर कांग्रेस ने लगभग लगभग सहमति बना ली है। राहुल गांधी को यह अच्छी तरह से समझ में आ गया है, कि बिना क्षेत्रीय दलों के सहयोग से विपक्ष भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा के चुनाव की लड़ाई को जीत नहीं सकता है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता और अपार जनसमूह जुड़ने से इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दल अब अच्छी तरह से समझ गए हैं, कि उन्हें यदि भाजपा का मुकाबला करना है। तो जनता के बीच एकजुट होकर जाना पड़ेगा। 1977 में आपातकाल के बाद जिस तरह का माहौल 1977 में बना था

संक्षिप्त खबरें

नहीं रहे भेल्दी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रभुनाथ शर्मा

भेल्दी। भेल्दी पंचायत के पूर्व मुखिया व महान शिक्षाविद् प्रभुनाथ शर्मा का निधन रविवार की अहले सुबह उनके पैतृक गांव भेल्दी में हो गया।वे 90 वर्ष के थे।वे राय साहब उच्च विद्यालय पैगा में प्रधानाध्यापक के साथ-साथ भेल्दी पंचायत से मुखिया भी बने थे। उनके निधन की खबर सुनते ही इलाके में शोक की लहर फैल गई। उनके निधन पर पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय, सरपंच हरेन्द्र सिंह,रामनरेश द्विवेदी,कौशल सिंह,मुरारी सिंह ने गहरी संवेदना ब्यक्त करते हुए सारण जिले के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।

सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

छपरा। सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शन करने वाले युवक को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। वीडियो का सत्यापन के पश्चात इसुआपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक शमीम अख्तर पिता अख्तर आलम डोईला गांव इसुआपुर का निवासी बताया गया है। इसुआपुर पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत यह कार्रवाई की गई है, सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो और वीडियो जिसमें युवक हथियार लहरा रहा था।

पुलिस कार्रवाई में 17 अपराधी हुए गिरफ्तार

छपरा। सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 17 अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें आर्म्स एक्ट के एक, खनन कांड के एक, उत्पाद एक्ट के 14 तथा हत्या के प्रयास के एक अपराधी शामिल है। इसके अलावा 27 वारंट एवं 10 कुर्की कांड का भी निष्पादन किया गया है। इस अभियान में 110 लीटर देसी शराब तथा 7.92 लीटर विदेशी शराब भी जप्त की गई है।

अंतर्विभागीय समन्वय एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्यों के निष्पादन को लेकर बैठक सम्पन्न

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 236 पंचायतों से लाभुकों की सूची को संबंधित पंचायत स्तर से निर्धारित पोर्टल पर अपलोड(ऑनबोर्ड) किया गया है

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने आज समाहरणालय सभागार में सभी जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ तात्कालिक प्राथमिकता वाले कार्यों के ससमय निष्पादन एवं आपसी समन्वय को लेकर बैठक किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 236 पंचायतों से लाभुकों की सूची को संबंधित पंचायत स्तर (प्रथम स्तर) से निर्धारित पोर्टल पर अपलोड(ऑनबोर्ड) किया गया है।आज संध्या तक शेष पंचायतों की सूची अनिवार्य रूप से अपलोड कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। प्रथम स्तर पर सत्यापन के उपरांत संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय के स्तर से सूची अपलोड किया जा रहा है।द्वितीय स्तर पर जिला स्तर से सत्यापन के उपरांत सूची राज्य स्तर पर अग्रसारित की जा रही है। जिला स्तर से अभी तक 143 लाभुकों की सूची अग्रसारित की गई है। जिला के लिये प्रत्येक सप्ताह के लिये 1000 का लक्ष्य निर्धारित है, इसी के अनुरूप लाभुकों की सूची प्रतिदिन सभी ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय स्तर से अपलोड करने को कहा गया। तत्काल सभी प्रखंड हेतु 50 तथा प्रत्येक नगर निकाय हेतु 50 आवेदन प्रति सप्ताह का आंतरिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी लक्ष्य के अनुरूप प्रति सप्ताह लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत जिला के सभी पात्र शेष परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत जिला में लगभग 2 लाख 54 हजार पात्र परिवारों में से लगभग 1 लाख परिवारों का कार्ड बनाया जा चुका है, शेष पात्र परिवारों का कार्ड विशेष अभियान के तहत पीडीएस दुकानों के माध्यम से बनाया जाना है। इसके लिये सभी जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर 2 मार्च को विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये सभी मार्केटिंग ऑफिसर को कार्रवाई का निदेश दिया गया। कॉमन सर्विस सेंटर के कर्मी को जनवितरण की दुकानों के साथ आवश्यक तकनीकी सहयोग हेतु सम्बद्ध किया जा रहा है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इसका प्रतिदिन अनुश्रवण करने को कहा गया। अनुमंडल पदाधिकारियों को कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया।

हत्याकांड का आरोपित युवक हुआ गिरफ्तार, खंजर भी हुआ बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। बिति रात मुफस्सिल थाना अंतर्गत मेथवलिया के नजदीक हिंदुस्तान लीवर एजेंसी के मालिक के घर में घुसकर एक महिला की धारदार हथियार से हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। एजेंसी के मालिक सूरज महतो पिता अनिल महतो के बयान के आधार पर हत्यारा अजीत कुमार पिता नंदू महतो रामनगर नयका टोला गांव का निवासी बताया गया है। सारण पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक अजीत कुमार मुफस्सिल थाना के मेथवलिया स्थित हिंदुस्तान लीवर एजेंसी में काम करता था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अजीत कुमार पर एजेंसी से सामान चोरी कर बेचने का आरोप था। जिस कारण एजेंसी से उसे निकाल दिया गया था। बीती रात लगभग 1:00 बजे अजीत कुमार एजेंसी मालीक के घर में घुसकर उसकी मां राजन्ति देवी की धारदार खंजर से हत्या कर दी गई।

कायस्थ परिवार के सदस्यों ने नेत्रहीन विद्यालय में किया बर्तन का वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यो के प्रति समर्पित संस्था कायस्थ परिवार, छपरा के संस्थापक सदस्यों ने नेत्रहीन विद्यालय में भोजन व्यवस्था हेतु बर्तन वितरण कर अपने सामाजिक दायित्व का परिचय दिया है। सदस्यों के द्वारा आज मंगलवार को छपरा स्थित नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों के भोजन व्यवस्था हेतु बर्तन वितरण किया गया ।साथ ही साथ विद्यालय के प्राचार्य से मिलकर आवश्यकताओं को उल्लेखित करने का आग्रह किया जिसके बाद एक सूची भी बनाया गया जिसे पूर्ण करने का प्रयास कायस्थ परिवार छपरा की टीम करेगी । संस्थापक सदस्य ई.अभिजीत श्रीवास्तव ने नेत्रहीन बच्चों से बातचीत की एवं विद्यालय प्राचार्य को संस्था की तरफ से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। संस्थापक सदस्य राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कायस्थ परिवार एक सोच है जो सामाजिक सहयोग के कार्यों का निरंतर करते रहने का प्रयास करेगी तथा समय समय पर यह संस्था धरातल पर उतारती है ।बर्तन के आवश्यकताओं की जानकारी संस्थापक मण्डल के सदस्य प्रिंस राज के द्वारा मिली थी जिस कारण त्वरित रूप से पहल की गई । मौके पर अन्य सदस्यों में विनय कुमार मौजूद थे ।इस बीच विद्यालय से जुड़े बच्चों ने कायस्थ परिवार के सदस्यों की सोच एवं सामाजिक कार्यो की सराहना करते यह उम्मीद जताया कि आने वाले दिनों में अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाएगा।

मीडिया पार्टनर के साथ पीरामल फाउंडेशन ने की बैठक

वक्ताओं ने पत्रकारिता कौशल को बढ़ावा देने सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। स्वास्थ्य शिक्षा पोषण व अन्य विकास कार्यों में मीडिया की भूमिका के मजबूती को लेकर पिरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में सदर अस्पताल के जीएनएम ट्रेनिंग हाल में मीडिया पार्टनर के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए पिरामल फाऊंडेशन के सारण के डिवीजनल लीड हरिशंकर कुमार ने कहा कि विकसित भारत बनाने को लेकर महिला और युवा के नेतृत्व में अनेक प्रयास चल रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक आम लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाए जा सके। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कंसोर्टियम का लक्ष्य है पत्रकारिता कौशल को बढ़ाना तथा सूचना तंत्र को बढ़ावा देना है। डिवीजन लीड ने यह भी कहा कि राष्ट्र निर्माण को लेकर सरकार के स्तर से प्रयास हो रहा है, पत्रकारों को भी इसमें सहभागिता आवश्यक है। प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक मीडिया ग्रास रूट पर सेवा भाव से कार्य करते है, पत्रकारिता प्रोफेशन से जुड़े मीडिया कर्मी को भी राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान मिल सके, पिरामल फाऊंडेशन इस दिशा में प्रयास करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए पीरामल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय सुमन ने कहा कि मीडिया कर्मी अपनी जिम्मेदारियां का निर्माण निष्पक्षता से तो करते हैं।

भाजयुमो द्वारा ग्रामीण मंडल में लगाया गया युवा चौपाल

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत युवा चौपाल सांगठनिक जिला रक्सौल के रक्सौल विधानसभा के अंतर्गत रक्सौल ग्रामीण मंडल में युवा चौपाल लगाया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के द्वारा किए गए कार्य एवं उपलब्धियां को युवाओं के बीच में रखा गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो युवाओं ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित सांगठनिक जिला रक्सौल के युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत सूर्यवंशी, विजय कुशवाहा, जिला महामंत्री मदन पटेल, चितरंजन यादव, जिला मंत्री नीरज कुशवाहा, राहुल कुमार, रघुवीर कुमार, प्रीतम कुमार, कन्हैया कुमार, सुदामा कुमार, नितेश शर्मा, रोहन कुमार, विकास शर्मा, विनय कुमार, अनूप शर्मा, श्याम कुमार, विकास पटेल एवं नंदन पटेल आदि लोगों ने भाग लिया।

शिलानाथ मंदिर न्यास समिति का कैशबुक गायब

प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा। शिल्हौड़ी स्थित शिलानाथ मंदिर न्यास समिति की कैशबुक गायब होने की चर्चा आम बनती जा रही है। इसको लेकर समिति के सदस्यों के बीच चर्चा अब बाहर तक आने लगी है। कैशबुक रजिस्टर गायब होने के पीछे राशि गबन करने की आशंकाओं को व्यक्त किया जा रहा है। हालांकि इस विषय पर खुलकर कोई सामने नहीं आ रहा है ।कमिटी के ही नजदीकी व्यक्ति ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि उक्त मामला न्यास समिति के अध्यक्ष सह मढ़ौरा एसडीओ तक पहुंचीं तो उन्होंने फटकार लगाते हुए समिति के सदस्यों को कहा कि गायब रजिस्टर हर हाल में मिलना चाहिए। नहीं मिलने पर कोष की राशि गबन का मामला बनेगा, जिसको लेकर एफआईआर की जायेगी और कार्रवाई के जद में कमिटी के लोग आएंगे।

जाने मानें होमियोपैथ चिकित्सक की पहली पुण्यतिथि मनी

- सैकड़ों लोगों द्वारा उपस्थित होकर स्व. डॉ. एके सिंह की तैल चित्र पर फुल माला अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया

प्रात : किरण, संवाददाता

शहर के जानेमाने होमियोपैथिक चिकित्सक व नवादा ग्राम निवासी दिवंगत अनिल कुमार सिंह की पुण्यतिथि सादगीपूर्ण तरिके से मनायी गयी। स्व डॉ सिंह की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को प्रखंड के नवादा गाँव में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों लोगों द्वारा उपस्थित होकर स्व डॉ एके सिंह की तैल चित्र पर फुल माला अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। मौके पर उपस्थित अवकाश प्राप्त जिला सहकारिता पदाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह ने दिवंगत डॉ एके सिंह की कृतित्वों एवं व्यक्तित्व पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ साहब एक साल पहले दुनिया से विदा हो गये। डॉ साहब बहुत ही नेकदिल, मिलनसार एवं सुखदुख के सच्चे साथी थे। उनकी कमी ताउम्र याद आती रहेगी। मौके पर शिक्षिका नीलम कुमारी, समाजिक कार्यकर्ता मुन्ना सिंह, अधिवक्ता राकेश कुमार उर्फ पप्पू सिंह, रिविलगंज प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अजित सिंह, दुलार चंद शर्मा आदि सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण नमन किया।

आयुष्मान गोल्डन का किया गया वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता

परसा ।राजीव प्रताप रूडी द्वारा प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरण का आयोजन परसा प्रखंड के सगुनी पंचायत के प्रताप छपरा निवासी तूफान सिंह के आवास पर सांसद द्वारा किया गया ।शिविर में सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह द्वारा 75 लाभुकों के बीच आयुष्मान गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया ।कार्ड वितरण के दौरान उपस्थित लाभुकों तथा ग्रामीणों को राकेश सिह सुदिश सिह जितेंद्र सिंह अनिल सिंह अर्जुन सिंह ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दिया ।उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार गांव एवं गरीबों के प्रति समर्पित हैं ।सांसद राजीव प्रताप रूडी नरेंद्र मोदी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं ।सभी योजनाओं का लाभ गरीबो को दिलाने का काम कर रहे हैं ।उन्होंने आयुष्मान कार्ड से बिहार के चयनित अस्पताल की सूची,स्वास्थ्य की परीक्षण,ऑपरेशन समेत मिलने वाली सभी लाभ की जानकारी दिया।

उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में स्वीप अभियान से संबंधित कार्यों को गति देने हेतु की गई समीक्षा बैठक

- लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सारण जिला में चलाया जा रहा है सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं मतदाता सहभागिता (स्वीप) अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता अभियान (स्वीप) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के सहयोग एवं समन्वय से विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान को निरंतरता एवं गति देने के उद्देश्य से आज स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गई। सभी पदाधिकारी को बताया गया कि स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम का कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागों को जिम्मेवारी दी गई है। मुख्य रूप से आईसीडीएस, जीविका एवं शिक्षा विभाग के सहयोग एवं समन्वय से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिले के सभी चिन्हित वल्नरेबल टोले/ बूथ में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रयोग हेतु आईसीडीएस एवं जीविका के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी प्रकार युवा एवं भावी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उच्च/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में इलेक्टरल लिट्रेसी क्लब का गठन किया गया है। इसके माध्यम से शिक्षकों द्वारा युवाओं को उनके मताधिकार के उपयोग की महत्ता के बारे में जानकारी देकर प्रेरित किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को इस अभियान को निरंतर जारी रखने तथा गति देने का निदेश दिया। महिला एवं युवा मतदाताओं को विशेष रूप से जागरूक एवं प्रेरित करने का निदेश दिया गया। मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का फोटो एवं वीडियो क्लिप भी कार्यक्रम की विवरणी के साथ उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई सी डी एस, डीपीएम जीविका, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे।

थाने के नये थाना अध्यक्ष बने उदय कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। वर्तमान थाना अध्यक्ष संजीव कुमार के स्थानांतरण के बाद मंगलवार को नये थाना अध्यक्ष के रूप में उदय कुमार ने अपनी योगदान किया। इसके पहले एसपी के गोपनीय शाखा में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं अमन चैन तथा कानून व्यवस्था कायम रखना उनकी प्राथमिकता होगी। शराब धंधे बाजों असमाजिक तत्वों के लोगों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर पौनी नजर रहेगी ।इस मौके पर थाने के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

फाइलेरिया से सुरक्षित रहेंगे बच्चे तो उज्जवल होगा देश का भविष्य

- बच्चों ने उत्साह के साथ किया फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिले से फाइलेरिया को पूरी तरह से मिटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तत्पर है। जिस दौरान वृहद पैमाने पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। ताकि लोगों को फाइलेरिया के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। इसके लिए डोर टू डोर अभियान चलाने के साथ सामूहिक रूप से भी दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक लोग फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करें। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के दरिया प्रखंड अंतर्गत बेला स्थित रेल पहिया कारखाना परिसर में अवस्थित केंद्रीय विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम की निगरानी में 450 स्कूली बच्चों के साथ-साथ 23 शिक्षकों और स्टाफ को दवाओं का सेवन कराया गया। इस दौरान प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मेजर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बच्चों को बताया कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो इस समाज के लिए अभिशाप है। यह बीमारी लोगों को शरीर के साथ साथ मरीज को मानसिक रूप से भी दिव्यांग कर देती है। इसलिए आज यह बेहद जरूरी है कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों को इस भयानक बीमारी से बचाया जा सके। इसके लिए सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करना चाहिए। दवा की खुराक पूरी नहीं करने पर यह रोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायकः एमओआईसी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मेजर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बच्चों को बताया कि यह बीमारी मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। क्योंकि यह बीमारी इतनी खतरनाक है कि इसका कोई भी इलाज नहीं है। केवल फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि फाइलेरिया से संक्रमित हो जाने पर लंबे समय तक इलाज चलने, दवा की खुराक पूरी करने और प्रभावित अंगों का सही से रखरखाव करने पर रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। दवा की खुराक पूरी नहीं करने पर यह रोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायक है। इसलिए सरकार द्वारा चलाए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) राउंड के दौरान सभी को तीन सालों तक साल में एक बार लेना आवश्यक है। जिससे वो फाइलेरिया की चपेट में आने से बच सकेंगे। सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया मुक्त अभियान में सहयोग करना हम सभी की जिम्मेदारीः प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य शिवा कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि समाज को फाइलेरिया से मुक्त करने के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग विभिन्न प्रकार कार्यक्रमों का आयोजन के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रही है।

समाजसेवी ने गाँव की जर्जर सड़क की मरम्मती का किया श्री गणेश

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी प्रखंड के गोबरही गाँव निवासी व प्रसिद्ध समाजसेवी राम अवतार सिंह ने अपने निजी कोष से गोबरही गाँव तक जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मती शुरू करा दी है। मंगलवार को अनेक गणमान्य लोगों की मौजूदगी में उन्होंने मजदूरों व जेसीबी के सहारे सड़क मरम्मती का विधिवत शुभारम्भ किया। बताते चलें कि ताजपुर एकमा मुख्य मार्ग से गोबरही गाँव को जोड़ने वाली सड़क जर्जर हो गई है तथा जगह जगह खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जर्जर सड़क की ढलाई कराने के अलावा सड़क किनारे जेसीबी के सहयोग से मिट्टी डालकर सड़क को और अधिक सुगम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के आग्रह पर वे मन्दिर निर्माण के अलावा अन्य सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़ कर अक्सर सहयोग करते रहे हैं। गांव से सैकड़ों मील दूर उत्तराखंड के नैनीताल में रहकर भी जन्मभूमि से वे भरपूर लगाव रखते हैं। उन्होंने बताया कि काफी दिनों से सड़क के जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। जनप्रतिनिधि भी उक्त सड़क की मरम्मति की दिशा में खास रुचि नही ले रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जर्जर सड़क पर साइकिल, मोटरसाइकिल को कौन कहे, पैदल चलना भी दूभर हो गया था। सड़क की बदहाली को देखते हुए मंगलवार से उन्होंने गांव के बुद्धिजीवियों से समन्वय स्थापित कर अपने निजी कोष से मजदूरों व जेसीबी के सहयोग से सड़क की मरम्मति शुरू करा दी।

भाजपा मंडल कार्यकारिणी की बैठक का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर। स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के विश्वंभरपुर गांव स्थित सरपंच जगदम्बा देवी के आवास पर भाजपा मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सह मटिहान सरपंच मंटू बाबा ने की।बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा विस्तारक श्रीभगवान सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं विस्तृत चर्चा की।लोक सभा विस्तारक दिलीप सिंह ने भी सभी कार्यकताओं से प्रधानमंत्री के निर्देश पर मार्च के पहले सप्ताह में घर घर जाकर विभिन्न योजनाओं से मिलने वाली लाभ से जुड़ी जानकारियां लेने की बात कही। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा ने उज्ज्वला योजना,जन धन योजना,गैस पाइप लाइन,आयुष्मान योजना के साथ ही सैकड़ों अन्य प्रकार के लाभार्थियों से मिलकर मोबाइल के सरल एप पर मिस्ड कॉल कराने का निर्देश दिया।इसके साथ ही सभी कार्यकताओं को पूरी तन्मयता के साथ पार्टी के कार्यों की चर्चा करने की भी बात कही,ताकि प्रत्येक बूथ पर काम से काम पचास फीसदी मद भाजपा को मिल सके ।बैठक में मुख्य रूप से सुनील गुप्ता,सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा,राम परीक्षण शर्मा,जितेंद्र सिंह,अनिल कुमार, रत्ना देवी,उमा कुमारी,अजय साह,मनीष गुप्ता,गोपाल कुमार,सुनील सिंह,पिंटू सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट

प्रात : किरण, संवाददाता

तरैया थाना क्षेत्र के नंदनपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में कलावती देवी ने पांच लोगों को प्राथमिक की दर्ज कराई है ।दर्ज प्राथमिकी में मास्टर कुमार,विजय कुमार, दशरथ महतो,शत्रुघ्न प्रसाद व संतोष महतो को आरोपित किया गया है। दर्ज प्राथमिक की में कहा गया है कि मेरी पोती द्वार पर झाड़ू लगा रही थी तभी मास्टर कुमार व विजय कुमार उसे खींच कर ले जाने लगे ।उसके चिल्लाने पर मैं और मेरे घर के बेटा,बेटी,पतोहु बचाने आए तो उक्त लोग हम सब को लाठी डंडे से मरने लगे। मारपीट के क्रम उक्त लोग मेरे गर्दन से पांच जिउतिया, मंगलसूत्र व नथिया नोच लिए और जान से मारने की धमकी देने।

5 मार्च को सारण आयेंगी केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण

- सारण में 2020 बैंक शाखाओं से 1090 करोड़ के डिस्बर्समेंट का लक्ष्य हो रहा है पूरा
- क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में वित्त मंत्री का लाभार्थियों से होगा संवाद

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। 02 मार्च को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का सारण में आयोजित होने वाला कार्यक्रम अब 05 मार्च को आयोजित होगा। स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दो मार्च को प्रधानमंत्री का दौरा बिहार में हो रहा है इसलिए केंद्रीय वित्त मंत्री का कार्यक्रम तीन दिन बढ़ाकर पांच मार्च को किया गया है। यह कार्यक्रम जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस संदर्भ में सांसद ने मंगलवार को लीड बैंक अधिकारियों से ऑनलाइन बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिया। ऑनालाईन बैठक में सांसद श्री रुडी ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के पात्र शतप्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड - कृषि, पशुपालन, मत्स्य, पी.एम स्वनिधि और विश्वकर्मा योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने की बात कही। विदित हो कि हाल ही में बैंक अधिकारियों के साथ सांसद ने सारण समाहरणालय में बैठक की थी। बैठक में सांसद ने सारण में कुल 220 शाखाओं से 1090 करोड़ का डिस्बर्समेंट पूरा होने पर प्रसन्नता जाहिर की थी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय और सूबे के उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे।

इसुआपुर में संदेहात्मक स्थिति में महिला की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता। इसुआपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के नवादा गांव में सोमवार की रात संदेहास्पद स्थिति में एक महिला की मौत हो गई ।एक महिला की संदेहात्मक स्थिति में सोमवार की रात्रि में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोबीन्द.सिंह की पुत्रवधू तथा धीरज सिंह की पत्नी खुशी देवी की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व धीरज सिंह से हुई थी। खुशी देवी के पति धीरज सिंह केरल में प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिजनों के अनुसार खुशी देवी की मौत हॉट अटैक से होने की बात कही जा रही है। वहीं दादी लक्ष्मीना देवी के अनुसार वह रात में आठ बजे खाना खाकर सो गई तथा रात्रि के लगभग 11 बजे पेट में दर्द होने की बात कही। तब उन्होंने घरेलू इलाज अजवाइन वगैरह दे दिया ।जिसके बाद वह सो गई। वहीं एक घंटे के बाद जब लोगों ने देखा तो वह मर चुकी थी। वहीं मृतका के पिता तरैया थाना क्षेत्र के तरैया गांव निवासी दिलीप सिंह ने इसुआपुर पुलिस को इसकी जानकारी दी।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में मां,बेटा जख्मी

आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के आरा-बक्सर मुख्य मार्ग पर कोइलवर फॉर लेन पुल पर विपरीत दिशा से आ रही एक कन्टेनर ट्रक ने बाइक सवार मां बेटे को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन फानन में स्थानीय लोगों व पत्रकार के सहयोग से जख्मी माँ-बेटो को इलाज के लिए कोइलवर पीएचसी लाया गया जहां जख्मियों का इलाज चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार आरा महुली निवासी अमरेंद्र सिंह का 18 वर्षीय पुत्र अंकित अपनी मां मालती देवी के साथ अपने नानी घर मनेर के रामपुर जा रहा था इसी दौरान कोइलवर नए सिक्स लेन पुल पर विपरीत दिशा से आ रही एक कन्टेनर ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मां बेटे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। गनीमत रही कि मां बेटे किसी अन्य वाहन की चपेट में नहीं आये नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता है। टक्कर मारने के बाद कन्टेनर तेज रफ्तार से आरा की ओर भाग निकला। महिला की स्थिति को चिंताजनक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें आरा रेफर कर दिया।

हर्ष फायरिंग के दौरान 6 साल के मासूम को लगी गोली

भोजपुर। बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव में सोमवार की रात तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक 6 वर्षीय मासूम को गोली लग गई। गोली प्राइवेट पार्ट (पीछे) में लगी है। जख्मी मासूम बच्चा बिहिया निवासी राहुल कुमार श्रीवास्तव के 6 वर्षीय बेटे प्रतीक कुमार है। राहुल आर्मी में नायक के पद पर लद्दाख में कार्यरत है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जख्मी के पिता राहुल ने बताया कि वो अपनी पत्नी मनीषा और बेटा के साथ अमराई नवादा तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। तिलक समारोह में प्रतीक कुछ बच्चों के साथ डीजे पर डांस कर रहा था। तभी अचानक रोने लगा। जब हमलोग उसके पास पहुंचे और देखा की उसके पैंट से खून आ रहा है। उसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए। वही, जख्मी प्रतीक ने बताया कि डांस करने के दौरान गोली चलने की आवाज सुनाई दी, उसके बाद मुझे गोली लग गई। वहीं भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि जगदीशपुर अनुमंडल अंतर्गत बिहिया थाना के अमराई नवादा में एक तिलक कार्यक्रम के दौरान फायरिंग के क्रम में एक नाबालिक युवक प्रतीक श्रीवास्तव को पीछे से गोली लगी है। प्रथम दृश्टया वादी या पीड़ित के परिवार वाले या समारोह के आयोजक लोगों ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भोजपुर के द्वारा युवा चौपाल का आयोजन

आरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भोजपुर के द्वारा युवा चौपाल का आयोजन जिला अध्यक्ष विभु जैन के निर्देशन में आरा नगर मंडल के अध्यक्ष बलजीत सिंह की अध्यक्षता में दो शक्ति केंद्र पर युवाओं के साथ बैठक की गई जिसमे शक्ति केंद्र 37,38,39 की बैठक रीडर लाइब्रेरी में की गई जिसमे जिला उपअध्यक्ष अंकित तिवारी, जिला मंत्री अभिषेक अमन, कमल क्लब संयोजक बड़े सिंह बजरंगी, सह संयोजक विक्रमादित्य सा, शोशल मिडिया प्रभारी प्रतीक सिंह चंद्रवंशी, ऋषिभ कुमार, दीपक शर्मा, आशीष त्रिपाठी, विष्णु कुमार, निखिल गुप्ता,नवीन कुमार, एननाइट छोटी लाइन कॉलोनी रेलवे स्टेशन के बगल में शक्ति केंद्र 40,41,42 की बैठक की गई जिसमें मंडल उपाध्यक्ष सरोज प्रसाद, विजय सिंह,नंदू,परसाद, शिवपूजन सिंह, बच्चन परसाद, शिवशंकर परसाद, मनोज परसाद, मुना डोम, दीनानाथ राम, मनीष पासवान, विसुन राम,कुंदन राम, राम अनुज राम लोग उपस्थित थे जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी

चुनाव को लेकर बैठक हुई आयोजित

सासाराम (रोहतास)। सासाराम कलेक्ट्रेट में लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम नवीन कुमार एवं एसपी विनीत कुमार के मौजूदगी में राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया गया।बताया गया कि लोकसभा चुनाव को बूथ पर विधी व्यवस्था सुरक्षा सहित अन्य कोषांग को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया।डीएम नवीन कुमार एवं एसपी विनीत कुमार ने चुनाव आयोग के वर्तमान निर्देश का भी लोगों के शेयर किया।इस दौरान राजनीतिक दलों से जुड़े मौजूद लोगों ने भी बूथ सहित क्षेत्र में आने वाली समस्या को पदाधिकारियों के समक्ष रखी।

एक ट्रक से लाखों रुपए की शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

दुर्गावती। स्थानीय पुलिस ने कुल्हड़ियां मोड़ के पास एनएच दो से एक ट्रक से 6596 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वही शराब को लेकर जा रहे ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चालक की पहचान मंगेश कुमार हरियाणा के रूप में की गई है। ट्रक चालक ने पुछे जाने पर बताया की 65 96 लीटर अवैध शराब को हरियाणा से बिहार के पटना ले जाया जा रहा था।

राजद विधायक के आवास पर ईडी ने की छापेमारी

पूर्व विधायक अरुण यादव व उनकी पत्नी विधायक किरण देवी आवास पर नहीं थे मौजूद

प्रात : किरण संवददाता

आरा। आरजेडी परिवार की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में लालू परिवार के बाद उनके करीबी विधायकों की भी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। ईडी द्वारा लालू परिवार के करीबी माने जाने वाले पूर्व विधायक अरुण यादव पर भी ईडी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में मंगलवार को भोजपुर जिले के सन्देश विधानसभा से आरजेडी के पूर्व विधायक अरुण यादव के अगियांव स्थित आवास पर ईडी के 10 सदस्यीय टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस छापेमारी के लिए पहुँची है। हालांकि इस दौरान कहा जा रहा है अगियांव स्थित आवास

पर ना तो विधायक किरण देवी ना ही उनके पति पूर्व विधायक अरुण यादव मौजूद हैं। आवास के बाहर मौजूद विधायक के करीबी अजय यादव ने बताया की सुबह 5 बजे ही 6 गाड़ियों से लगभग 10 से 12 के संख्या में अधिकारी यहां पहुंचे। अंदर प्रवेश करते ही मुख्य गेट को बंद कर दिया गया और अधिकारी छापेमारी में जुट गए। आवास में विधायक के बड़े बेटे पप्पू मौजूद हैं जिनसे अधिकारी पूछताछ कर रहे है। समर्थकों की माने तो विधायक किरण देवी और पूर्व विधायक अरुण यादव की तबियत खराब है इलाज के लिए पहले से ही वो लोग बाहर गए हुए है। मालूम हो कि अरुण यादव पहले से सीबीआई की रडार पर चढ़े हुए हैं और पिछले साल उनके ठिकानों पर छापेमारी भी सीबीआई के द्वारा की गई थी। इसी क्रम में सीबीआई की टीम बीते जनवरी माह में आरजेडी विधायक किरण देवी के घर भी पहुंची थी और नोटिस थमाया था। मालूम हो कि अरुण यादव की पत्नी किरण देवी वर्तमान में संदेश विधानसभा क्षेत्र की राजद की विधायक हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में रेप केस में फंसे होने के कारण राजद ने अरुण यादव का टिकट काट कर उनकी पत्नी किरण देवी को अपना उम्मीदवार बनाया था।जिसके बाद किरण देवी भारी बहुमत से जीतकर संदेश की विधायक बनी।

प्रधानमंत्री द्वारा बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन को सौगात देना ऐतिहासिक पल : डॉ. मनीष

प्रात : किरण संवददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृव में लगभग 14 साल के लंबे अंतराल के बाद अनुमंडलीय क्षेत्र बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की 26 फरवरी को सौगात मिलना एक ऐतिहासिक युग की शुरूआत हुई है। जिसके सौगात के मिलने पर पूरे अनुमंडल क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल बना हुआ है। वही प्रधानमंत्री द्वारा अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना पुनर्विकास के इस ऐतिहासिक पहल पर हर्षित होकर उनका आभार व्यक्त करते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा क्षेत्र के युवा भावी प्रत्याशी डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन 6 दिसंबर, सत्र 2006 को पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा जब बिक्रमगंज से पीरो तक पहली बार रेलवे का शुभारंभ के बाद लोगों में काफी उत्साह था। लेकिन एक दशक बीतने के बाद यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन को 12.25 करोड़ की पुनर्विकास कार्य की सौगात मिलते ही अनुमंडल बिक्रमगंज सहित काराकाट विधानसभा सह लोकसभा क्षेत्र के सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

जो बहुत जल्द ही बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत सुगमता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, स्वच्छता व्यवस्था, पहुंच पथ, संकेत एवं निर्देश बोर्ड, ट्रेन डिस्प्ले और उद्घोषणा प्रणाली, लिफ्ट, 1 एक्सलेटर, मल्टी पर्पस फूट ओवर ब्रिज,मल्टी पर्पस आरक्षण केंद्र, स्टेशन सुंदरीकरण व अन्य आवश्यक पुनर्विकास विकास कार्य की एक नई उदय होगी।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भोजपुर के द्वारा युवा चौपाल का आयोजन

प्रात : किरण संवददाता

आरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भोजपुर के द्वारा युवा चौपाल का आयोजन जिला अध्यक्ष विभु जैन के निर्देशन में आरा नगर मंडल के अध्यक्ष बलजीत सिंह की अध्यक्षता में दो शक्ति केंद्र पर युवाओं के साथ बैठक की गई जिसमे शक्ति केंद्र 37,38,39 की बैठक रीडर लाइब्रेरी में की गई जिसमे जिला उपअध्यक्ष

अंकित तिवारी, जिला मंत्री अभिषेक अमन, कमल क्लब संयोजक बड़े सिंह बजरंगी, सह संयोजक विक्रमादित्य सा, शोशल मिडिया प्रभारी प्रतीक सिंह चंद्रवंशी, ऋषिभ कुमार, दीपक शर्मा, आशीष त्रिपाठी, विष्णु कुमार, निखिल गुप्ता,नवीन कुमार, एननाइट छोटी लाइन कॉलोनी रेलवे स्टेशन के बगल में शक्ति केंद्र 40,41,42 की बैठक की गई जिसमें मंडल उपाध्यक्ष सरोज प्रसाद, विजय सिंह,नंदू, शिवशंकर परसाद, मनोज परसाद, विसुन राम, राम अनुज राम लोग उपस्थित थे जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी।

काराकाट विधानसभा कोर कमेटी की बैठक

बिक्रमगंज(रोहतास): मंगलवार को काराकाट विधानसभा कोर कमेटी की एक आवश्यक बैठक हुई । बैठक में सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प से श्रद्धा सुमन अर्पित की गई । बैठक में 2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर चिंतन मंथन किया गया । तत्पश्चात इस कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार पर विशेष जोर डाला गया । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला के पूर्व महामंत्री स्वर्गीय श्रीराम रहस्य चौधरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर 2 मिनट का आत्मा की शांति हेतु मौन रखा गया । कोर कमेटी में जिला के प्रभारी हिमांशु चतुर्वेदी , पूर्व विधायक राजेश्वर राज , जिला महामंत्री विजय सिंह , विस्तारक माधव केसरी , जोगेंद्र प्रसाद सहित कई लोग थे ।

शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले महान पुरुष थें बाबू तपेश्वर सिंह : डॉ. अजय

प्रात : किरण संवददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार के सहकारिता सम्राट के नाम से प्रख्यात पूर्व सांसद स्व.बाबू तपेश्वर सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर लोगों ने उन्हें याद कर नमन किया। इस अवसर पर पूर्व सदस्य बिहार विधान परिषद सह महाविद्यालय सचिव डॉ. अजय सिंह ने मंगलवार को उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वंदन किया। मौके पर डॉ. अजय ने स्व.बाबू तपेश्वर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बिक्रमगंज के पूर्व सांसद तपेश्वर सिंह रोजगार सृजक तथा उच्च व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। जिनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र अलख जगाने वाले योगदान को पूरा प्रदेश में कभी नहीं भुलाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने सहकारिता के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य में भी अहम योगदान दिया था। वही शिक्षा के क्षेत्र

में भी उ अहम अलख जगाते हुए उन्होंने-बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर करने के लिए पूरे प्रदेश व शाहाबाद प्रक्षेत्र सहित बिक्रमगंज में महिला महाविद्यालय की स्थापना बेटियों में शिक्षा का अलौकिक मिशाल कायम किया था। जिनके ऐतिहासिक कार्य के लिए उन्हें नारी शिक्षा का ध्वजवाहक भी माना जाता है। जिनके मार्गदर्शक पर चल आज पूरे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सहित विश्व में भी परचम लहरा रही हैं।

पानी में भीगते हुए किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहे

2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के औरंगाबाद की सभा में किसान करेंगे विरोध

प्रात : किरण संवददाता

चांद। उचित मुआवजा की मांग को लेकर किसानों ने 57 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। दोपहर दो बजे से हो रही बर्षा किसानों को धरना से डिगा नहीं पाया। लगातार बर्षा में भीगते हुए किसान धरना पर बैठे रहे। किसानों का जोश देखते हुए बनता था। जय जवान जय किसान किसान मजदूर एकता जिंदाबाद उचित मुआवजा नहीं तो सड़क नहीं की संकल्प को लेकर धरना पर बैठे हुए थे। धरना पर बैठे किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के औरंगाबाद की जन सभा में किसान मुआवजा को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।पानी भीगते हुए किसान अभय कुमार सिंह लाला सिंह वकील सिंह अवधेश कुमार ने कहा पानी ठंडक बर्षा आंधी किसानों को अपने संकल्प से डिगा नहीं सकता। किसानों ने

कहा कुछ भी हो हम आंदोलन के संकल्प को छोड़ नहीं सकते। किसानों ने कहा लड़ाई किसानों के मान सम्मान से जुड़ी हुई है। किसानों ने कहा बिना उचित मुआवजा के एक इंच सड़क का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। किसानों ने भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा 2 मार्च में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में किसानों के द्वारा उचित मुआवजा को लेकर विरोध किया जाएगा। किसानों ने कहा धीरे धीरे किसान आंदोलन जोड़ पकड़ रहा है। भारत माला परियोजना में बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास चौरी करण में भूमि अधिग्रहण में ली गई किसानों की भूमि की उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उचित मुआवजा को लेकर किसानों के द्वारा पिछले दो सालों से लगातार आंदोलन किया जा रहा है।2 जनवरी से किसान पीएनसी कम्पनी के बेस कैंप स्थल मसोई में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। किसानों के द्वारा पिछले 57 दिन से लगातार धरना पर बैठे हुए हैं। धरना पर बैठे किसानों से एनएचएआई के अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने वार्ता करने के बाद भी किसानों ने उचित मुआवजा की बात दोहराई। अनिश्चितकालीन धरना में संतोष खरवार गौरव कुमार सिंह नागेन्द्र कुमार काशीनाथ सिंह विगाउ धोवी अवधेंद्र प्रताप सिंह चंदन सिंह पटेल विजय कुमार चिरकुट गोंड धन्नु राम रजनीश कुमार मिश्र आदि फंसाई गोंई भेरी सींओ गांव के सैकड़ों किसान शामिल हुए।

प्रशासन ने कुरूर में बिहार सरकार की भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

प्रात : किरण संवददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र के कुरुर में सोमवार को प्रशासन ने बिहार सरकार की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। सीओ शशिकांत शुक्ला ने बताया कि कुरुर के लगभग 64 डिसमिल पर अतिक्रमण वाद 2017 से न्यायालय में ही चल रही थी। गांव के कुछ लोगों द्वारा गैरमजरुआ जमीन पर मकान बना दिया गया था। जिससे की कई घरो का रास्ता बाधित हो गया था। इस मामले पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश जारी किया है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन के तहत बिहार सरकार की भूमि पर बने कच्चा व पक्का मकानों को तोड़ कर अतिक्रमण को हटाया गया। जिसमे से दो कुरुर निवासी सत्याराम व शिवराम भूमिहीन का अतिक्रमण पर बना मकान को नहीं तोड़ा गया। वही मौके पर काराकाट अंचलाधिकारी शशिकांत शुक्ला के साथ पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे।

कोरम पूरा नहीं होने पर बीड़ीसी की बैठक हुआ स्थगित

प्रात : किरण संवददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड मुख्यालय में स्थित सामुदायिक भवन में मंगलवार को आयोजित बीडीसी की बैठक कोरम के अभाव में स्थगित हो गया। जिससे वार्षिक कार्ययोजना पर ग्रहण लग गया है।कार्यपालक पदाधिकारी सह

बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि 27 फरवरी 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे बैठक निर्धारित किया गया था, लेकिन बीडीसी की बैठक में 19 सदस्य हीं उपस्थित हो सके। बताया कि पंचायती राज अधिनियम 2006 के तहत बीडीसी की बैठक में कम से कम 25 सदस्यों की उपस्थिति होना चाहिए। बताया कि पूर्वाह्न 11 बजे से 12 बजे तक सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का इंतजार किया गया। लेकिन 19 सदस्य ही उपस्थित हुये। जिसके कारण बैठक स्थगित कर दिया गया। जिसके कारण वार्षिक योजनाओं को पारित नहीं किया जा सका। प्रखंड प्रमुख ने बीडीसी की अगली बैठक 9 मार्च 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे निर्धारित किया गया है। गौरतलब हो कि प्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव के बाद पहली बैठक थी।

जन विश्वास यात्रा रैली को लेकर राजद कार्यकर्ताओं ने की बैठक

नोखा (रोहतास) मंगलवार को स्थानीय शहर के नीलकमल टाकीज परिसर में राष्ट्रीय जनता दल ने कार्यकताओं एक बैठक आयोजित की। जिस बैठक माध्यम से कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा गया कि लोगों को जागरूक कर 3 मार्च को पटना रैली में अधिक संख्या में भाग लेने की अपील किया। कार्यकताओं ने पटना जाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की तैयारियां में जुट गए है। जहां आयोजित रैली नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व आयोजित कार्यक्रम में उनके संबोधन को सुनते हुए होने वाली लोकसभा और विधानसभा चुनाव में एनडीए मुंहतोड़ जवाब देने का कार्यकर्ता काम करेंगे। दूसरी तरफ 3 मार्च को आयोजित होने वाली जन विश्वास यात्रा रैली को लेकर कार्यकताओं ने बिहार सरकार के पूर्व अति पिछड़ा कल्याण मंत्री अनिता देवी से लोगों को पटना गांधी मैदान में अधिक संख्या में लोगों को ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था करने की मांग किया है।

हाईवा ने बाइक सवार युवक को रौंदा, घटनास्थल पर हुई मौत, पुलिस ने हाइवा को किया जब्त

प्रात : किरण संवददाता

राजपुर(रोहतास):राजपुर चौक पर हाईवा ने बाइक सवार युवक को रौंद डाला,घटनास्थल पर हुई मौत,पुलिस ने हाईवा को किया जब्त,घटना को अंजाम देकर चालक फरार । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक राजपुर निवासी मनोरंजन बैठा का 20 वर्षीय पुत्र मोनु कुमार अपनी बाइक से घर जा रहा था । घर जाने के क्रम में तेज रफ्तार से आ रही हाईवा ने बाइक सवार युवक को रौंद डाला । घटित घटना सोमवार की देर रात की बताई जा रही है ।

घटनास्थल के आसपास मौजूद ग्रामीण जैसे ही घटनास्थल पर पहुंचे तो चालक हाईवा को छोड़कर भाग निकला । घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच सड़क पर पड़े शव को देख दहाड़ मार कर रोने लगे । जैसे ही इसकी

सूचना स्थानीय पुलिस को मिली तो त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया । राजपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों के समक्ष पंचनामा तैयार कर शव को अंत्य-परीक्षण कराने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया । उन्होंने कहा कि घटित घटना के मामले में हाईवा को जब्त किया गया है । मामले में चालक घटना को अंजाम देकर भागने में सफल रहा । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

1 मार्च से शुरू होगा 25 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री शिव पार्वती विवाह महामहोत्सव का भव्य आयोजन

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरौना के निज ग्राम दुगार्डीह(अमाथु) में 1 मार्च से भारत के महान मनीषी संत श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के पावन उपस्थिति में 25 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री शिव पार्वती विवाह महामहोत्सव का आयोजन किया जायेगा । इस संदर्भ में जानकारी देते हुए स्वामी जी महाराज के शिष्य श्री प्रेमानंद जी महाराज उर्फ पप्पू उपाध्याय ने बताया कि श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में 1 मार्च से 25 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री शिव पार्वती विवाह महामहोत्सव का आयोजन किया जायेगा । उन्होंने कहा कि स्वामी जी महाराज के आदेशानुसार 1 मार्च से काशी वाराणसी से पधारे जगतगुरु डॉ पुंडरीक शास्त्री जी महाराज एवं बक्सर धाम से पधारे जगतगुरु आनंद बिहारी शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से सभी श्रोताओं को समय 2 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जायेगा । साथ ही स्वामी जी महाराज के निर्देशन में उक्त निज धाम के यज्ञ स्थल से 3 मार्च को गाजे- बाजे के साथ हजारों की संख्या में सभी नर-नारी जलयात्रा सह शोभायात्रा में शामिल होकर नगर के बिक्रमगंज तेंदुनी काली स्थान तक जायेगी और पुनः नगर का भ्रमण करते हुए डुमरांव लाइन होते हुए उक्त निज ग्राम का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर सभी श्रद्धालु कलश में जल लेकर पहुंचेंगे ।उन्होंने कहा कि 4 मार्च को पंचांग पूजन , मंडप पूजन, अरणी मंथन एवं हवन प्रारंभ , 7 मार्च को श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं योगी बाबा प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं 8 मार्च को श्री शिव पार्वती विवाह महा महोत्सव एवं यज्ञ की पूणार्हुति व भंडारा यज्ञ समिति के द्वारा किया जाएगा । इसकी जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के अध्यक्ष नन्हक मिश्रा ने बताया कि श्री सरकार के आदेशानुसार सारी तैयारी पूरी कर ली गई है ।

तपेश्वर सिंह की 33वीं पुण्यतिथि बड़े ही धूमधाम से मनाई गई

प्रात : किरण संवददाता

आरा। तपेश्वर सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में तपेश्वर सिंह जी की 33वीं पुण्यतिथि बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जयंती समारोह के उद्घाटनकर्ता कुलपति डॉ शैलेंद्र चतुर्वेदी वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा किया गया कार्यक्रम में उसके बाद महाविद्यालय के सचिव डॉ अजय कुमार सिंह डॉ गायत्री सिंह डॉ माधुरी सिंह डॉक्टर नरेंद्र कुमार सिंह डॉ सुरेंद्र सिंह डॉ वीरेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया कार्यक्रम के स्वागतध्यक्ष महाविद्यालय के सचिव डॉ अजय कुमार सिंह द्वारा किया गया जिसमें बिहार के कोने कोने से आए हुए सभी सम्मानित शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य अधिवक्ता सांसद महोदय को साल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सभी अतिथियों के द्वारा तपेश्वर सिंह जी के तेलचित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तपेश्वर सिंह जी के पुण्यतिथि पर एक सेमिनार आयोजन किया गया था जिसका विषय बच्चों में बुनियादी शिक्षा था सेमिनार के मुख्य वक्ता के रूप में माननीय कुलपति डॉ शैलेंद्र चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि बुनियादी शिक्षा

जीवन की रीढ़ है बच्चों के जीवन का संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास हो जिसमें बालक शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपना समग्र विकास कर सके भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के समय गांधी जी ने सबसे पहले बुनियादी शिक्षा की कल्पना की थी जिसे आज विश्वविद्यालय स्तर पर फाउंडेशन कोर्स कहा जाता है उन्होंने बताया कि भारत एक गरीब देश है जिसमें बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ धनोपार्जन हेतु तैयार करना जरूरी है इसी उद्देश्य से वर्धा शिक्षा योजना बनाई गयी थी और फिर गाँधी जी द्वारा भारतीय तालीम की स्थापना 23 अक्टूबर 1937 को की गयी थी जिसमें उनके विचार के अनुसार सिखाई जाने वाली हस्तकला के माध्यम से शरीर मन और आत्मा की संपूर्ण शिक्षा प्रदान करना है जो बताता है कि ज्ञान और कार्य अलग नहीं है उनके संबोधन के बाद दूसरे वक्त के रूप में डॉ नरेंद्र कुमार सिंह पूर्व प्राचार्य जैन कॉलेज आरा डॉ सुरेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व प्राचार्य डॉ वीरेंद्र पांडे डॉ गायत्री सिंह डॉ माधुरी सिंह प्रोफेसर विजय कुमार सिंह शशि कुमार सिंह अमरनाथ गुप्ता डॉ अवध बिहारी सिंह डॉ विनोद कुमार सिंह डॉ सुनीता राय डॉ वीना पांडे डॉ विनोद कुमार सिंह डॉ उमेश्वर प्रसाद सिंह नेहरू ने बारी बारी से अपनी बातें रखी कार्यक्रम में संस्कृति पब्लिक स्कूल के बच्चों को मेधा छात्रवृत्ति के तहत चयनित बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले को मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र माननीय कुलपति डॉ शैलेन्द्र कुमार चतुवेर्दी जी के हाथों दिया गया इसी के साथ कार्यक्रम में इसी के साथ धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर गायत्री सिंह जी के द्वारा रंगोली कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रिया सिंह खुशी निकहत परवीन करिश्मा तथा स्वागत गीत तृप्ति मुस्कान नंदिनी राय जीनत परवीन ममता कुमारी पुष्प स्वागत में अंजली कुमारी नेहा कुमारी प्रिया सिंह जूही पांडे कीर्ति सिंह राकेश कुमार तथा अन्य कार्यक्रम में राकेश कुमार रोशन कुमार शालिनी देव मनीष कुमार एजाज अंसारी जितेंद्र कुमार अभिषेक राज नितिन कुमार अमित रंजन सुशील कुमार रवि कुमार चंचल कुमार को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

महिला महाविद्यालय संस्थापक बाबू तपेश्वर सिंह की मनी 33वीं पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के इंदु तपेश्वर सिंह महाविद्यालय संस्थापक सह सहकारिता सम्राट बाबू तपेश्वर सिंह की 33वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर 27 फरवरी को महाविद्यालय परिसर में स्थापित उनके प्रतिमा पर सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने डिग्री खंड प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर उपस्थित सैकड़ों छात्राओं और लोगों के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहें प्राचार्य डॉ. बिनोद सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि तत्कालीन सांसद महाविद्यालय संस्थापक सहकारिता विभूति बाबू

तपेश्वर सिंह समान्य किसान परिवार जन्म के बाद अपने जीवन की शुरूआत सहकारिता क्षेत्र में कदम रखते हुए गांव से लेकर देश, प्रदेश सहित विदेशों में परचम लहरा पूरे देश को गौरवान्वित करने का कार्य किया था। उन्होंने सहकारिता का विस्तार प्रसार में अहम भूमिका निभाते हुए अन्य शीर्षस्थ संस्थानों के सचिव,अध्यक्ष पद पर कायम होकर सहकारिता माध्यम से हजारों लोगों को जीवन यापन के लिए रोजगार से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। साथ ही नारी शिक्षा के पुरोधा के रूप में बाबू तपेश्वर सिंह ने अनेक महिला महाविद्यालय शिक्षण संस्थान, बालिका उच्च माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रशिक्षण महाविद्यालय का प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थापित करने का ऐतिहासिक कार्य को पूरा किया है। जिनके मार्गदर्शक पर चलते हुए हजारों छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में देश और विदेश में अपनी सफलता की परचम लहरा रही है। उन्होंने अपने जीवनकाल में संसदीय क्षेत्र बिक्र

संक्षिप्त खबरें

करपी मे प्रखंड प्रमुख संगीता देवी वं कुर्था मे प्रखंड प्रमुख रूबी कुमारी निर्वाचित

अरवल। जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पं०), अरवल के आदेशानुसार करपी प्रखंड प्रमुख के रिक्त पद एवं कुर्था प्रखण्ड प्रमुख एवं उप प्रमुख के रिक्त पदों पर निर्वाचन सम्पन्न किया गया। इस दौरान करपा प्रखंड के पंचायत समिति के प्रमुख के पद पर संगीता देवी निर्वाचित हुए। वहीं कुर्था प्रखण्ड के पंचायत समिति के प्रमुख के पद पर रूबी कुमारी एवं उप प्रमुख के पद पर देवेन्द्र कुमार निर्वाचित हुए।

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा पंकज उधास को श्रद्धांजलि दी गई

गया ।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन कार्यालय में पद्म पंकज उदास के लम्बी बिमारी से निधन होने पर भाजपा नेताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है। सर्व प्रथम उनके चित्र पर माला पहनाकर उन को श्रद्धांजलि अर्पित किया है। इस अवसर पर भाजपा नेता डा.मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि पंकज उदास के निधन से पुरा देश के संगीत प्रेमीयों में शोक की लहर है और संगीत जगत में जो खालीपन आ गया है उसे भरना मुश्किल है।जब कोई भारतीय परदेश जाता था और घर की याद आती थी तो चिट्ठी आई है, आई है, वतन की मिट्टी आई है से दिल को बहलाते रहे हैं। भगवान उनके आत्मा को शांति प्रदान करें। इस अवसर पर भाजपा नेता राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई, महेश यादव, मुरारी सिंह, बबलू गुप्ता, समेत कई लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

उपभोक्ता न्यायालय ने दिलाई क्षतिपूर्ति

औरंगाबाद। उपभोक्ता अदालत ने वाद संख्या -18/16 में सूचक संजय कुमार दधपी मदनपुर को न्याय दिलाया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वाद सूचक को उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह द्वारा तीन लाख सत्तर हजार का नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का चेक अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह के उपस्थित में प्रदान किया। अधिवक्ता ने बताया कि सूचक का महिंद्रा बोलोरो मैक्सी ट्रक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 29/06/13 को बीमा हुई थी। वैधता -28/06/14 तक था। 16/06/14 को गाड़ी चोरी हो गई। मदनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप पत्र में घटना को सत्य पाया गया था। सूचक द्वारा इंश्योरेंस कंपनी से क्लेम दावा किया गया था। इंश्योरेंस कंपनी भुगतान में टालमटोल कर रही थी। सूचक द्वारा मजबूर हो कर उपभोक्ता अदालत में वाद दाखिल किया।

अभियुक्त को कठोरतम कारावास

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज सुनील कुमार सिंह ने फेसर थाना कांड संख्या -104/19, जी. आर -56/19 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त जोगिंदर राम फेसर को कठोरतम कारावास की सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को 21 फरवरी 2024 को दोषी करार दिया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त जोगिंदर राम फेसर को भादंवि धारा -376 और 4 पोक्सो एक्ट में 12 साल सश्रम कारावास और पच्चीस हजार जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने आगे बताया कि न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद जिला कल्याण विभाग के माध्यम से पीड़िता को तीन लाख रूपए मुआवजा दिलाएं। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक 17 अक्टूबर 2019 को प्राथमिकी में बताया था कि हम प्रतिदिन अपनी पत्नी के साथ काम करने गांव चले जाते थे।

शेरघाटी के अंचल अमीन को किया गया बर्खास्त

गया। अजीत कुमार, संविदा अमीन-सह-राजस्व कर्मचारी, अंचल शेरघाटी के द्वारा मौजा-बनौल, थाना नं०-730 के जमाबंदी सं०-69/1 में जमाबंदी रैयत मुन्नीलाल शर्मा, पिता-दाहु मिस्त्री के खाता सं०-49, खेसरा सं०-13 एवं 14 में किये गये छेड़-छाड़ के आरोप में जिला पदाधिकारी गया द्वारा अपर समाहर्ता राजस्व एव अंचलाधिकारी शेरघाटी के माध्यम से विस्तार से जांच करवाया गया है। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि जमावन्दी कागजात में उक्त शेरघाटी के अमीन अजित कुमार द्वारा छेड़ छाड़ किया गया है। संचिका में उपलब्ध कागजातों से स्पष्ट हुआ है कि अजित कुमार द्वारा दाखिल खारिज वाद सं०-440/2022-23 को स्वीकृत करने के लिए खेसरावार रकवा में परिवर्तन करके जमाबंदी सं०-69/1 में छेड़-छाड़ किया गया है। इस गंभीर मामले पर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने अजित कुमार संविदा अमीन-सह-राजस्व कर्मचारी, अंचल शेरघाटी का संविदा समाप्त करते हुए नौकरी से बर्खास्त किया है। इसके अलावा प्राथमिक की दर्ज भी कराई गई है।

व्यय लेखा पंजी संधारण हेतु सभी प्रपत्रों का संकलन कर लेखा जांच करने हेतु कार्य योजना तैयार कर लें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल, निष्पक्ष, जीरो एरर, त्रुटि रहित के साथ-साथ पूरी शांति माहौल में चुनाव संपन्न कराने हेतु हम सभी कटिबद्ध हैं। इसी कड़ी में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिए हैं।

उपस्थित कोषांग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि व्यय लेखा पंजी संधारण हेतु सभी प्रपत्रों का संकलन कर लेखा जांच करने हेतु कार्य योजना तैयार कर ले। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को व्यय लेखा पंजी को संधारित करने हेतु अभी से ही अपने कर्मियों को प्रशिक्षण करवाना सुनिश्चित करें। व्यय लेखा पंजी की विधानसभा वार जांच कर कार्यक्रम तैयार कर व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से सभी अभ्यर्थियों को इसकी सूचना उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थियों द्वारा अवैध नगद राशि इत्यादि की आवागमन एवं प्रयोग को रोकने हेतु फ्लाइंग स्क्वायड एवं स्टैटिक सर्विलांस टीम का गठन विधानसभा वार करना एवं निवार्ची पदाधिकारी के सहयोग से इस टीम में दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर जीपीएस युक्त वाहन वीडियोग्राफी एवं माइक सहित इत्यादि की व्यवस्था के साथ जांच अभियान चलवाना सुनिश्चित करे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निदेर्शो का पूरी तरह अनुपालन करवाना सुनिश्चित करे। राज्य कर संयुक्त आयुक्त अंचल 01 विनय कुमार एवं राज्य कर संयुक्त आयुक्त आंचल 2 के ओमप्रकाश सिंह को निर्देश दिया है कि व्यय अनुश्रवण कोषांग को अच्छे तरीके से संचालन करावे। उन्होंने कहा कि अवैध कैस करेंसी जब्ती, अवैध तरस्करी, अवैध शराब, ड्रग्स, अफीम इत्यादि का निरंतर जांच करें एवं जांच प्रतिवेदन उपलब्ध करावे। फ्लाइंग एस्कॉर्ट पदाधिकारी द्वारा जो भी जांच या छापेमारी के दौरान बारामदी करेंगे उसकी रिपोर्टिंग काफी महत्वपूर्ण रहेगा। छापेमारी के दौरान बारामती पर विशेष ध्यान रखना होगा। वास्तविक बारामती का अच्छे तरीके से प्रतिवेदन तैयार करते रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि कल से ही जिले के बॉर्डर वाले क्षेत्र में फ्लाइंग स्कॉट एवं स्टेटिक सर्विलांस की टीम छापेमारी अभियान शुरू करें। इसके अलावा अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सुबोध कुमार को भी निर्देश दिया है कि गया रेलवे स्टेशन एवं गया हवाई अड्डा पर भी फ्लाइंग स्क्वायड एवं स्टेटिक सर्विलांस के एक टीम को लगाकर जांच करवाते रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि अगली बैठक में जिले के सभी एनफोर्समेंट एजेंसी यथा इनकम टैक्स, रेलवे, पोस्ट ऑफिस, इनकम टैक्स, परिवहन पदाधिकारी, नारकोटिक्स, जीएसटी के पदाधिकारी, उत्पाद विभाग के पदाधिकारी, पुलिस विभाग के पदाधिकारी, एयरपोर्ट के अधिकारी, सीआईएसएफ के अधिकारी को भी बैठक में उपस्थित रहने हेतु उप निर्वाचन पदाधिकारी अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

इस बैठक में अपर समाहर्ता लोक शिकायत, राज्य कर संयुक्त आयुक्त अंचल 01 गया, अंचल 02 गया, राज्य कर अपर आयुक्त अंकेक्षण, राज्य कर सहायक आयुक्त सहित जिले के सभी राज्य कर आयुक्त के अधिकारी उपस्थित थे।

शेरघाटी महंथ सत्यानंद कॉलेज में छात्र राजद संघ का अध्यक्ष मनोनीत

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। महंथ सत्यानंद गिरी कॉलेज में दो छात्रों को मगध यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष द्वारा छात्र राजद संघ का कॉलेज अध्यक्ष व प्रभारी बनाए जाने को लेकर छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर देखने को मिल रहा है। जिसकी खुशी में छात्र-छात्राओं ने बधाई देने के लिए अध्यक्ष व प्रभारी के घर लोगों ने गुलदस्ता एवं माला पहनाकर उनका खूब स्वागत किया हैं। शेरघाटी प्रखंड के कजरसोत गांव निवासी पवन कुमार को छात्र राजद संघ का अध्यक्ष और आमस प्रखंड के महुआवॉ गांव निवासी पिंटू कुमार को संघ का कॉलेज प्रभारी मनोनीत किया गया है। संघ के अध्यक्ष पवन कुमार व प्रभारी पिंटू कुमार ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय सागर संवाददाता रंजीत कुमार से बातचीत में बताया कि मगध यूनिवर्सिटी गया के अध्यक्ष संतोष कुमार के द्वारा मंगलवार को शेरघाटी महंथ सत्यानंद गिरी कॉलेज में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का दायित्व हम दोनों के ऊपर दिया गया है। उसने आगे बताया कि हम दोनों का अथक प्रयास रहेगा की छात्र-छात्राओं के हित में बेहतर से बेहतर कार्य करे ताकि किसी भी छात्र-छात्राओं का परेशानीयो का सामना न करना पड़े। और हमारा कॉलेज का नाम रौशन हो।

सक्षमता परीक्षा के नाम पर नियोजित शिक्षकों को अपमानित कर रही राज्य सरकार: बीरेन्द्र गोप

गया ।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सा ओबीसी महासभा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने बयान जारी कर कहा है कि बिहार में नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा के नाम पर सक्षमता परीक्षा में सिलेबस से बाहर के प्रश्नों को पुछकर बिहार सरकार द्वारा शिक्षकों को अपमानित व हतोत्साहित करने का काम किया जा रहा है। बीरेन्द्र गोप ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि अगर वर्तमान शिक्षक सक्षम नहीं थे तो उन्हें नियोजित कर बिहार के गरीब छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ क्यों किया गया है। गोप ने बिहार सरकार से मांग की है कि जितना जल्दी हो सके नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देते हुए उनकी मांग समान कार्य समान वेतन को मानकर राष्ट्रनिमार्ता का उत्साहवर्धन करने का कार्य करे ताकि शिक्षक पूरी निष्ठा एवं तनम्यता के साथ पठन-पाठन का कार्य कर भविष्य का निर्माण कर सके ।साथ ही शिक्षकों से पठन-पाठन के कार्य के सिवा और कोई दूसरा कार्य न लेने की भी मांग की है। बीरेन्द्र गोप ने कहा कि अगर सरकार को लगता है कि हमारे शिक्षक बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने में कमजोर है।

सड़क दुर्घटना में गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी ।थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गोपालपुर के समीप मगंलवार को बी ए पार्ट 2 की परीक्षा देने जा रही महिला की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई। जबकि पति घायल है। पति नवनीत सिंह का प्राथमिक इलाज अनुमंडल अस्पताल शेरघाटी में की जा रही है। मृतका की महिला के पहचान नेहा कुमारी पति नवनीत कुमार ग्राम गोपालपुर के रूप में की किया गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह अपने पति के साथ अपने गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित परीक्षा केंद्र पर मोटरसाइकिल से परीक्षा केंद्र के लिए निकली थी। अचानक बाईक और ई रिक्शा से चकमा खाकर कंटेनर के चपेट में आने से यह दुर्घटना हुई और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई ।कंटेनर भागने में सफल रहा। इधर प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार पति के साथ बाइक से गोपालपुर नहर के समीप वीएस राय महिला कॉलेज परीक्षा केंद्र पर वह परीक्षा देने जा रही थी। यह घटना काफी हृदय विदारक हुई घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया, वहीं परीक्षा देने जा रहे लोगों की जुबां से सिर्फ अफसोस के शब्द निकल रहे थे। घटना के बाद गुस्सा आए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 2 को घंटो जाम कर दिया वहीं पटना के बाद अंचल अधिकारी उषा कुमारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने पहुंचकर लोगों को समझाया बुझाया और जाम को कटवाया जानकारी के मुताबिक महिला 7 महीने की गर्भवती थी घटना के बाद बच्चा भी सड़क पर बिखर नजर आया जिसे पुलिस उठाकर अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन इलाज के दौरान बच्चा भी दम तोड़ दिया इस घटना के बाद पुलिस ने छत विचहत हुए सब को किसी प्रकार जमा करने के बाद गया मगध मेडिकल अस्पताल के लिए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है वही इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

पीएम मोदी के आगमन को लेकर भाजपा की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के औरंगाबाद आगमन की तैयारी को लेकर सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा के अध्यक्षता में बैठक किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सांसद सह इस कार्यक्रम के संयोजक सुशील कुमार सिंह एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा उपस्थित रहे ।इस बैठक में प्रदेश महामंत्री ने सभी भाजपा कार्यकताओं से इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर बारिकी से चर्चा किए ।इस मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र हित और पूरे देश को तेजी से विकास की ओर अग्रसर करने के लिए एवं गरीबो के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सभी वर्ग के लोगों में काफी उत्साह है और सभी वर्ग के लोगों में मोदी की गारंटी की विश्वसनीयता बढ़ी है ।यह रैली भव्य और ऐतिहासिक होगा ।प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का सवार्गीण विकास हुआ है और युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और सभी लोगों को मोदी के प्रति विश्वाश बढ़ा है एवं इस कार्यक्रम को लेकर सांसद आवासीय कार्यालय सिंह कोठी से सांसद सुशील कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा भाजपा नेता गोपाल शरण सिंह, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह एवं रथ प्रभारी भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मनीष पाठक ने संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया ।यह रथ औरंगाबाद जिले एवं लोकसभा क्षेत्र के गाँव में जाकर प्रचार प्रसार करेगा और सभी लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह करेगा ।इस कार्यक्रम को लेकर शिक्षावीद, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, युवाओं, महिलाओं, ब्यवासाई वर्ग के लोगों में काफी उत्साह है।

सीयूएसबी में पीरामल फाउंडेशन द्वारा गांधी फेलोशिप प्लेसमेंट ड्राइव

प्रात : किरण संवाददाता

गया। प्रतिष्ठित पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार सीयूएसबी के अंतिम वर्ष के स्नातकोत्तर पीजी छात्रों के प्लेसमेंट के लिए गांधी फेलोशिप के संबंध में एक प्री-प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया है। जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ-सह-प्लेसमेंट सेल के समन्वयक ने कहा कि पीरामल फाउंडेशन के नासिर हसन प्रोग्राम लीडर एवं शिवम खरे ने प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने वाले छात्रों को फेलोशिप संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में मोतिउर रहमान वरिष्ठ तकनीकी सहायक और सिस्टम एनालिस्ट श्री अशोक कुमार सिंह के सहयोग से विश्वविद्यालय के चाणक्य भवन के कंप्यूटर लैब में प्लेसमेंट कार्यशाला आयोजित की गई । सत्र 2024-26 के लिए गांधी फेलोशिप की आवेदन प्रक्रिया से संबंधित कार्यशाला के लिए सीयूएसबी के लगभग 100 छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया था और अपनी पढ़ाई पूरी कर उज्ज्वल भविष्य का सपना लेकर विद्यार्थियों ने प्री-प्लेसमेंट टॉक में उत्साहपूर्वक भाग लिया है।

पीआरओ के स्वागत भाषण के बाद कार्यशाला में पीरामल फाउंडेशन के नासिर हसन ने गांधी फेलोशिप के बारे में विस्तार से जानकारी दी है ।श्री हसन ने चाणक्य भवन के कंप्यूटर लैब में उपस्थित छात्र-छात्राओं को फेलोशिप के लिए आवेदन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया है ।उन्होंने कहा कि गांधी फेलोशिप दो साल का फेलोशिप कार्यक्रम है जिसके तहत पूरे भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों से सामाजिक मुद्दों में रुचि रखने वाले मेधावी छात्रों का चयन किया जाता है। गांधी फेलोशिप इस बात में विश्वास रखती है कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं का अहम योगदान होता है, इसलिए उनके संगठन का लक्ष्य फेलोशिप करने वाले छात्रों में नेतृत्व की भावना पैदा करना है, जो समाज और देश में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं । इसके साथ ही यह फेलोशिप प्राप्त करने वाले छात्र सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए अन्य पहलुओं पर भी गंभीरता से विचार कर उचित कदम उठाते हैं। वे लोगों से मिलते हैं और उन्हें हर संभव मदद प्रदान करते हैं, जिसमें उन्हें अपना लघु-स्तरीय व्यवसाय शुरू करने में मदद करना आदि शामिल है। गांधी फेलोशिप प्राप्त करने वाले छात्रों को दो साल के लिए 24,500 रुपये का मासिक अनुदान दिया जाता है ।इस कार्यशाला के अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने उनसे कई प्रश्न पूछे, जिनका श्री हसन एवं श्री खरे ने संतोषजनक उत्तर दिया है। गौरतलब है कि हर साल सीयूएसबी से कई छात्रों को गांधी फेलोशिप के लिए प्लेसमेंट मिलता है, जिन्हें फेलोशिप पूरा होने के बाद प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर मिलते हैं और कई पूर्व छात्र पीरामल फाउंडेशन में ही काम कर रहे हैं।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का अभिनन्दन समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सारण जिला इकाई एवम श्रीचित्रगुप्त समिति छपरा के संयुक्त तत्वावधान में महासभा के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार वर्मा के भगवान बाजार स्थित आवासीय सभागार में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार सिन्हा एवम प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमार को प्रतिक चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया' राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन द्वारा अपने सम्बोधन में कायस्थ समाज के महापुरुषों को याद करते उनके मिट रहे इतिहास को संजोने की बात कही गई ' राजनीतिक दलों द्वारा कायस्थ समाज की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कायस्थ कलम दवात के घनी होते है यदि हम जीत नहीं सकते तो किसी को कभी भी हरा सकते हैं ' प्रदेश अध्यक्ष माया श्रीवास्तव ने महिलाओ को आत्म निर्भर होने का आहवाहन किया उनके द्वारा मधुबनी पेंटिंग को आगे बढ़ाने पर बल दिया गया। प्रदेश महामंत्री विनय कुमार सिन्हा और प्रदेश संगठन मंत्रो मुकेश कुमार ने संगठन को आगे बढ़ाने और युवा वर्ग को स्वरोजगार की तरफ जाने पर बल दिया गया। जिला अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा द्वारा स्व दारोगा प्रसाद ब्रजेन्द्र बहादुर, महेंद्र प्रसाद डॉ हरिहर शरण रामजी सहाय विंध्याचल प्रसाद की कृति पर व्याख्यान देते हुए कहा कि कायस्थ जाति अपने अध्ययन कुशलता के बल पर आज भी नौकरी में सबसे आगे है' अभिनन्दन समारोह में समिति के संरक्षक गूंजेश्वर प्रसाद वर्मा, सरकारी अधिवक्ता पुंडारिक बिहारी सहाय, प्रोफेसर सुधा बाला, विद्याभूषण श्रीवास्तव, रवि शंकर श्रीवास्तव, अविनाश चंद्र वर्मा द्वारा महासभा के गतिविधियों की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बिहार के 65 शहरों में कायस्थ के निर्णायक भूमिका रहने की बात कही गई। बैठक में चित्रगुप्त समिति के वार्ड समिति गठन के अध्यतन प्रगति की जानकारी संयोजक सुनील कुमार वर्मा द्वारा दिया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व युवा अध्यक्ष द्वारा अपरिहार्य कारणों से त्याग पत्र देने के कारण रिक्त पद पर उपस्थित सदस्यो द्वारा सुभाष चंद्र भास्कर को महासभा का युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी प्रकार प्रोफेसर सुधा बाला को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंच का संचालन सगठन सचिव अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा किया गया। बैठक में सैकड़ो चित्रांश ने भाग लिया जिसमे मुख्य रूप से उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, संयुक्त महासचिव राकेश नारायण सिन्हा, प्रोफेसर अनिलेश्वर माधव, डॉ ओम प्रकाश पुतुल, सचिव मनीष रंजन, नीरज कुमार श्रीवास्तव, अनूप कुमार श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, अजय सहाय, मनीष कुमार सिन्हा, रवि कुमार रविश, रुपेश नंदन, भूपेश नंदन, अखिलेश्वर प्रसाद, गिन्नी देवी विशाल श्रीवास्तव अनूप कुमार उपस्थित रहे ' बैठक में मार्च के दूसरे सप्ताह में होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया ' धन्यवाद ज्ञापन महासचिव बिमल कुमार वर्मा द्वारा दिया गया।

धूमधाम से मना शब ए बारात का पर्व

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। 14वीं रविवार की रात 25 की रात 26 फरवरी की रात 15वीं रात शब ए बाराज का पर्व सोमवार की रात्रि धूमधाम के साथ समाप्त हो गया। सोमवार की रात दूसरे दिन भी बच्चों ने जमकर पटाखे छोड़े। शहर में आपसी भाईचारे के लिए दूसरे दिन लगातार मुस्लिम समुदाय के लोग महावीर मंदिर की निगरानी करते रहे। मंगलवार की सुबह तक की कोई सम्मानित तत्व के लोग इसी तरीके का कहीं ऐसा कुछ हरकत न कर दें कि जिसको लेकर और सामाजिक तत्काल मनोबल बढ़ता रहे। पर्व के दौरान औरंगाबाद में भाईचारे की मिसाल देखी गई।

पर्व के रात भर मंदिरों की निगरानी में रहा मुस्लिम समाज: मुस्लिमों के महत्वपूर्ण पर्व शब-ए-बारात की रात औरंगाबाद में भाईचारे की मिसाल दिखी। असामाजिक तत्व अपनी घिनौनी करतूत से माहौल को खराब न कर सके। पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के सदस्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान के नेतृत्व में रात भर मंदिरों की निगरानी की। कौमी एकता व भाईचारे की मिशाल पेश की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सल्लू खान ने बताया कि पर्व के मौके पर शहर के असामाजिक तत्व सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने के प्रयास में लगे रहते हैं और कई बार ऐसी हरकत कर भी चुके हैं। इसी के मद्देनजर रविवार की रात भर अल्पसंख्यक समाज के युवा बुजुर्ग मंदिरों की निगरानी में लगे रहे। ताकि कोई भी असामाजिक तत्व अपनी नापाक हरकतों में कामयाब न हो सके। पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के सदस्य मोहम्मद जान, मोहम्मद नबी, मोहम्मद शाहिद एवं मोहम्मद खालिद सहित दर्जनों मुस्लिम युवा शहर के मंदिरों की निगरानी में लगे रहे।

लाखों की संख्या में गया जिलावासियों प्रधानमंत्री के जनसभा में चले : प्रेम प्रकाश चिंटु

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मगध की धरती औरंगाबाद में 2 मार्च 2024 को अपराह्न 12बजे एक आम सभा का आयोजन के सफलता हेतु गया जिला भाजपा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई है इस बैठक में प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी रत्नेश कुशवाहा, प्रदेश मंत्री अमित दांगी, जिला प्रभारी राजेश कुशवाहा, पूर्व सांसद हरि मांझी , पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, लोकसभा संयोजक क्षितिज मोहन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा ने बैठक को सफलता पर चर्चा की इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू ने कहा कि मगध की धरती पर देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आगमन की सूचना मिलते ही गया जिलावासी औरंगाबाद में शामिल होने के लिए 2 मार्च का ऐतिहासिक सभा में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं इस बैठक में निर्णय लिया गया की गया जिला से लाखों लाख की संख्या में शामिल होंगे इसकी तैयारी को लेकर 43 मंडलों में बैठक आहूत की गई हैं इस बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा लगातार खुशहाली एवं विकास हेतु तत्पर हैं लगातार बिहार के विकास के लिए कई भारत सरकार की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जा रहा हैं इस ऐतिहासिक सभा स्थल पर पहुंचकर लाभ पहुंचाए मोदी के 400 प्लस की लक्ष्य को हासिल करेगी। लेकिन शहर में भुखमरी मे होलटाईमर कार्यकर्ता को गुरुप से हटाया जाता है लेकिन कोई मदत नहीं जिला कमेटी, विधायक , द्वारा रेन बसेरा में गुजर बसर कर रहा है ।आज के बैठक में मुकेश शर्मा, संतोष गुप्ता, संजू साव, राजेश चौधरी, हरे राम सिंह, कौशल शर्मा, महेश शर्मा, सरयू ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, बंदना कुमारी, करुणा सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, रूपेश वर्मा, कंचन सिन्हा, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

तेज रफ्तार ट्रक ने मारी बाईक में टक्कर बाइक सवार युवक की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास जिले के कोचस थाना अंतर्गत धर्मावती नदी के समीप अंनियंत्रित ट्रक के धक्के से एक बाइक सवार एक व्यवसाई की मौत हो गई। मृतक युवक कोचस थानाक्षेत्र के सेमरियां गांव के 24 वर्षीय रामबाबू कुमार बताया गया। मौके पर पहुंची कोचस थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपते हुए अगली कार्रवाई जारी रखी है। घटना के संबंध में कोचस थाना के चौकीदार ने बताया धर्मावती नदी के पास ट्रक के धक्के से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक के शव को सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपते हुए अगली कार्रवाई जारी है। मृतक युवक के परिजन ने बताया कि बाईक पर सवार होकर रामबाबू कुमार लौट रहा था। जहां कोचस धर्मावती नदी के पास अंनियंत्रित ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक कि मौके पर मौत हो गई। मृतक युवक रामबाबू ने केक का व्यवसाय करता था। घटना के बाद परिजनों को कोहराम मचा हुआ है।

फंदे से लटक कमरे में युवती ने की आत्महत्या

नावानगर (बक्सर) सोनवर्षा ओपी क्षेत्र अंतर्गत ब्रम्हटोला गांव में एक युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या। घटना रविवार की देर रात की है जिस वक्त घर मे सिर्फ मां और बेटी थी खाना खाने के बाद बेटी पूजा कुमारी उम्र 22 वर्ष रूम में चली गई। थोड़ी देर बाद मां ने कुछ काम के लिये दरवाजा खटखटाया तो नही खुला शक होने पर खिड़की से देखा तो बेटी फंदे पर झूल गई है। आत्महत्या की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बक्सर भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक युवती की शादी तय हो गई थी। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपी प्रभारी निशा रानी ने बताया कि आत्महत्या की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बक्सर भेज दिया है। प्रभारी ने आगे बताया परिजनों द्वारा कोई आवेदन नही दिया गया है। जिसके चलते कुछ भी कहना मुश्किल है।

ताला तोड़ चोरों ने उड़ाया लाखों का समान

नावानगर (बक्सर) सोनवर्षा ओपी के स्थानीय गांव स्थित एसआरएम आईटीआई का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने एक लाख रुपया

संक्षिप्त खबरें

चेक लिस्ट अविलंब करें समर्पित अन्यथा होगी कानूनी कार्यवाही: डीएम

मुंगेर ।लोक सभा आम निर्वाचन को लेकर जिले के सभी कार्मिकों का डाटाबेस अद्यतन करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने जिले के सभी केन्द्रीय व राज्य स्तरीय कार्यालयों, विद्यालयों, पीएसयू, बैंक, डाक विभाग, दूर संचार, विद्युत विभाग आदि को चेक लिस्ट भेजते हुए, उनके (व्यक्तिगत) कॉलम में यदि किसी प्रकार की त्रुटि टंकित हो गई हो, तो प्रत्येक कार्मिक उसका सुधार करते हुए जिला कार्मिक कोषांग में जमा करने का निर्देश दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद अभी तक कई कार्यालयों, विभागों द्वारा चेकलिस्ट समर्पित नहीं किया गया है, जो सीधे-सीधे निर्वाचन अधिनियम का उल्लंघन प्रतीत होता है तथा ऐसे कार्यालय प्रधान निर्वाचन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अधीन कार्रवाई के पात्र हैं। इस बाबत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने सभी कार्यालय प्रधान को 24 घंटे के अन्दर (नये कर्मी के डाटा प्रपत्र के साथ) चेकलिस्ट समर्पित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के बावजूद भी यदि किसी विभाग द्वारा चेकलिस्ट समर्पित नहीं किया जाएगा तो उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

थाना में महिला थानाध्यक्ष के रुप में रुबीकांत ने संभाली कमान

संग्रामपुर(मुंगेर)। संग्रामपुर में पहली बार महिला थानाध्यक्ष के रुप में कुमारी रुबीकांत कच्छप ने अपना प्रभार ग्रहण किया है ।उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में अमन शान्ति कायम रखना है। अवैध बालू और शराब के धंधे पर पूरी तरह रोक लगाना है ।थाना क्षेत्र से शिकायत लेकर आने वाले पीड़ितों की समस्याओं को तत्काल दूर किया जाएगा ।अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

शहीद चन्द्रशेखर आजाद को संयुक्त किसान मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि

पटना । आजादी के दीवाने युवा हृदय सम्राट महान शहीद चन्द्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पर पंजाब व हरियाणा बॉर्डर पर किसान आंदोलन में शहीद हुए 23 वर्षीय युवा शुभकरण सिंह की शहादत पर 2 मिनट मौन रखकर संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार के उपस्थित सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा 14 मार्च 2024 को शहीद शुभकरण तेरे अरमानो को मंजिल तक पहुंचाएंगे का नारा बुलंद करते हुए दिल्ली रामलीला मैदान में आयोजित किसान महापंचायत में बिहार से 50000 किसान दिल्ली कुच करेंगे। इसके लिए स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आज लोगों ने संकल्प लिया। देश के बाकी हिस्से से पंजाब को अलग-थलग करने तथा ड्रोन एवं आंसू गैस का गोला बर्षाकर,भीष्म लाठी चार्ज और गोलीबारी का सहारा लेकर लाजपत राय और शहीदेआज्म भगत सिंह की क्रांतिकारी धरती पर अंग्रेजों की तरह पंजाब के किसानों पर भयानक दमन, किसानों के ट्रैक्टरों को तोड़ने के लिए सेना भेजना, बुलडोजर राज की तरह किसानों की संपत्ति को बर्बाद करने, फांसीवादी विध्वंस की मुद्रा में तानाशाही मोदी सरकार के द्वारा किसानों का दिल्ली जाने से रोकने के हुकुम को लागू करने के लिए सीधे तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज दोषी है। किसान सिर्फ अन्नदाता ही नहीं वोट दाता भी है। इसलिए आजाद एवं लोकतांत्रिक भारत में किसानों को अपना हक है कि केंद्र सरकार से गुहार लगाने हम दिल्ली जाए ।हमें दिल्ली जाने से कोई रोक नहीं सकता ।दिल्ली की खुबसूरती हम किसानों-मजदूरों के खून-पसीने की कमाई से हुई है ।इसलिए दिल्ली चलो की तैयारी में एक पांव रेल में एक पाव जेल में का नारा बुलंद किया गया। दिल्ली महा पंचायत की तैयारी में आज स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के द्वारा किसान समागम का आयोजन किया गया।

डीएम ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की सफलता के लिये दिए निर्देश

प्रात : किरण ब्यूरो,

मुंगेर। केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना से वंचित परिवारों को राज्य सरकार अपने संसाधन से मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करेगी। उक्त योजना के संबंध में विगत 23 फरवरी 2024 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है । इस परिपेक्ष्य में मंगलवार को जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कई निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पांच लाख रुपए का यह बीमा कैशलैस होगा और केन्द्र की आयुष्मान भारत योजना के तहत चयनित अस्पतालों में ही मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभुक भी अपना ईलाज मुफ्त में करा सकेंगे। बिहार में लगभग 58 लाख परिवार हैं, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दायरे में आते हैं और जिन्हें 5 किलोग्राम सब्सिडी वाली खाद्य सामग्री के अलावे 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज दिया जाता है। जिले में उक्त सभी राशन कार्ड धारकों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ प्रदान करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत आगामी 02 मार्च 2024 को होगा तथा उक्त प्रथम तिथि को ही बिहार राज्य के 2.5 लाख लोगों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ प्रदान करने का लक्ष्य भी रखा गया है। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन, मुंगेर एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कार्य-योजना बनाते हुए मिशन मोड में कार्य करने का निदेश दिया है, ताकि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों तक कम से कम समय में पहुंचने के लिए पीडीएस, हेल्थ एवं सीएससी को आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाकर कार्रवाई करने के साथ ही कार्ड बनाने की गति को भी बढ़ाने का निदेश दिया है।

जिले के राजस्व हल्कों में विशेष शिविर लगाकर जमाबंदी एवं होल्डिंग सुधार की जाएगी : जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। भूमि के क्रय-विक्रय में आपसी झगड़े एवं धोखाधड़ी को समाप्त करने के लिए नवीन प्रावधान के तहत अब केवल वे ही व्यक्ति जमीन का विक्रय कर सकते हैं, जिनके स्वयं के नाम से जमाबंदी व होल्डिंग कायम हो। इसकी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जिन परिवारों में अभी तक पूर्वजों के नाम से ही जमाबंदी चला आ रहा है उन्होंने अभी तक आपसी बंटवारा कर अपने-अपने नाम से जमाबंदी या होल्डिंग कायम नहीं कराया है, उनकी सहूलियत के लिए राज्य के सभी अंचलों के सभी हल्कों में विशेष शिविरों का आयोजन प्रत्येक मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को किया जा रहा है। इन विशेष शिविरों में केवल जमाबंदियों के अद्यतीकरण के लिए आवेदन, स्वहस्ताक्षरित वंशावली, सभी फरिकेनों द्वारा हस्ताक्षरित बंटवारानामा एवं बिना खाता, खेसरा, लगान, रकबा वाले जमाबंदियों के परिमार्जन हेतु साक्ष्य के साथ प्राप्त किए जाएँगे। शिविर में ही इन दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा एवं तत्पश्चात नियमानुसार आवेदनों को निष्पादित कर जमाबंदी अद्यतीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

जिलापरिषद अध्यक्ष बने आशुतोष कुमार दीपू

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला परिषद, वैशाली के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में श्री आशुतोष कुमार दीपू निर्वाचित घोषित हुए। मतदान के बाद जिला पदाधिकारी, वैशाली श्री यशपाल मीणा द्वारा परिणाम की घोषणा की गई।41 सदस्यीय जिला परिषद की बैठक में कुल 40 जिला परिषद सदस्यों ने मतदान किया। श्री आशुतोष कुमार को 27 और निवर्तमान अध्यक्ष श्री रमेश कुमार चौरसिया को 13 मत प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी द्वारा श्री आशुतोष कुमार को जिला परिषद, वैशाली के अध्यक्ष पद और नशामुक्ति का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्रेक्षक के रूप में श्री मनोज कुमार, संयुक्त आयुक्त, विभागीय जांच, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर मौजूद थे। मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु अपर समाहर्ता श्री बिनोद कुमार सिंह के साथ जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री हरेंद्र राम मौजूद थे।

उप प्रमुख पद के लिए अनिरुद्ध यादव निर्विरोध निर्वाचित

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड उपप्रमुख सचिन कुमार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बाद पूर्व से निर्धारित तिथि के अनुसार मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर के समक्ष नए उपप्रमुख के चुनाव में प्रखंड के ददरीजाला निर्वाचन क्षेत्र संख्या 7 के पंचायत समिति सदस्य अनिरुद्ध यादव उपप्रमुख के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए जहां अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर के द्वारा जीत का प्रमाण पत्र देते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। विदित हो कि ददरीजाला पंचायत पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य अनिरुद्ध यादव ने उपप्रमुख सचिन कुमार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जहां नव निर्वाचित उप प्रमुख अनिरुद्ध कुमार के पक्ष में प्रखंड के 11 पंचायत समिति सदस्यों में 7 पंचायत समिति सदस्यों ने एकतरफा वोट कर उप प्रमुख को पदच्युत कर दिया था। 7 पंचायत समिति सदस्यों में ददरीजाला पंचायत के अनिरुद्ध यादव, कटियारी पंचायत के इंदु देवी, दुगार्पुर पंचायत से रंजनी कुमारी, बलिया पंचायत से रेखा देवी, बढोनिया पंचायत से रूपा कुमारी, दीदारगंज पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नीरज कुमार शर्मा शामिल थे। जबकि उप प्रमुख के चुनाव में पूर्व उपप्रमुख सचिन कुमार, सहित बलिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य साधना देवी, रामपुर पंचायत से संगीता कुमारी, दूरमट्टा पंचायत के अंजू देवी उपस्थित नहीं हुए। जहां अनिरुद्ध यादव के अलावा कोई अन्य पंचायत समिति सदस्य ने उप प्रमुख के लिए अपनी दावेदारी नहीं रखी ऐसे में अनिरुद्ध यादव निर्विरोध उपप्रमुख के लिए निर्वाचित हुए और संग्रामपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर उन्होनें ने कहा कि जनता की हर छोटी बड़ी समस्या को दूर करना तथा प्रखंड का सर्वांगीण विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। जनसेवा मेरा कर्म रहेगा। मौके पर प्रमुख सुधीर दास प्रमुख प्रतिनिधि श्यामसुंदर दास सहित पंचायत समिति सदस्य एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

लखीसराय सड़क हादसे के मृतकों परिजनों को उचित मुआवजे की मांग को लेकर जिला पदाधिकारी से मिले, सपा जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। लखीसराय सड़क हादसे में जान गवाए मृतकों के परिजनों की समस्या सहित मुंगेर जिला के सड़कों की दुर्दशा एवं अन्य सवालों को लेकर समाजवादी पार्टी का एक शिष्टमंडल जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में सोमवार को जिला पदाधिकारी को पांच सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा है । जिसमें लखीसराय सिकंदरा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में जान गवाए मुंगेर जिला के जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 35 जहांगीरा गांव के मृतकों के परिजनों की भयावह स्थिति को देखते हुए सरकारी नौकरी एवं 20 लाख मुआवजे की घोषणा,मुंगेर के ठल 80 और मुंगेर जमालपुर के मुख्य मार्ग सहित अन्य सड़कों के निर्माण व मरम्मत, जमालपुर प्रखंड स्थित इंद्ररूख पूर्वी पंचायत के दलित बस्ती गांधी टोला को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए रास्ता का निर्माण व जिले के सदर प्रखंड के मय पंचायत सहित धरहरा जमालपुर बरियारपुर एवं अन्य प्रखंडों के भूमिहीनों को अविलंब बासगीत पर्चा दिया जाए एवं परचाधारी को कब्जा दिलवाने की मांग किया है। ज्ञापन सौंपने के के बाद सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने ने बताया की लखीसराय सड़क हादसे के शिकार हुए मृतकों के परिजनों की भयावह स्थिति है, मुंगेर की सड़कें भी लोगो के जान लीलने के लिए तैयार है वाबजूद सरकार और जिला पदाधिकारी की निरंकुशता समझ से परे है ।श्री यादव ने कहा कि अगर एक पखवाड़े के अन्दर मृतकों के परिजनों को लाभ नहीं मिल और मुंगेर जिला के अन्य समस्याओं पर संज्ञान नहीं लिया गया तो समाजवादी पार्टी इस अन्याय के विरुद्ध सड़क पर उतरेगी। मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर, महासचिव मिथिलेश यादव, मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम, कुमार प्रभाकर आदि मौजूद थे।

रेलवे से सम्बद्ध स्थायी संसदीय समिति की पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक के साथ बैठक

हाजीपुर। राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता में रेलवे से सम्बद्ध स्थायी संसदीय समिति और पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश के बीच आज पटना में एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में रेलवे से सम्बद्ध स्थायी संसदीय समिति के सदस्य माननीय सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, माननीय सांसद श्री नरहरि अमीन, माननीय सांसद श्री अजित कुमार भुइंया, माननीय सांसद श्री खीरू महतो एवं माननीय सांसद डॉ0 प्रशांत नंदा भी उपस्थित थे । बैठक में पूर्व मध्य रेल में यात्री सुविधा के विकास सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की की गई । बैठक के प्रारम्भ में महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश ने माननीय सांसद एवं रेलवे से सम्बद्ध स्थायी संसदीय समिति के अध्यक्ष श्री राधामोहन सिंह एवं उपस्थित माननीय सासंदों का स्वागत किया ।

लालगंज नप का एक अरब पैंतीस करोड़ रुपये का बजट पारित

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।लालगंज ।नगर परिषद सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया गया। बजट एक अरब पैंतीस करोड़ साठ लाख चालीस हजार रुपये का बजट पारित किया गया। आठ बजट कुल आठ करोड़ चालीस लाख रुपये के लाभ का बजट है। आय के संबंध में उन्होंने बताया कि कुल प्राप्ति 1 अरब 8 करोड़ 59 लाख 49 हजार रूपया हैं। जिसमें राजस्व प्राप्ति 51 करोड़ 86 लाख 49 हजार रुपए एवम पूंजीगत प्राप्ति 56 करोड़ 73 लाख रुपये है। राजस्व भुगतान 29 करोड़ 29 लाख 40 लाख रूपया और पूंजीगत भुगतान 1 अरब 06 करोड़ 31 लाख रूपया अनुमानित हैं। बजट पेश करते हुए सभापति कंचन साह ने बताया कि इस बजट मे मुख्य रूप से नगर को सीसीटीवी कैमरा लगाने, नगर को स्वच्छ, सुंदर,पार्क, स्ट्रीट लाइट लगाने पर विशेष जोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि साफ सफाई पर 1 करोड़ 80 लाख, स्ट्रीट लाइट मास्क लाइट पर 1 करोड़ 60 लाख, वाटर सप्लाई पर 1 करोड़, रोड नाला निर्माण 1 करोड़, कंक्रीट सड़क निर्माण 5 करोड़ 60 लाख, अन्य सड़क निर्माण 2 करोड़ 40 लाख, शहरी गरीबों बहु मंजिला आवास पर 1 करोड़ 25 लाख, सामुदायिक भवन एवम नगर भवन पर तीन करोड़,आवास योजना पर पंद्रह करोड़ ,बसन्ता जहानाबाद घाट पर शवदाह गृह निर्माण पर एक करोड़ रुपए खर्च किए जाने समेत कई महत्वपूर्ण कार्यों के किये जाने पर भी इस बजट मे जोड़ दिया गया है। बैठक में उपसभापति संतोष कुमार, नगर पार्षद रविंद्र राय, नरेंद्र शर्मा, सुजीत कुमार, प्रेम कुमार, बबिता कुमारी, रिंकु देवी, ललिता देवी, गौरी देवी आदि ने भाग लिया।

निर्मला देवी वैशाली प्रखंड के नये प्रमुख पद पर हुई निर्वाचित

प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली- वैशाली प्रखंड में प्रखंड प्रमुख पर अविश्वाश लगने के बाद नये प्रखंड प्रमुख का निर्वाचन मंगलवार को हुआ। जिसमें पंचायत समिति मदरना क्षेत्र संख्या-20 के बीडीसी सदस्य निर्मला देवी प्रमुख निर्वाचित हुए। 23 पंचायत समिति सदस्यों में 22 पंचायत समिति सदस्यों ने चुनाव में हिस्सा लिया। वहीं पूर्व प्रखंड प्रमुख सलेन्द्र प्रसाद सिंह अनुपस्थित रहे। चुनाव में प्रखंड प्रमुख पद के लिए निर्मला देवी एवं रेखा देवी ने नामांकन किया। दोनों का नामांकन वैध घोषित होने के वाद प्रखंड प्रमुख पद के चुनाव की प्रक्रिया कराई गई। प्रखंड प्रमुख का चुनाव अनुमंडल कार्यालय मे अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। मतगणना के दौरान निर्मला देवी के पक्ष में 17 मत पड़े वहीं रेखा देवी के पक्ष में 05 पड़े । निर्मला देवी को प्रखंड प्रमुख निर्वाचित होते ही कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। कार्यकताओं ने खुशी का खूब जश्न मनाया। राजद के वरिष्ठ नेता रामाशीष राय, सामाजिक कार्यकर्ता दिग्विजय नारायण, विधायक प्रतिनिधि दशरथ सिंह, मनीष तिवारी, सतीश तिवारी, शिव शंकर सिंह, लाल बाबू सिंह, प्रकाश कुमार लखन, जयप्रकाश सिंह पप्पू, पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार पप्पू सहित सैकड़ों लोगो ने जीत की बधाई दी।

चार दिन से लापता व्यक्ति की शव खजूर के पेड़ से लटका मिला

प्रात : किरण संवाददाता

लालगंज। लालगंज थाना क्षेत्र के जैतीपुर में एक व्यक्ति का शव खजूर के पेड़ से लटका मिला। जिसकी सूचना मिलते ही लालगंज थाना घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दी। मंगलवार की सुबह एक स्थानीय ग्रामीण शौच के लिए नहर के पास गया। इसी दौरान अचानक शव देखकर उसने शोर मचाया। शोर सुनते ही मौके पर काफी संख्या में लोग जुट गए। ग्रामीणों ने शव की पहचान जैतीपुर गांव निवासी 50 वर्षीय उपेन्द्र राय के रूप में की है। उसके बाद सररिया निवासी संजय राय ने लालगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही लालगंज थानाध्यक्ष राकेश कुमार, पुलिस पदाधिकारी मनोज पांडे , मीरा कुमारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर जांच पड़ताल में जुट गई । वही मृतक के घर के समीप ग्रमीणों ने आक्रोशित होकर लालगंज वैशाली मुख्य मार्ग को जाम कर हंगामा करने लगा ।जिसके बाद प्रशासन एवं समाजिक कार्यकर्ता ने समझा बुझा कर शांत कराया तब जाकर जाम खुलवाया गया तब जाकर यातायात शुरू हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि उपेन्द्र राय 23 फरवरी की रात करीब दस बजे शौच के लिए निकले थे परंतु वापस नहीं घर नही लौटे। जिसके बाद परिजन एवं ग्रामीण लगातार खोजबीन की। फिर भी कोई पता नहीं चल सका। वही मंगलवार की सुबह घर पीछे करीब दो सौ मीटर की दूरी पर नहर में एक खजूर के पेड़ पर शव टंगा हुआ था। इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने तरह तरह की आशंका जाहिर की। आशंका जताई जा रही है की रात में किसी ने मार कर लटका दिया होगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शव बरामद कर पोस्मार्टम लिए भेज दिया गया है। जाँच पड़ताल कर आगे की कारवाई की जाएगी।

अखिल भारतीय किसान महासभा के जन विश्वास रैली में 20 हजार किसान भाग लेंगे

पटना। अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव ने आज प्रेस वार्ता में बताया कि अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में महागठबंधन द्वारा आहूत जन विश्वास रैली में बिहार के तीस जिलों से 20 हजार से अधिक किसान भाग लेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है सभी तीस जिलों के जिला कमिटी अपनी अपनी बैठकें कर इसकी पूरी योजना बना ली है। प्रचार प्रसार व किसान गोलबंदी के लिए एक लाख पर्चा जिलों में किसानो के बीच वितरित किया जा चुका है। प्रेस को संबोधित करते हुए उमेश सिंह ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार किसान मजदूरों के बेटे बेटियों को रोजगार मुहैया कराना शुरू किया और एक माह के भीतर रिकार्ड चार लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिया तो किसान मजदूर द्रोही भाजपा के पेट में दर्द होना शुरू हो गया और अपने ई डी और सी बी आई का भय दिखा कर नीतीश बाबू को अपने पक्ष में ले कर महागठबंधन की सरकार को तोड़ दिया ।

महनार महोत्सव में कलाकारों ने बाँधा शमा

प्रात : किरण संवाददाता

महनार - महनार महोत्सव के प्रथम दिन देर शाम लोक गीतों से लोगों का खूब मनोरंजन हुआ ।होली गीत ने लोगों को खूब झुमाया ।आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पटना के प्रथम श्रेणी के लोक गायक शैलेन्द्र सिंह राकेश ने ह्यबिगड़ी मेरी बना दे ओ शेरो बाली मइयाह्न,होली गीत ह्यगोरिया करके सिंगार अंगना ने पिसे हरदियाह्न,रंग डाले फगुनवा आदि गाकर लोगों को खूब झुमाया ।देर शाम तक लोक गीतों की रसधारा में लोग गोते लगाते रहे ।एक से बढ़कर एक लोक गीतों का लोगों ने आनन्द लिया ।इस मौके पर दोनों लोक गायक शैलेन्द्र सिंह राकेश को स्मृति चिन्ह प्रदान कर जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा,विधायक बिना सिंह,एसडीएम विनोद कुमार,डीडीसी शम्स जावेद,एसडीओ नीरज कुमार आदि ने सम्मानित किया ।सम्मान के दौरान जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लोक गायकी हमारे समृद्ध विरासत की अनूठी मिशाल है ।ऐसे कलाकारों के कारण ही हमारी लोक संस्कृति के लोक गीत आज तक अमर है ।इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार,महनार प्रखंड विकास पदाधिकारी वसन्त कुमार सिंह,दिलीप कुमार सिंह,मिथिलेश कुमार राय,भोला मिश्रा,महेंद्र राम,पूर्व मुखिया मो0 मोख्तार अहमद,सुबोध सिंह कुशवाहा,आनंद जायसवाल नवल सिंह,गणेश सिंह,अमरेश कुमार सिंह,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सहदेई अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार,संतोष कुमार सिंह,सुधांशूचन्द्र सुधाकर आदि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया गुरूदेव कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिकल साइंस का स्थापना दिवस समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। गुरूदेव कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिकल साइंस, हाजीपुर, वैशाली का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहां कार्यक्रम की शुरूआत छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश वंदना के साथ हुआ। उसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

गुरुदेव कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिकल साइंस, हाजीपुर, वैशाली की स्थापना राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए की गयी थी। संस्थान द्वारा अथक प्रयास है कि संस्थान में सभी सुविधाएँ, जैसे कि सैद्धांतिक, प्रायोगिक एवं अस्पताल में व्यवहारिक प्रशिक्षण आधुनिक हो। संस्थान परिवार के सभी सदस्यों के कड़ी मेहनत से आज संस्थान पारा मेडिकल एवं नर्सिंग के क्षेत्र में राज्य में अग्रणी संस्थान बनता जा रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन श्री एस. के. पाण्डेय ने कहा कि कोरोना काल के आने के बाद डॉक्टरों और नर्सों की उपयोगिता का पता चला, इस महामारी के समय स्वास्थकर्मियों का कार्य काफी सराहनीय रहा। आज हमारे इस संस्थान से स्वास्थ्य कर्मियों का समूह देश की सेवा के लिए तैयार हो रहे हैं। संस्थान में पारामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स में बी.एस.सी. नर्सिंग, ए.एन.एम. (नर्सिंग), जी.एन.एम.(नर्सिंग), ड्रेसर, ओटी टेक्नीशियन, डी.एम.एल.टी. बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी, एवं बैचलर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट में नामांकन प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम के अंत में इस वर्ष उतीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ एस के पाण्डे डायरेक्टर श्रीमति नागिना देवी ,प्रिंसिपल डॉ ओम प्रकाश, प्रिंसिपल डॉ आनंदिता बनर्जी, एसिस्टेंट प्रोफेसर रीत कुमार रीत, बाल भगवान नीतीश कुमार आदि गणमानय व्यक्तियों एवं संस्थान के शिक्षक एवं कर्मियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का सफल बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

48 घंटे के अंदर हत्या के मुख्य आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। बीते दिनों में पारसी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में शौच करने जा रहे व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी गई, बचपन के साथी ने दूसरे दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। पत्नी का दोस्त के साथ अवैध संबंध से नाराज आरोपी ने शनिवार घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पत्नी (36) को पहले ही पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। घटना परासी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव का है। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवानपुर गांव में अजय यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी अनिल चंद्रवंशी (40) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक अजय यादव (40) और आरोपी अनिल चंद्रवंशी दोनों बचपन के साथी थे। दोनों एक साथ पढ़ाई करते थे। इसके बाद हमेशा दोनों साथ में रहते थे। आए दिन दोनों एक दूसरे के घर आते-जाते भी थे। तभी मृतक की नजदीकियां आरोपी अनिल की पत्नी गीता देवी के साथ बढ़ने लगी। इसके बाद दोनों के बीच अवैध संबंध हुआ। इसकी जानकारी आरोपी को लग गई। इसके बाद से ही आरोपी हत्या की साजिश रचने लगा। मृतक को शक न हो इसके लिए उसने उसका साथ नहीं छोड़ा। पल-पल की जानकारी अपने पास रखने लगा। इसी बीच शनिवार की सुबह दोनों दोस्त एक साथ टहलने निकले थे। जहां आरोपी अनिल ने अजय यादव को गोली मार दी। इसी दौरान अजय यादव बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। यहां डॉक्टर से उसे अमृत घोषित कर दिया ।पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने बताया कि घटना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। इसके बाद टीम ने छापेमारी कर जहानाबाद के कनपा ओपी क्षेत्र के गोनसा गांव से आरोपी को पकड़ा है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि घटनास्थल से 200 मीटर की दूरी पर उसने घटना में प्रयुक्त किया हथियार छुपाया था।

जुगाड़ गाड़ी पलटने से चालक की मौत

संग्रामपुर (मुंगेर)। सोमवार की शाम करीब 6:30 बजे संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चंदनिया गांव के ग्रामीण सड़क पर धान से लदे जुगाड़ गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी से भरे डाँर में पलट जाने से जुगाड़ गाड़ी के चालक बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय ग्रामीण एवं परिजनों के द्वारा आनन फानन में जख्मी चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया। इलाज कर रहे चिकित्सक गौतम शाहा ने कहा कि जुगाड़ गाड़ी और उसपर लगे धान से चालक काफी देर तक पानी में दबा रह गया जिस वजह से ऑक्सीजन लेवल कम हो गया। और मरीज के पेट में काफी मात्रा में पानी चला गया। जिसे निकाल दिया गया है। जख्मी जुगाड़ गाड़ी चालक थाना क्षेत्र के चंदनिया गांव निवासी राकेश मंडल पिता जय प्रकाश मंडल उम्र 40 वर्ष बताया गया। जिनका रात्रि मे मौत हो गया।

संक्षिप्त समाचार

मध्य प्रदेश रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा

रोमांचक मैच में आंध्र को चार रन से हराया

नई दिल्ली। मैन ऑफ द मैच अनुभव अग्रवाल की शानदार गेंदबाजी के दम पर मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी के रोमांचक क्वार्टर फाइनल मैच में आंध्र प्रदेश को चार रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मैच के हीरो भोपाल के 27 साल के अनुभव रहे जिन्होंने दूसरी पारी में आंध्र के बल्लेबाजों को सस्ते में पवेलियन भेजकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई।

तेज गेंदबाज अनुभव ने मैच में कुल नौ विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में 33 रन देकर तीन जबकि दूसरी पारी में 52 रन देकर छह विकेट चटकाए। उनकी मदद से मध्य प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को दूसरी पारी में 165 रन पर ढेर कर दिया। मध्य प्रदेश ने 170 रन का लक्ष्य दिया था।

तमिलनाडु के बाद मध्य प्रदेश दूसरी टीम बन गई जो सेमीफाइनल में पहुंची है। मध्य प्रदेश 2021-22 की विजेता है। मध्य प्रदेश ने पहली पारी में 234 रन बनाए थे। जिसके जवाब में आंध्र प्रदेश 172 रन पर ही ढेर हो गया था। इस तरह मध्य प्रदेश को पहली पारी में 62 रन की बढ़त मिली थी। फिर मध्य प्रदेश दूसरी पारी में 107 रन ही बना पाया था जिसमें हिमांशु मंत्री ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए थे।

मुंबई इंडियंस के लिए खुशखबरी!

आईपीएल से पहले मैदान पर लौटे हार्दिक पांड्या

मुंबई। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या लंबे समय पर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस लौट आए। पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान चोटिल होने वाले हार्दिक ने

आईपीएल से पहले फिटनेस हासिल कर ली है। वह डीवाई पाटिल टी20 कप के 18वें सीजन में मैदान पर उतरे। करीब पांच महीने बाद मैदान पर उतरते हुए हार्दिक ने गेंदबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया।

हार्दिक ने अपने प्रदर्शन से रिलायंस 1 टीम को जीत दिलाई। उनकी गेंदबाजी की बदौलत टीम ने बीपीसीएल को 18.3 ओवर में 126 रन पर समेट दिया। गेंबाजी में हार्दिक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने पहले दो ओवर में 21 रन लुटाए। उसके बाद तीसरे ओवर में वापसी की और सिर्फ एक रन दिया। उन्होंने राहुल त्रिपाठी और एकनाथ केरकर का विकेट भी लिया। हार्दिक ने तीन ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए।

मुंबई के लिए 10वें और 11वें नंबर के बल्लेबाज ने लगाया शतक

तनुष और तुषार देशपांडे ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। मुंबई के खिलाड़ी तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने रणजी ट्रॉफी में इतिहास रच दिया। दोनों ने बड़ौदा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में शतक लगाया। खास बात है यह कि तनुष ने 10वें और तुषार ने 11वें नंबर बल्लेबाजी करते हुए सैकड़ा लगाया। रणजी ट्रॉफी में पहली बार ऐसा हुआ है। मुंबई और बड़ौदा के बीच यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मुंबई को पहली पारी में 36 रन की बढ़त मिली। इस आधार पर उसने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

मुंबई ने पहली पारी में 384 रन बनाए थे। वहीं, बड़ौदा ने 348 रन बनाए। इस तरह मुंबई की टीम को 36 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में उसने तनुष और तुषार के शतक की बदौलत 569 रन बनाए। बड़ौदा को जीत के लिए 606 रन का लक्ष्य मिला। उसने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 121 रन बनाए और मैच पांचवें दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

तनुष और तुषार का पहला शतक

मुंबई के 337 रन पर नौ विकेट गिर गए थे। यहां से तनुष और तुषार ने पारी को संभाला और बड़ौदा के गेंदबाजों को हैरान कर दिया। दोनों ने 10वें विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी की। तनुष कोटियान ने 115 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। वह 129 गेंद पर 120 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने कुल 10 चौके और चार छक्के लगाए। तुषार देशपांडे ने 112 गेंदों पर शतक पूरा किया। वह 129 गेंद पर 123 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 10 चौके और आठ छक्के लगाए। दोनों बल्लेबाजों ने प्रथम श्रेणी में अपना पहला शतक लगाया।

तनुष और तुषार की जोड़ी ने हासिल की खास उपलब्धि

तनुष और तुषार ने 10वें विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी। इस क्रम पर भारत के लिए प्रथम श्रेणी में यह तीसरी बड़ी साझेदारी है। चंदू सरवटे और शुते बनर्जी ने सरे के खिलाफ 249 रन जोड़े थे। दिल्ली के लिए अजय शर्मा और मनिंदर सिंह ने 1991-92 में मुंबई के खिलाफ 233 रन की साझेदारी की थी। अजय शर्मा ने नाबाद 259 और मनिंदर ने 78 रन बनाए थे। उस मैच में दिल्ली ने मुंबई को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराया था।

78 साल में पहली बार हुआ ऐसा

1946 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब 10वें और 11वें नंबर के बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक लगाया है। पिछली बार चंदू सरवटे और शुते बनर्जी की जोड़ी ने ऐसा किया था। सरवटे और बनर्जी ने 1946 में ओवल के मैदान पर सरे बनाम इंडियंस मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी।

कोटियान और देशपांडे की साझेदारी भी केवल तीसरी बार है जब किसी भारतीय जोड़ी ने आखिरी विकेट के लिए 200 से अधिक की साझेदारी की है। देशपांडे नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए प्रथम श्रेणी शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज भी बने। उन्होंने 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक स्कोर करने का भी भारतीय रिकॉर्ड बनाया। उनसे पहले शुते बनर्जी ने 121 रन की पारी खेली थी।

टेस्ट सीरीज से 48 घंटे पहले कीवी गेंदबाज नील वैगनर ने किया संन्यास का एलान

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने जा रही टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने अपने 12 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर पर अचानक विराम लगाकर क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर दिया है। वैगनर ने ये फैसला पिछले सप्ताह कोच गैरी स्टीड के साथ हुई बातचीत के बाद लिया।

मूल रुप से साउथ अफ्रीका से ताल्लुक रखने वाले वैगनर ने 2012 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत न्यूजीलैंड के लिए की थी। इस दौरान उन्होंने 64 टेस्ट मुकाबलों में 260 विकेट हासिल किए। वेलिंगटन में शुरु होने वाले टेस्ट सीरीज से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संन्यास का

टेस्ट खिलाड़ियों पर बीसीसीआई मेहरबान !

बढ़ाई जा सकती है सैलरी, आईपीएल के बाद फैसला संभव

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला भारत ने अपने नाम कर लिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने 3-1 की बढ़त हासिल कर ली है। इस सीरीज का अंतिम मैच धर्मशाला (सात मार्च) में खेला जाएगा। इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को तोहफा देने पर विचार रहा है। खबर है कि टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोर्ड बड़ा फैसला ले सकता है।

दरअसल, भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को हाल ही में आईपीएल 2024 की तैयारियां करते देखा गया था। टीम मैनेजमेंट ने उन्हें रणजी खेलने की सलाह दी थी, जिसको उन्होंने नजरअंदाज कर दिया था। खिलाड़ियों के इस रवैये पर बीसीसीआई ने भी नाराजगी जाहिर की थी। वहीं, चौथा टेस्ट जीतने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने भी उन खिलाड़ियों को मौका देने की बात कही जिनमें टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख है।

टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले प्लेयर्स को मिलेगा बोनस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई ने सैलरी स्ट्रक्चर को फिर से तैयार करने का मन बनाया है। यदि कोई खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष में सभी टेस्ट सीरीज खेलता है तो उसे वार्षिक रिटेनर अनुबंध के अलावा, बोनस दिया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, बीसीसीआई इस पर आईपीएल 2024 के बाद फैसला ले सकता है। मौजूदा समय में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी को बीसीसीआई की तरफ से 15 लाख रुपए दिए जाते हैं। वहीं, वनडे मैच खेलने वाले खिलाड़ी को छह लाख रुपए मिलते हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए तीन लाख की राशि दी जाती है।

22 मार्च से शुरु होगा आईपीएल

बात करें आईपीएल के 17वें संस्करण की तो इसकी शुरुआत 22 मार्च से होगी। बीसीसीआई की तरफ से इस टूर्नामेंट के 21 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। पहला मुकाबला चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। आईपीएल के इतिहास में नौवीं बार सीएसके टूर्नामेंट का पहला मुकाबला खेलने के लिए उतरेगी। इससे पहले टीम 2009, 2011, 2012, 2018, 2019, 2020, 2022 और 2023 में उद्घाटन मैच खेल चुकी है।

दिल्ली कैपिटल्स को सीजन में मिली पहली जीत, यूपी वॉरियर्स को लगातार तीसरी बार हराया

बेंगलुरु। दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (ड्ड्ढक्क) के दूसरे सीजन में अपनी पहली जीत सोमवार को हासिल कर ली। उसने बेंगलुरु के एम चिन्नस्वामी स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स को नौ विकेट से हरा दिया। दिल्ली को इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ उद्घाटन मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर, यूपी वॉरियर्स को पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने हराया था। इस तरह उसे सीजन में लगातार दूसरी हार मिली है।

दिल्ली ने यूपी को लगातार तीसरे मैच में हराया है। उसने पिछले साल टूर्नामेंट के पहले सीजन में दो मैचों में जीत हासिल की थी। संयोग से पिछली बार भी दिल्ली का दूसरा मैच यूपी की टीम से ही था।

शेफाली और लैनिंग का अर्धशतक

दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। यूपी की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 14.3 ओवर में एक विकेट पर 123 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। टीम ने 33 गेंद शेष रहते मैच को जीत लिया। उसके लिए शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा नाबाद 64 रन बनाए। उन्होंने 43 गेंद की पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान मेग लैनिंग ने 43 गेंद पर 51 रन बनाए। उन्होंने छह चौके लगाए।

हनुमा विहारी ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप तो भड़का आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन, जांच के दिए आदेश

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी ने आंध्र प्रदेश क्रिकेटसंघ (एसीए) पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश क्रिकेट में राजनीतिक हस्तक्षेप चरम पर है और यही वजह है कि उन्हें टीम की कप्तानी से इस्तीफा देना पड़ा। विहारी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच के बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि उन्होंने बंगाल के खिलाफ मुकाबले के बाद टीम के 17वें खिलाड़ी पर चिल्ला दिया था। इसके बाद मामला बिगड़ गया था। विहारी के मुताबिक, उस खिलाड़ी के पिता राजनेता हैं और उन्होंने संघ पर कप्तानी से हटाने के लिए दबाव बनाया। विहारी की जगह रिकी भुई को कप्तान बनाया गया।

अब इस पूरे मामले पर आंध्र प्रदेश क्रिकेट ने नाराजगी जताई है और कहा है कि विहारी के खिलाफ जांच होगी। एसीए ने बयान जारी कर कहा, %%विहारी के अभद्र भाषा के इस्तेमाल और अपमानजनक व्यवहार के बारे में टीम के साथियों, सहयोगी स्टाफ और एसीए प्रशासकों से शिकायतें मिली थीं। एसीए सभी शिकायतों की गहन जांच करेगा और उचित कार्रवाई के बारे में सूचित किया जाएगा। यह हमारे ध्यान में आया है कि विहारी ने बंगाल के खिलाफ रणजी मैच के दौरान सबके सामने एक खिलाड़ी को व्यक्तिगत रूप से मौखिक रूप से गाली दी थी। प्रभावित

यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट में रचा इतिहास

डॉन ब्रैडमैन के क्लब में हुए शामिल, गावस्कर को छोड़ा पीछे

रांची। इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में टीम इंडिया ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने इस जीत के साथ सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी जायसवाल ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने विरोधी टीम के खिलाफ लगातार दो दोहरे शतक के साथ दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं। इसी के साथ वह दिग्गज क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन के क्लब में शामिल हो गए हैं।

पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले युवा बल्लेबाज ने अब तक आठ टेस्ट मैच खेले हैं। अपनी 15 पारियों में उन्होंने 971 रन बनाए, ऐसा करने वाले वह दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने शुरुआती आठ टेस्ट मैचों की 14 पारियों में 1210 रन बनाए हैं।

गावस्कर को छोड़ा पीछे

23 वर्षीय बल्लेबाज ने शुरुआती आठ टेस्ट मैचों में 800 से अधिक रन बनाकर पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया है। गावस्कर ने शुरुआती आठ टेस्ट मुकाबलों में 938 रन बनाए। इस लिस्ट में वह चौथे नंबर पर शामिल हैं। तीसरे स्थान पर वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर एवर्टन वीक्स का नाम दर्ज है जिन्होंने 11 पारियों में 968 रन बनाए। वहीं, पाकिस्तानी बल्लेबाज सऊद शकील 15 पारियों में 927 रन के साथ इस लिस्ट में शामिल होने वाले पांचवें बल्लेबाज हैं।

खास क्लब में शामिल हुए यशस्वी

यशस्वी भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में 600 या उससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें खिलाड़ी भी बन गए। कोहली, सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ अपने करियर के में दो-दो बार ऐसा कर चुके हैं। इनके अलावा दिलीप सरदेसाई ने भी एक टेस्ट सीरीज में 600 रन का आंकड़ा पार किया है। जायसवाल ने चार मुकाबलों में 655 रन बना लिए हैं।

ब्रैडमैन-सोबर्स के क्लब में यशस्वी

यशस्वी अभी 23 साल के भी नहीं हुए हैं। वह 23 साल पूरे होने से पहले एक टेस्ट सीरीज में 600 या उससे अधिक रन बनाने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन, वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स, सुनील गावस्कर, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ, वेस्टइंडीज के जॉर्ज हेडली और ऑस्ट्रेलिया के नील हार्वे यह उपलब्धि हासिल कर चुके

संक्षिप्त समाचार

हिमाचल प्रदेश में अब बेटियों की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं की जा सकेगी

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने शादी के लिए बेटियों की न्यूनतम उम्र सीमा में तीन साल के इजाफे का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में अब बेटियों की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं की जा सकेगी। इसके लिए उनकी सरकार कानूनी प्रावधान करने जा रही है। मौजूदा वक्त में बेटियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल है और तो लड़कों के लिए 21 है। सुक्खू ने साफ किया कि मौजूदा विधानसभा सत्र में यह बदलाव कर दिया जाएगा। सीएम ने सोमवार को केलांग में लाहौल शरद उत्सव का शुभारम्भ करते हुए मंच से इसका ऐलान किया। सुक्खू ने कहा, अभी हमारा विधानसभा सत्र चल रहा है। हम अपनी बेटियों के लिए एक और योजना लेकर आ रहे हैं। हमने कहा अब बेटी की शादी की उम्र 18 साल नहीं होगी। हिमाचल हिन्दुस्तान में पहला राज्य बनने जा रहा है जहां हम बेटियों की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने जा रहे हैं। प्रस्तावित बदलाव को जनवरी में ही सुक्खू कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अब विधानसभा में सरकार बिल पेश करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि मौजूदा बजट सत्र में कानून में संशोधन किया जा सकता है। इसके बाद राज्य में दूल्हे और दुल्हन दोनों के लिए न्यूनतम उम्र 21 साल हो जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लाहौल-स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग में ही रविवार को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत जिला लाहौल-स्पीति की 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीने पेंशन प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहला हिमाचल दिवस स्पीति घाटी के काजा में मनाया था और वहां 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह प्रदान करने की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा लाहौल-स्पीति में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना शुरू करने के साथ-साथ प्रदेश में 1100 रुपए पेंशन प्राप्त करने वाली 2.37 लाख महिलाओं को भी एक फरवरी 2024 से 1500 रुपए दिए जाएंगे।

ईडी के सामने एक-एक कर सारे राज खोल रहा नीतीश दीवान

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप को मामले में लगातार ईडी इससे जुड़े हुए लोगों से पूछताछ कर रही है। इसी मामले में बीते दिनों ईडी ने नीतीश दीवान को गिरफ्तार कर पूछताछ किया है। जिसे कोर्ट के द्वारा दी गई ईडी को रिमांड खत्म होने के बाद एक बार फिर कोर्ट में पेश किया है। जहां कोर्ट ने 3 दिन की ईडी को फिर रिमांड दे दी है। ईडी की माने तो सौरभ चंद्राकर से जुड़ा हुआ यह एक महत्वपूर्ण व्यक्ति है, जोकि पैसे का बड़ा हिसाब किताब रखता था। अब ईडी इसे आगे तीन दिनों तक और पूछताछ करेगी। बतादें के नीतीश दीवान से ईडी ने एक बार पहले भी पूछताछ की थी, लेकिन उन दिनों इसे छोड़ दिया गया था। जब महादेव सट्टा से जुड़े लोग पकड़ाने लगे और उनसे पूछताछ की जाने लगी तो हर पूछताछ में नीतीश दीवान का भी नाम सामने आने लगा। जिसके बाद ईडी ने इसे वापस से गिरफ्तार किया और पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि ईडी की पूछताछ में नीतीश दीवान ने कई राज खोले हैं। वह ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के साथ रहकर पैनल ऑपरेटर का काम किया करता था। वह दुबई में सौरभ के साथ इस पैनल का दो सालों तक हिस्सा बना रहा। महादेव ऐप से कमाए हुए पैसे को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से इन्वेस्ट किरने का काम किया है। नीतीश दीवान का काम पैनल ऑपरेटर को समय-समय पर चेक करना होता था। इसके अलावा इस सट्टा ऐप से कमाए हुए काले पैसे को नीतीश दीवान अपने खाते से दूसरे के बैंक अकाउंट में सीधा भेजा करता था। इस सट्टे के पैसे को कहां-कहां इन्वेस्ट करना है, कहां जमीन लेनी है। इन सब चीजों का हिसाब किताब नीतीश रखता था। महादेव सट्टा एप के माध्यम से आने वाली काली कमाई को प्रमोटर के कहने पर अपने अकाउंट के जरिए नीतीश दीवान इधर-उधर किया करता था. सट्टे के पैसों को नीतीश दीवान के जरिए इन्वेस्ट किया गया था।

टोल पर समस्या से बचना है तो 29 तक फास्टैग का केवाईसी अपडेट कराएं

नई दिल्ली, एजेंसी।
अगर आपने एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग ले रखें हैं या फिर केवाईसी अपडेट नहीं कराया है तो आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे पर सफर करते समय समस्या से बचना है तो 29 फरवरी तक केवाईसी अपडेट करा लें। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो आपके फास्टैग को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) से जुड़े अधिकारी बताते हैं कि इस बार केवाईसी अपडेट कराने की अंतिम तिथि आगे बढ़ाने की संभावना बेहद कम है, क्योंकि बैंक और फास्टैग वॉलेट सुविधा मुहैया कराने वाली कंपनियों से जो डाटा मिला है, उसके मुताबिक 31 जनवरी को केवाईसी अपडेट करने की तिथि को एक महीने के लिए बढ़ाने का फैसला लिया गया था, लेकिन इसके बाद से केवाईसी अपडेट कराने वाले लोगों की संख्या में कमी आई।

हालांकि, 20 से 31 जनवरी के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने केवाईसी अपडेट कराया। अब अंतिम तिथि को आगे बढ़ाए जाने की उम्मीद बहुत कम है। काफी संख्या में लोगों ने एक वाहन पर दो या उससे अधिक फास्टैग ले रखें हैं, जिससे एजेंसियों को कई बार टोल शुल्क काटने में परेशानी होती है।

पूरी जानकारी एक नाम पर हो

नियमों के हिसाब से फास्टैग लेने वाले व्यक्ति का केवाईसी अपडेट होना चाहिए। गाड़ी भी उस व्यक्ति के नाम होनी चाहिए। अभी शुरुआत में यह छूट रहेगी कि गाड़ी भले ही किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर हो, लेकिन जो व्यक्ति फास्टैग जारी करा रहा है, उसका केवाईसी होना जरूरी है।

वाहन और फास्टैग के नामों में अंतर

देश में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी है जिनकी कार किसी दूसरे नाम पर है और फास्टैग किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर लिया गया है और मोबाइल नंबर से जारी हुआ है। इससे भी परेशानी हो सकती है।

लोग उलझन में फंसे

एनएचएआई के इस फैसले के बाद काफी लोग उलझन में फंसे हैं, क्योंकि कुछ लोगों ने मोबाइल नंबर पर फास्टैग जारी कराया है। खासकर, नए वाहन लेते समय उसका कोई नंबर नहीं होता है। ऐसे में फास्टैग सेवा प्रदाता कंपनियां मोबाइल नंबर पर ही वाहन की श्रेणी के हिसाब से फास्टैग जारी कर देती हैं। यानी कोई ग्राहक कार ले रहा है तो उसे फोर व्हीलर और कोई 10 टायर का ट्रक ले रहा है तो उसे कमर्शियल श्रेणी में फास्टैग जारी होता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को शिकायत मिल रही थी कि एक गाड़ी में एक से अधिक फास्टैग जारी होने से दिक्कत होती है। कई बार टोल प्लाजा पर सिस्टम उस फास्टैग को रीड कर लेता है या फिर गाड़ी की नंबर प्लेट के आधार पर उस फास्टैग को स्कैन करती है, जिसके वॉलेट में पर्याप्त बैलेंस नहीं होता है। इस पर टोल बैरियर नहीं खुलता है तो फिर कार चालक दूसरे फास्टैग का वॉलेट खोलकर पर्याप्त बैलेंस दिखाते हैं और फास्टैग रीडर में गड़बड़ी का हवाला देकर टोल बैरियर खुलवा देते हैं।

दस्तावेज के आधार पर बेसहारा बच्चों को दाखिले से मना नहीं करेंगे स्कूल, दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने जारी की गाइडलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी। दस्तावेज के आधार पर सर्वोदय विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नर्सरी से पहली कक्षा में दाखिले के लिए बच्चों को मना नहीं कर सकेंगे। किसी भी दिव्यांग बच्चे, निराश्रित बच्चे, शरणार्थी, बेघर, प्रवासी, अनाथ या देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चे को दस्तावेज नहीं होने पर विद्यालय को दाखिला सुनिश्चित करना होगा। दस्तावेज बनवाने में सीआरसी और एसएमसी मदद करेगी इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की स्कूल शाखा ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बच्चे के अभिभावक और माता-पिता द्वारा सादे कागज पर शपथ पत्र लिखकर देने पर 30 दिन के लिए अस्थायी दाखिला मिलेगा।

ऐसे बच्चे की जानकारी स्कूल प्रमुख क्लस्टर संसाधन समन्वयक को देंगे। स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) और सीआरसी दस्तावेज बनवाने में माता-पिता की मदद करेगी, जिससे अस्थायी दाखिला को एक निश्चित समय में नियमित किया जा सके। साथ ही छात्र प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से छात्रवृत्ति का लाभ ले सकें। स्कूल दाखिले के लिए न्यूनतम और अधिकतम उम्र में 30 दिन की छूट दे सकेंगे। उम्र छूट का लाभ लेने के लिए स्कूल प्रमुख को पत्र लिखना होगा। नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में दाखिला के लिए उम्र में छूट का प्रावधान किया गया है। नर्सरी कक्षा में दाखिला के लिए न्यूनतम उम्र 31 मार्च 2024 को तीन वर्ष होना जरूरी है। दाखिले के लिए सर्वोदय विद्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में रहने वाले बच्चे और विद्यालय के तीन किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले बच्चे, जहां उनके घर के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में कोई सर्वोदय विद्यालय नहीं है तो उन्हें दाखिले में प्राथमिकता मिलेगी।

तिलक ब्रिज स्टेशन का होगा पुनर्विकास, पीएम मोदी ने किया शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सोमवार को जिन 553 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया गया, उसमें तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन भी शामिल है। आईटीओ के समीप बना यह रेलवे स्टेशन दैनिक यात्रियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उपराज्यपाल विनय सक्सेना, मीनाक्षी लेखी और दिल्ली डीआरएम शिलान्यास के दौरान स्टेशन पर मौजूद रहे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने कई सांस्कृकित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया कि दिल्ली मंडल के तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित करने के लिए चुना गया है। इस स्टेशन को बिलकुल नए स्वरूप में तैयार किया जाएगा। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी है। सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवरब्रिज के शिलान्यास किया।

यमुना अथॉरिटी की आवासीय योजना में फंसा है प्लॉट? 2319 आवंटियों को जल्द मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। यमुना प्राधिकरण की सबसे पहली आवासीय योजना में फंसे 2319 भूखंडों के आवंटियों के लिए अच्छी खबर है। अब प्राधिकरण ने इन भूखंडों को दूसरी जगह पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण को लेकर प्रस्ताव प्राधिकरण की अगली बोर्ड बैठक में लिया जाएगा। ये सभी भूखंड भट्टा पारसौल गांव की जमीन पर आवंटित हुए थे, लेकिन किसानों के कोर्ट जाने से जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया था। यमुना प्राधिकरण के सीईटो अरुणवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2009 में 21 हजार भूखंडों की आवासीय योजना शुरू की थी।

योजना में सफल रहे आवेदकों को यीडा सिटी के सेक्टर-18 और 20 में भूखंड आवंटित गए हैं। इस बीच जमीन प्राधिकरण से प्रभावित क्षेत्र के किसानों के कोर्ट चले जाने से प्राधिकरण को जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया। जिससे प्राधिकरण निर्धारित समय 2013 तक आवंटियों को भूखंड नहीं दे पाया। साथ ही सेक्टर का विकास भी नहीं हो सका। मामला लंबे समय तक कोर्ट में लंबित रहा। इसका रास्ता निकालते हुए कोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि 80 फीसदी याचिकाओं के वापस लेने पर किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा व सात फीसदी आबादी का भूखंड का लाभ दिया जा सकता है। निलौनी, शाहपुर, रौनीजा, पचोकरा, दनकौर, रूस्तमपुर, मिर्जापुर, रामपुर आदि गांवों के किसानों को राजी करने में प्राधिकरण सफल भी रहा, लेकिन भट्टा पारसौल के किसानों ने अभी याचिका वापस नहीं ली है, जिससे भट्टा पारसौल गांव की जमीन पर आवंटित किए गए 2319 भूखंडों पर अभी तक कब्जा नहीं मिल पाया है। ऐसे में आवंटियों की परेशानी को देखते हुए प्राधिकरण ने सभी 2319 भूखंडों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का फैसला लिया है। यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में सफाई कार्य में लगे 150 कर्मी जीपीएस के माध्यम से कराए गए सत्यापन में अनुपस्थित पाए गए । ऐसे कर्मियों को काम से हटा दिया गया है। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने सोमवार को हुई बैठक में यह निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ में मीसा बंदियों की सम्मान निधि फिर होगी शुरू- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि सूबे में मीसा बंदियों की सम्मान निधि फिर से शुरू की जाएगी। विधानसभा चुनावों के दौरान पीएम मोदी ने जो गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता को दी थी उसमें बहुत सी महत्वपूर्ण गारंटियों को सरकार ने तीन महीनों में ही पूरा कर दिया है। सीएम ने विधानसभा में अपने सीधे अधीनस्थ विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए यह ऐलान किया। मुख्यमंत्री साय के जवाब के बाद सदन में 8421 करोड़ 82 लाख 8 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गई। अनुदान मांगों में सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 475 करोड़ 39 लाख 81 हजार रुपए, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए 74 करोड़ 18 लाख 29 हजार रुपए, वाणिज्यिक विभाग (आबकारी) के लिए 432 करोड़ 3 लाख 44 हजार रुपए, ऊर्जा विभाग के लिए 3990 करोड़ 56 लाख 89 हजार रुपए, पशुपालन विभाग के लिए 513 करोड़ 1 लाख 58 हजार रुपए के कोष शामिल थे।

राष्ट्रपति अल्वी ने खारिज किया नेशनल असेंबली सत्र बुलाने का प्रस्ताव, पैदा हो सकता है संवैधानिक संकट

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने 29 फरवरी को नई नेशनल असेंबली का पहला सत्र बुलाने के प्रस्ताव को कथित तौर पर खारिज कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। जिओ न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि राष्ट्रपति ने कार्यवाहक संसदीय मामलों के मंत्रालय के प्रस्ताव को खारिज किया और कहा कि सभी आरक्षित सीट को सत्र बुलाने से पहले आवंटित किया जाएगा, जिसमें नेशनल असेंबली के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की झुकाव रखने वाले अल्वी 2018 में राष्ट्रपति बने थे। राष्ट्रपति बनने से पहले वह जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के वरिष्ठ सदस्य थे।

खबर में कहा गया कि राष्ट्रपति के इनकार के बाद नेशनल असेंबली के निवर्तमान स्पीकर राजा परवेज अशरफ ने 29 फरवरी को संसद के निचले सदन का सत्र बुलाने का फैसला किया। यह फैसला नेशनल असेंबली सचिवालय के उन वरिष्ठ अधिकारियों और संवैधानिक विशेषज्ञों के परामर्श का पालन करता है। जिन्होंने राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर

हस्ताक्षर करने से इनकार करने से पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, संवैधानिक प्रावधान के अनुसार नेशनल असेंबली की बैठक चुनाव के 21 दिनों के भीतर बुलाई जानी चाहिए। अनुच्छेद 91 के तहत 29 फरवरी को यह आदेश दिया गया है। अगर नेशनल असेंबली की बैठक तय कार्यक्रम के अनुसार 29 फरवरी को होती है, तो नए स्पीकर का कार्यक्रम शपथ के बाद उसी दिन जारी किया जाएगा। इसके बाद एक मार्च को स्पीकर के चुनाव के लिए कागजात जमा किए जाएंगे और दो मार्च को डिप्टी स्पीकर के साथ स्पीकर का चुनाव किया जाएगा।

चांद पर उतरने के बाद एक साइड पर पलटे ओडीसियस लैंडर ने भेजीं पहली तस्वीरें, विशेषज्ञ बोले- यह मामूली सफलता

वॉशिंगटन, एजेंसी।
करीब 50 साल बाद हाल ही में कोई अमेरिकी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा है। जो लैंडर चांद पर उतरा है उसका नाम है- ओडीसियस लैंडर। इसे ह्यूस्टन की इंटुएटिव मशीन्स ने बनाया है। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब नई जानकारी यह है कि लैंडर ने सोमवार को चंद्रमा की सतह से अपनी पहली तस्वीरें भेजी हैं।

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में गुरुवार को उतरा था गौरतलब है, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया था कि उसका मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया है।इसकी वजह से वह एक ओर झुक गया। इस खबर की पुष्टि लैंडर का निर्माण और संचालन करने वाली कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने भी की थी। ओडीसियस आधी सदी से भी अधिक समय में चंद्रमा पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान है। यह रोबोटिक लैंडर गुरुवार शाम 6.23 बजे ईटी पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में उतरा था। लेकिन, फ्लाइट कंट्रोलर्स को लैंडर के कम्युनिकेशन सिग्नल्स से सिग्नल लेने में कई मिनट लग गए। इंटुएटिव मशीन्स के सीईओ स्टीव अल्टेमस ने कहा था, जैसे ही यह उतरा, ओडीसियस का एक पैर सतह पर फंस गया। इससे यह एक ओर झुक गया है। फिर भी, लैंडर हमारे इच्छित लैंडिंग स्थल के करीब या उस पर है। नासा और इंटुएटिव मशीन्स ने सोमवार को कहा कि उन्हें लैंडर से डेटा मिल रहा है और उनका मानना है कि इसमें मौजूद अधिकांश वैज्ञानिक उपकरण काम करने की स्थिति में हैं।

बेल्जियम में भी भड़का किसान आंदोलन, ट्रैक्टर लेकर ईयू मुख्यालय पहुंचे प्रदर्शकारियों की पुलिस से झड़प

ब्रसेल्स, एजेंसी।
बेल्जियम में नौकरशाही और आयात किए गए सस्ते उत्पादों से प्रतिस्पर्धा को लेकर नाराज किसान ताजा शक्ति प्रदर्शन के तहत अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर ब्रसेल्स पहुंच गए जहां स्थित यूरोपीय संघ (श्व) मुख्यालय में इसके सदस्य देशों के कृषि मंत्री बैठक के लिए एकत्र हो रहे थे। किसानों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर सोमवार को ईयू के मुख्यालय को कंक्रीट के बैरियर और कांटेदार तारों से घेर दिया गया। इस दौरान किसानों की पुलिस के साथ झड़प हो गई, उन्होंने अधिकारियों पर तरल खाद का छिड़काव किया और उन पर अंडे फेंके और ताकत का ताजा प्रदर्शन किया ।

ब्रुसेल्स पुलिस ने कहा कि 900 ट्रैक्टर शहर में घुस आए थे, जिनमें से कई यूरोपीय परिषद की इमारत पर घुस रहे थे, जहां मंत्रियों की बैठक हो रही थी। धुआं उस जगह के पास हवा में फैल गया जहां दंगा गियर में पुलिस कंक्रीट बाधाओं और कंटीले तारों के पीछे छिपी हुई थी, प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस और पानी की बौछारें कर रही थी। यूरोपीय परिषद भवन के मुख्य प्रवेश बिंदुओं पर लगाए गए बैरिकेड के पास दंगा नियंत्रक पुलिस गश्त कर रही थी।

मुख्यालय में यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों के कृषि मंत्री एकत्र हो रहे थे। झंडों और बैनरों से सजे सैकड़ों ट्रैक्टर कतार में खड़े थे, जिससे शहर का यातायात बाधित हो रहा था। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ''कृषि। एक बच्चे के रूप में आप इसका सपना देखते हैं, लेकिन एक वयस्क के रूप में आप इसके

कारण मर जाते हैं। किसानों ने यूरोपीय परिषद की इमारत से कुछ सौ मीटर दूर ट्रेलर में लदे टायरों को फेंक दिया। ले किन टायरों के ढेर को आग लगाए जाने से पहले पुलिस ने पानी की बौछार कर दी। महीने की शुरुआत में इसी तरह का एक प्रदर्शन हिंसक हो गया था क्योंकि यूरोपीय संघ के नेताओं के एक शिखर सम्मेलन के पास किसानों ने घास की गठरियां जला दीं और पुलिस पर अंडे और पटाखे फेंके थे। 'हमें नजरअंदाज किया जा रहा है।

उज्बेकिस्तान में भारतीय बिजनेसमैन को 20 साल की सजा

उज्बेकिस्तान , एजेंसी। उज्बेकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इंडियन कफ सिरप पीने से 68 बच्चों की हुई मौत मामले में 21 लोगों को सजा सुनाई है। सभी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। इसमें भारतीय बिजनेसमैन राघवेंद्र प्रताप भी शामिल हैं। उन्हें भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और जालसाजी का दोषी पाया गया है।

दरअसल, उज्बेकिस्तान में 2022 और 2023 के बीच कम से कम 86 बच्चों को जहरीला कफ सिरप पिलाया गया था। इससे 68 बच्चों की मौत हो गई थी। मृतकों के परिजनों की शिकायत पर उज्बेकिस्तान पुलिस ने केस दर्ज कर कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। इसमें उज्बेकिस्तान में डॉक-1 मैक्स सिरप बेचने वाली कंपनी के डायरेक्टर राघवेंद्र प्रताप को भी आरोपी बनाया गया था। उन पर लापरवाही, धोखाधड़ी समेत अन्य संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

जनवरी 2023 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने कहा था कि भारत के मैरियन बायोटेक द्वारा बनाए गए दो खांसी के सिरप बच्चों को नहीं पिलाया जाना चाहिए। सिरप के नाम एम्ब्रोनॉल सिरप और डीओके-1 मैक्स हैं। इन दोनों सिरप को नोएडा स्थित कंपनी मैरियन बायोटेक बनाती है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129